CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम :20°C

नई दिल्ली, सोमवार 11 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 33 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 23 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने योगी मंत्रिपरिषद विस्तार पर कसा तंज पेज 2



आईपीएल के अहम मुकाबले से पहले प्रीति जिंटा ने गोल्डन टेम्पल में माथा टेका खेल टाइम्स



अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया सम्पादकीय



आत्मघाती हमले से दहला पाक, विस्फोटक से भरी गाड़ी चेकपोस्ट से टकराई पेज 12

## संक्षिप्त समाचार



**चेन्नई:CSK के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने लखनऊ सुपर जाइन्ट्स के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी की बराबरी की। उर्विल ने यशस्वी जायसवाल के 13 गेंद में बनाए गए अर्द्धशतक की बराबरी की।**

### मप्र-राजस्थान व गुजरात में गर्मी लौटी 4 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में एक बार फिर गर्मी लौट आई है। राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर, मध्य प्रदेश के रतलाम और गुजरात के कांडला पोर्ट में पारा 44 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया है। बाड़मेर में पारा 45.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। वहीं राजस्थान और गुजरात में रात में भी लू चल रही है। मौसम विभाग ने पंजाब और गंगा से सटे बंगाल में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। असम, मेघालय, केरल और तमिलनाडु में भी भारी बारिश की संभावना है। इधर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा प्रदेशभर में सम्पन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा रविवार को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई गई। रविवार को यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की गई।

### रक्षा साहित्य व रणनीतिक संवाद मंच गुरुवार को

**नई दिल्ली।** देश का प्रमुख रक्षा और रणनीतिक संवाद मंच 'कलाम एवं कवच 3.0' गुरुवार को यहां आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वदेशीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से देश की रक्षा आत्मनिर्भरता को तेज़ी से आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# तमिलनाडु में विजय ने मुख्यमंत्री बनते ही बिजली की फ्री

**चेन्नई, वार्ता**

**तमिलनाडु की** राजनीति में एक नया अध्याय लिखते हुए, नवगठित पार्टी 'तमिलगा वेत्री कषगम' (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता सी. जोसेफ विजय ने रविवार को राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

उन्होंने इस राज्य में कई दशकों से शासन की बागडोर संभालने वाले दलों द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अन्नाद्रमुक को हरा कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए इन दोनों पार्टियों के लगभग 60 साल पुराने एकाधिकार को समाप्त कर दिया। रविवार सुबह करीब दस बजे, जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में आयोजित एक सादे समारोह में, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विजय और उनके पहले मंत्रिमंडल के नौ सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रियों में टीवीके महासचिव एन. आनंद, आधव अर्जुन, केए सेनगोटियां डा. केजी अरुणराज, पी. वेंकटरमणन, आर. निर्मल कुमार, राजमोहन, डा. टीके प्रभु और सुश्री एस. कीर्तना शामिल हैं। इन सभी ने तमिल भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की। जब श्री विजय को शपथ के लिए आमंत्रित किया गया और उन्होंने इन शब्दों के साथ शपथ लेना शुरू किया: मैं, सी. जोसेफ विजय, तो इस दौरान दर्शकों ने तालियों की -शेष पृष्ठ दो पर



**नौ अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल, सभी ने तमिल भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की**

### विजय ने महिलाओं की सुरक्षा संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ देर बाद, तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक सी. जोसेफ विजय ने रविवार को तीन महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। इनमें हर दो महीने में 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष 'सिगापेन' रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स का गठन और राज्य भर में मादक पदार्थ विरोधी इकाइयों की स्थापना की घोषणा की गई है। श्री विजय ने इन तीन आदेशों पर जनता के सामने मंच पर ही हस्ताक्षर किए। स्थानीय जवाहरलाल नेहरू बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम में नौ कैबिनेट मंत्रियों के साथ शपथ लेने के बाद जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पिछली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने सरकार ने सरकारी खजाने को 'खाली' छोड़ दिया है।

### मोदी-राहुल समेत अन्य नेताओं की बधाई पर विजय ने जताया आभार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभकामना संदेश का अत्यंत गर्मजोशी से जवाब देते हुए राज्य और केंद्र के बीच रचनात्मक सहयोग की नई उम्मीद जताई है। श्री विजय ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए अपने संदेश में लिखा है, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, आपकी शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभार। मैं तमिलनाडु के विकास और लोक-कल्याण के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। इसके साथ ही श्री विजय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अभिनेता से नेता बने कमल हासन, अन्य विपक्षी और क्षेत्रीय नेताओं से मिली बधाइयों पर भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

# योगी मंत्रिमंडल में 6 नए मंत्री शामिल, दो को मिला प्रमोशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार कर छह नए मंत्री शामिल किए हैं, जबकि दो मंत्रियों को प्रोन्नत किया है।

भूपेन्द्र चौधरी तथा मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री और कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर तथा हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री के रूप में मंत्री परिषद में शामिल किया गया है। मंत्रिपरिषद में पहले से शामिल दो राज्यमंत्रियों अजीत पाल तथा सोमेन्द्र तोमर को प्रोन्नत कर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इन सभी मंत्रियों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यहां जन भवन में एक सादे समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



**भूपेन्द्र चौधरी व मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री और कृष्णा पासवान , कैलाश राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर व हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाया गया**

**2027 विस चुनाव के दृष्टिगत भाजपा ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश करते हुए विभिन्न वर्गों के नेताओं को मंत्रिमंडल विस्तार में जगह दी**

मंत्रिपरिषद विस्तार को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश करते हुए विभिन्न वर्गों के नेताओं को इस विस्तार में जगह दी है। चौधरी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख जाट नेताओं में शामिल हैं और मुरादाबाद के रहने वाले हैं। वह लंबे समय तक -शेष पृष्ठ दो पर

# दबाव बनाया, तो हमेशा के लिए बंद हो जाएगा होर्मुज: ईरान

**तेहरान/वाशिंगटन।** होर्मुज स्ट्रेट के संबंध में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रस्ताव को बहरीन एवं अन्य देशों का समर्थन मिलने की रिपोर्टों के बीच ईरानी सैन्य अधिकारियों तथा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान पर दबाव जारी रहा तो होर्मुज को स्थायी रूप से बंद किया जा सकता है।

आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल सैयद माजिद मौसवी ने कहा कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन इकाइयों ने अपने लक्ष्यों को पहले ही लॉक कर लिया है और केवल आदेश का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मिसाइलें और एयरोस्पेस ड्रोन दुश्मन पर लॉक हैं और हम फायरिंग आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी ठिकानों और आक्रामक दुश्मन के जहाज ईरानी हथियारों की जद में हैं। आईआरजीसी नौसेना कमांडर सईद सियाह-सरानी ने कहा कि यदि इस्लामी गणराज्य ईरान पर हमला होता है तो होर्मुज स्ट्रेट से किसी भी तेल खेप को गुजरने नहीं दिया जाएगा। ईरानी नौसेना प्रमुख शहराम ईरानी ने कहा कि स्वदेशी हल्की पनडुब्बियां पहले से ही होर्मुज स्ट्रेट में तैनात हैं और ट्रिगर-रेडी स्थिति में हैं। उनके अनुसार ये पनडुब्बियां समुद्र तल पर लंबे समय तक स्थिर रहकर दुश्मन के जहाजों पर नजर रख सकती हैं और आदेश मिलते ही उन्हें निशाना बना सकती हैं। ईरानी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता अबोलफजल शेखार्ची ने भी चेतावनी दी कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने वाले किसी भी देश को निर्णायक जवाब मिलेगा। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक अन्य सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के प्रतिबंध लागू करने वाले देशों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। आईआरजीसी नौसेना कमान ने कहा कि ईरानी तेल टैंकरों या वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और दुश्मन जहाजों पर भारी हमले के रूप में दिया जाएगा।

**संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रस्ताव को बहरीन एवं अन्य देशों का समर्थन मिलने की रिपोर्टों के बीच दी चेतावनी**



होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर फिर हमला हुआ, तो अमेरिकी ठिकानों और सैन्य जहाजों पर भारी हमला किया जाएगा

**-आईआरजीसी**

# केरलम में सीएम पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** 4 मई को 5 राज्यों के चुनावों के रिजल्ट आने के बाद बंगाल और तमिलनाडु में नए सीएम की शपथ हो चुकी है।

पुडुचेरी और असम में सीएम का नाम और शपथ की तारीख तय हो गई है, लेकिन 6 दिन बाद भी केरलम में पूर्ण बहुमत पाने वाले कांग्रेस के गठबंधन ने अपने सीएम के नाम का ऐलान नहीं किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पिछले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन और 6 बार के विधायक रमेश चेन्निथला यहां मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। 6 मई को कांग्रेस ने मुकुल वासनिक और अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर केरलम भेजा था।

**कांग्रेस ने दावेदारों के पोस्टर हटवाए**

# बिजनौर जिला कारागार में कैदी ने दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कारागार में रविवार को सजायाफ्ता कैदी के द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए यहां से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी की कार रोक कर जाम लगा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पृथ्वीपुर निवासी दीपक पुत्र चंद्रपाल को न्यायालय के द्वारा सजा सुनाई गई थी। वह जिला कारागार में अपनी सजा काट रहा था। वह शहर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश था और उसके खिलाफ डकैती व लूट जैसे संगीन मामलों में अभियोग दर्ज है। रविवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली थी कि उसने जिला कारागार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। जजी चौक से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी अजय साहनी की गाड़ी को रोक कर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने जबरदस्त हंगामा किया। सूत्रों का कहना है कि पुलिस इस मामले में कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

**ग्रामीणों ने बरेली के DIG की गाड़ी रोकी**

# मोदी ने कांग्रेस को परजीवी करार दिया

**बेंगलुरु, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए यहां एक जनसभा में स्थिरता बनाम अस्थिरता पर व्यापक चर्चा की और कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु का सीधा उदाहरण देते हुए कांग्रेस की शासन संबंधी विफलताओं एवं आंतरिक विरोधाभासों को उजागर किया।

श्री मोदी ने एचएएल हवाई अड्डे पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के मतदाता आज समाधान चाहते हैं, खेल नहीं। उन्होंने तर्क दिया कि कई राज्यों में हाल के चुनाव परिणाम भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के अंतर्गत राजनीतिक स्थिरता एवं निर्णायक शासन के लिए जनता की स्पष्ट प्राथमिकता को दर्शाते हैं। पीएम मोदी ने कर्नाटक पर ध्यान केंद्रित करते हुए कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार लगातार आंतरिक सत्ता संघर्षों एवं नेतृत्व अनिश्चितता से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि वे यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि मुख्यमंत्री कब तक पद पर रहेंगे, सब कुछ अधर में लटका हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में शासन व्यवस्था सत्ताधारी पार्टी में गुटबाजी एवं राजनीतिक सौदेबाजी के आगे लाचार हो गई है। कर्नाटक से आगे बढ़कर अपने हमले का दायरा बढ़ाते हुए श्री मोदी ने कांग्रेस की आलोचना में केरल और तमिलनाडु को भी शामिल किया और तर्क दिया कि दक्षिणी राज्यों में पार्टी का प्रभाव सुसंगत शासन की तुलना में राजनीतिक अवसरवादिता से ज्यादा चिह्नित होता रहा है। तमिलनाडु का उल्लेख करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर सत्ता समीकरण बदलने के लिए अपने पुराने सहयोगियों को बार-बार धोखा देने का आरोप लगाया। अपने भाषण के सबसे तीखे शब्दों का चयन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ऐसा कोई करीबी नहीं है, जिसे कांग्रेस ने धोखा न दिया हो। उन्होंने कांग्रेस-द्रमुक के संबंधों का भी उल्लेख किया और आरोप लगाया कि दशकों तक राजनीति गठबंधन रहने के बावजूद, कांग्रेस का अपने सहयोगियों के खिलाफ राजनीतिक रूप से सुविधाजनक समय पर छोड़ने का इतिहास रहा है। सत्ता में बदलाव आते ही सत्ता की भूखी कांग्रेस ने अपने सहयोगी को धोखा दिया।




**प्रधानमंत्री ने कर्नाटक, केरलम एवं तमिलनाडु का सीधा उदाहरण देते हुए कसा तंज**

# असम में हिमंता ने सरकार बनाने का दावा किया पेश

**गुवाहाटी, वार्ता**

**असम विधानसभा** चुनावों में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा के नेता हिमंता बिस्व सरमा ने रविवार दोपहर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के समक्ष राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

श्री सरमा ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि असम की जनता के आशीर्वाद और विश्वास के साथ, आज मैंने राजभवन में माननीय राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी को सरकार गठन का प्रस्ताव सौंपा। आम जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विकास, सुशासन और एक समृद्ध असम की ओर हमारी यात्रा को और अधिक गतिशील बनाने के लिए, हम एक बार फिर से प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले पर्यवेक्षक के तौर पर यहां भेजे गए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में श्री सरमा को विधायक दल का नेता चुना गया। हाल ही में संपन्न हुए 126 सदस्यीय विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत राजग ने प्रचंड जीत हासिल की है। भाजपा ने अकेले 82 सीटें जीती हैं, जबकि उनके गठबंधन सहयोगियों असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने 10-10 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस दो तिहाई बहुमत के साथ राजग ने राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। असम में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की यह लगातार तीसरी सरकार होगी। राजग ने यहां 2016 और 2021 के बाद अब 2026 में जीत की हैट्रिक लगाई है।



**राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सरकार गठन का प्रस्ताव सौंपा**

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु: विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री एस जोसेफ विजय ने औपचारिक रूप से पेराम्बूर विधानसभा क्षेत्र को बरकरार रखने का निर्णय लेते हुए तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से इस्तीफा दे दिया है। इसकी आधिकारिक सूचना सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने दी है। तमिलनाडु मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने से पहले श्री विजय ने टीवीके नेता और बतौर मंत्री आज शपथ लेने वाले में शामिल के ए सेंगोट्टइयन और पी वेंकटरामन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनके साथ जाकर तिरुचिरापल्ली पूर्व चुनाव क्षेत्र के विधानसभा सदस्य के पद से अपना इस्तीफा पत्र सौंपा।

### टीवीके सरकार बनने पर खड़गे ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तमिलनाडु में थलापति विजय के मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण करने पर उन्हें, तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) और पूरे प्रगतिशील गठबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। खड़गे ने रविवार को अपने संदेश में कहा कि इस सरकार का गठन आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और तर्कशील विचारधारा की स्थाई ताकत को फिर से स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि ये वही मूल्य हैं जिन्होंने लंबे समय से तमिलनाडु की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को परिभाषित किया है। यह विरासत पेरियार और के कामराज जैसे महान नेताओं द्वारा गढ़ी गई थी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लाखों लोगों, विशेष रूप से आकांक्षी युवाओं ने टीवीके पर अपना भरोसा जताया है। श्री खड़गे ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री विजय के नेतृत्व में ए आदर्श शासन का मार्गदर्शन करते रहेंगे और पूरे देश को प्रेरित करेंगे।

## अनुभवों का उपयोग समाज कल्याण के लिए करें

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जनभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों के चिंतन शिविर में बोलीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में जनपद रायबरेली स्थित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए चिंतन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी कार्य दक्षता, कार्य प्रणाली, कार्यों में आने वाली समस्याओं, आपसी समन्वय तथा टीमवर्क से संबंधित विषयों पर खुलकर विचार-विमर्श किया। राज्यपाल ने विभिन्न सत्रों में आयोजित इस चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए ने कहा कि हमें अपने अनुभवों का उपयोग समाज कल्याण के लिए करना चाहिए। उन्होंने गुजरात में आयोजित चिंतन शिविरों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन व्यवहारिक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव कार्य संस्कृति एवं कार्य निष्पादन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने अन्न की बर्बादी रोकने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी को उतना ही भोजन ग्रहण करना चाहिए जितनी आवश्यकता हो तथा बच्चों को भी इस संबंध में संस्कारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में समानता एवं समरसता की भावना को मजबूत करने के लिए सभी को समान दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई क्षमता एवं कौशल अवश्य होता है। छोटी-छोटी बातों एवं त्रुटियों पर भी ध्यान देना चाहिए तथा यदि कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार कर भविष्य में दोबारा न होने देने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि यह चिंतन शि. विर सहयोग, समन्वय एवं आपसी विश्वास की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य दक्षता बढ़ाने, टीमवर्क एवं बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आपसी संवाद को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों पर विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डा. सुधीर महादेव बोबडे ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल द्वारा आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री परिसर स्थित व्हील शॉप में स्थापित नई व्हील मशीनों का लोकार्पण किया गया । शिविर के पश्चात अधिकारियों ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना का भ्रमण भी किया तथा वहां संचालित विभिन्न तकनीकी एवं उत्पादन इकाइयों का अवलोकन किया। प्रतिभागियों ने कारखाने की आधुनिक कार्यप्रणाली, मशीनों एवं उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## सीएम का मतलब अब कूरियर मैसेंजर रह गया: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ योगी मंत्रिपरिषद विस्तार पर सपा का तंज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हुए मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला है।

श्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मंत्रिपरिषद विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं रह गई है और फैसले 'ऊपर से आने वाली पर्चियों' के आधार पर हो रहे हैं। सपा प्रमुख ने व्यंग्य करते हुए लिखा, 'समय बिताने के लिए करना है कुछ काम! वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं। उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ पढ़ी जाएगी। भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है : कूरियर मैसेंजर। उन्होंने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता पूछ रही है कि फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है ''कर्मफल-कंसफल'' का सिद्धांत समझ में आए और कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिले। दरअसल योगी आदित्यनाथ रविवार को पूरी मंत्रिमंडल के साथ शाम को लोकभवन में कृष्णावतरम फिल्म देखेंगे। यादव ने नैतिकता और आत्ममंथन का संदेश भी दिया। उन्होंने लिखा कि मूल रूप से व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका लालच और लोभ बुरा होता है, जो धीरे-धीरे दुराचरण का रूप ले लेता है। इसके विपरीत जब व्यक्ति स्वार्थ छोड़कर परमार्थ के मार्ग पर चलता है, तो सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। महाकाव्यों का संदेश भी यही है कि अच्छाई अंततः बुराइयों पर विजय प्राप्त करती है। अपनी गलतियों और दुर्भावनाओं के लिए प्रायश्चित का कोई निश्चित स्थान नहीं होता, बल्कि इसके लिए भीतर के प्रकाश की आवश्यकता होती है।

## 5वीं के 70 प्रतिशत बच्चों को नहीं आता 'भाग'

नई दिल्ली, वार्ता

■ नीति आयोग की रिपोर्ट, तीसरी के 73 फीसदी किताब नहीं पढ़ते

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली गुणवत्ता सुधार के लिए समयबद्ध विश्लेषण और नीतिगत रोडमैप शिक्षा विभाग मई 2026 के अनुसार भारतीय स्कूली बच्चों के गणित, पढ़ने की समझ और तर्क कौशल में चिंताजनक गिरावट देखी जा रही है।

सभी बच्चों के नामांकन के अभियानों के बावजूद सीखने के नतीजे कमजोर बने हुए हैं। कक्षा 3 के केवल 27.1 प्रतिशत छात्र ही कक्षा 2 के स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं और कक्षा 5 के केवल 30.7 प्रतिशत छात्र ही भाग का एक बुनियादी सवाल हल कर सकते हैं। यह रिपोर्ट शिक्षा के क्षेत्र की एक विस्तृत तस्वीर पेश करती है, जिसे यूडाइस 2014-15 से यूडाइस 2024-25, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024, राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2017, 2021 और असर 2024 के आंकड़ों के आधार पर तैयार किया गया है। भारत के 14.71 लाख स्कूल 24.69 करोड़ से अधिक छात्रों को शिक्षा दे रहे हैं। हालांकि प्राथमिक स्तर पर लगभग सभी बच्चों की पहुंच स्कूल तक हो गई है, लेकिन उच्च माध्यमिक स्तर पर नामांकन का राष्ट्रीय सकल नामांकन अनुपात केवल 58.4 प्रतिशत है। अलग-अलग राज्यों में इसमें काफी अंतर है। एकीकृत स्कूल परिसरों के माध्यम से हर स्तर पर, विशेष रूप से उच्च प्राथमिक के बाद छात्रों के आगे बढ़ने की दर को मजबूत करने से स्कूली शिक्षा में बेहतर जुड़ाव सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है।

### उत्तर-पश्चिमी राज्यों में पांच दिनों तक तेज हवाएं चलने के आसार

## दिल्ली-एनसीआर में 11 से 13 तक आंधी व बारिश

नई दिल्ली, वार्ता



■ दक्षिण भारत में अगले सात दिन तक भारी बारिश होने की संभावना, किसानों को जारी किया परामर्श

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत के कई राज्यों में अगले पांच दिनों के दौरान गरज-चमक के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की संभावना जताई है।

जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में 11 और 12 मई को मौसम अधिक खराब रह सकता है, जबकि हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में 12 और 13 मई को ओलावृष्टि होने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में अगले 48 घंटों के भीतर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के आसार हैं। इसके प्रभाव से दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अगले सात दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है। लक्षद्वीप में भी रविवार को भारी बारिश का अनुमान है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में 11 से 13 मई के बीच शाम या रात के समय हल्की बारिश और धूल भरी आंधी चलने से तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि और तेज हवाओं को देखते हुए कृषि क्षेत्र के लिए पहाड़ी राज्यों के फल उत्पादकों को सुझाव दिया गया है कि वे अपने बागानों को ओलों से बचाने के लिए 'हेलनेट' का प्रयोग करें। तेज हवाओं के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने और कटी हुई फसलों को ढककर रखने की सलाह दी है। मछुआरों को 15 मई तक बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के हिस्सों में न जाने की हिदायत दी गई है।

### यूपी में इस सप्ताह होगी तेज गर्मी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते एक सप्ताह से मौसम काफी सुहाना था, लेकिन अब एक बार फिर गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मिली तात्कालिक राहत अब खत्म होने लगी है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक इस सप्ताह के आखिर तक एक बार फिर तल्ख गर्मी शुरू हो सकती है। इस संबंध में भारतीय मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र ने ताजा बुलेटिन जारी करते हुए आगाह किया है। इसी बीच मौसम विभाग ने पूर्वांचल के कई जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। आशंका जताई है कि कुछ जिलों में बिजली गिरने की भी घटनाएं हो सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक यूपी के पूर्वांचल में बलिया-बनारस से लेकर प्रयागराज-कानपुर तक अगले दो तीन दिन तक हल्की बारिश या आंधी चलने के आसार हैं। इस समय यूपी में कोई मौसम तंत्र एक्टिव नहीं है। इसके चलते पश्चिमी यूपी के ज्यादातर हिस्से में आसमान साफ रहेगा। सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ेंगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77328.19
निफ्टी 24176.15

सोना 152720 प्रति 10 ग्राम
चांदी 261000 प्रति किलो

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

## इस सप्ताह महंगाई के आंकड़ों का असर शेयर बाजार पर भी दिखेगा

मुंबई, वार्ता

■ आलोच्य सप्ताह में सेसेंक्स की 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान पर रहे

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में महंगाई के आंकड़े निवेशकों की धारणा को दिशा देंगे। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में यदि कोई विशेष प्रगति होती है तो उसका असर सीधे तौर पर बाजार पर पड़ेगा।

इसके अलावा, अगले सप्ताह खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़े भी जारी होने हैं। इनका असर भी बाजार पर दिखेगा। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 414.69 अंक (0.54 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी के साथ 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में सोमवार और बुधवार को तेजी रही जबकि अन्य तीन दिन गिरावट के रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 178.60 अंक (यानी 0.74 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी के साथ 24,176.15 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों के लिए यह सप्ताह अच्छी लिवाली वाला रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 4.42 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 4.05 प्रतिशत उछल गया। आलोच्य सप्ताह में सेंसेक्स की 30 से 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 7.51 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। एशियन पेंट्स का शेयर 6.37 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 6.35, इंडिगो का 5.27, बजाज फिनसर्व का 3.97, इटरनल का 3.87, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.15 और मारुति सुजुकी का 3.10 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन में 2.91 फीसदी, सन फार्मा में 2.16, बजाज फाइनेंस में 1.97, बीईएल में 1.92, हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.66, टाटा स्टील में 1.49 और एचडीएफसी बैंक में 1.30 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए। अपेक्षा से कमजोर तिमाही परिणामों के कारण भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 4.54 प्रतिशत टूट गया।

### ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर कांग्रेस की चिंता मंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना को लेकर उन्ह केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि परियोजना के लिए किए गए पर्यावरण प्रभाव आकलन अध्ययन अधूरे हैं जो जल्दबाजी में किए गए हैं और वैज्ञानिक मानकों के खिलाफ हैं। रमेश ने रविवार को कहा कि सरकार ने एक मई 2026 को जारी सवालों के जवाब में दावा किया था कि परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों का व्यापक अध्ययन किया गया है, लेकिन उपलब्ध दस्तावेज इससे मेल नहीं खाते।

नियमों के अनुसार अंडमान-निक. ोबार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बंदरगाह परियोजनाओं के लिए कम से कम दो से तीन मौसमों का विस्तृत अध्ययन जरूरी है, जबकि यहां केवल कुछ दिनों और एक मौसम के आधार पर सर्वे किए गए है।

## चावल में साप्ताहिक नरमी, गेहूं और चीनी महंगी, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव टूट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी का रुख रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 76 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,761 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,785 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 17 रुपये बढ़कर 3,290 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 53 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। मूंग दाल में 26 रुपये और चना दाल में 18 रुपये की साप्ताहिक गिरावट रही। वहीं, उड़द दाल तीन रुपये और मसूर दाल दो रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। बीते सप्ताह पाम ऑयल की औसत कीमत 79 रुपये और सरसों तेल की 61 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 55 रुपये और मूंगफली तेल 15 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल चार रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी की कीमत 26 रुपये बढ़ गई।

**दाल-दलहन:** दाल चना 7643.91 रुपये, मसूर काली 8081.76 रुपये, मूंग दाल 10161.75 रुपये, उड़द दाल 10849.80 रुपये, तुअर दाल 11193.35 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2784.54 रुपये और चावल 3760.80 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3290.45 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4335.64 रुपये और गुड़ 5038.48 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17911.69 रुपये, मूंगफली तेल 18968.57 रुपये, सूरजमुखी तेल 17536.84 रुपये, सोया तेल 14966.98 रुपये, पाम ऑयल 13577.73 रुपये और वनस्पति 14968.37 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु में...**

गड़गड़ाहट के साथ उनका ज़ोरदार स्वागत किया। चौंकाने वाली बात यह थी कि श्री विजय ने परंपरागत तमिल पोशाक के बजाए काले रंग की पैंट, सफेद पूरी आस्तीन वाली शर्ट और काले रंग का कोट पहना। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पहुंचे। विजय सरकार के गठन में कांग्रेस की बेहद अहम भूमिका है। वह मंच पर श्री विजय के ठीक बगल में बैठे हुए दिखाई दिए। श्री विजय ने चुनावी राजनीति में अपनी पहली ही परीक्षा में अपनी पार्टी बनाने के दो साल के अंदर ही, शानदार आगाज किया। उन्होंने 108 सीटें जीतीं, जिसमें खुद यह अभिनेता-राजनेता दो सीटों से विजयी रहे। श्री विजय दो सीटों से जीते हैं इसलिए उनके पास गणितीय रूप से 107 विधायक ही हैं इसलिए उन्हें आवश्यक 118 विधायकों के समर्थन के लिए 11 सदस्यों की कमी पड़ रही थी। ऐसे में कांग्रेस ने अहम भूमिका निभाई और श्री विजय के लिए बहुमत तैयार करने में मदद की। कांग्रेस के वाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), स्थानीय दल वीसीके ने समर्थन देने की पेशकश की। इससे राज्य में विजय के नेतृत्व में सरकार बनाने का रास्ता खुल गया।

**योगी मंत्रिमंडल में...**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा संगठन में सक्रिय रहे हैं। वह वर्ष 2016 में पहली बार विधान परिषद सदस्य बने तथा 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद उन्हें पंचायती राज राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया और 2019 में कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज की जिम्मेदारी मिली। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया था। मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 2012-17 में समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। वह 2022 में सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे और विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक भी रहे। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। कैलाश सिंह राजपूत कन्नौज की तिर्वा विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 1996 में पहली बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीते थे। बाद में 2007 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते और 2017 में वह फिर भाजपा में लौटे और लगातार दो बार विधानसभा पहुंचे। हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद के सदस्य हैं और पिछड़ा वर्ग की राजनीति में मजबूत पकड़ रखते है। उन्होंने 1989 में बूथ स्तर से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था और राम मंदिर आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी। वाराणसी में 2019 लोकसभा और 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। सुरेंद्र दिलेर अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा सीट से विधायक हैं और भाजपा के प्रमुख दलित युवा नेताओं में गिने जाते हैं।

वह पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पुत्र हैं। सु. कृष्णा पासवान फतेहपुर जिले की खागा विधानसभा सीट से विधायक है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की थी। वह चार बार विधायक और दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं तथा भाजपा का प्रमुख दलित महिला चेहरा मानी जाती हैं। सोमेंद्र तोमर मेरठ दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं और मंत्रिपरिषद में अब तक ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत राज्य मंत्री के रुप में कार्यरत रहे हैं। उन्हें राज्य मंत्री से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इसी तरह कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा सीट से विधायक अजीतपाल सिंह अब तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री के रुप में काम करते रहे है। उन्हें भी राज्य मंत्री से प्रोन्नत कर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा ने पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दलित, ओबीसी और ब्राह्मण समीकरणों को साधने की कोशिश की है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्य में अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। अब तक योगी सरकार में 54 मंत्री थे ऐसे में खाली पड़ी छह सीटों पर नए मंत्री बनाए गए हैं।

## अनधिकृत कालोनियों में खुला छल

नई दिल्ली, वार्ता

■ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने सरकार पर लगाया इन कालोनियों में रहने वाले लोगों की अनदेखी करने का आरोप

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डा. नरेश कुमार ने कहा है कि दिल्ली सरकार अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित के नाम पर जनता को गुमराह करने और उनसे पैसा वसूलने की साजिश चला रही है।

अनऑथराइज्ड कॉलोनी रेजिडेंट्स वेलफेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. कुमार ने रविवार को मुंडका विधानसभा क्षेत्र की अनधिकृत कॉलोनी शेर सिंह एन्क्लेव में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ नुक्कड़ सभा कर दिल्ली सरकार की कथित कॉलोनी नियमितीकरण नीति पर तीखा हमला बोला। डा. कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि हाल ही में दिल्ली सरकार ने 1511 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का नोटिफिकेशन जारी किया है, जबकि पहले 1731 कॉलोनियां चिन्हित थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर 220 कॉलोनियों को इस योजना से बाहर क्यों कर दिया गया? सरकार बताए कि इन कॉलोनियों के लाखों लोगों का क्या दोष है? उन्होंने आरोप लगाया कि गांवों से सटी विस्तृत लालडोरा और बसाहट क्षेत्रों को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। यह गांवों और वहां रहने वाले लोगों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया है। डा. कुमार ने कहा कि सरकार की पूरी योजना दोषपूर्ण और जनता विरोधी है। पीएम उदय योजना के तहत लोगों को पोर्टल पर आवेदन करने, भारी शुल्क जमा करने और अपने-अपने प्लॉट नियमित कराने की प्रक्रिया में उलझाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा कॉलोनियों को सामूहिक रूप से नियमित करने की पक्षधर रही है, न कि हर प्लॉट मालिक से अलग-अलग वसूली करने की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1977 में स्वर्गीय श्रीमती इंदि. रा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने बिना किसी शुल्क के अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की ऐतिहा. सिक योजना शुरू की थी, जो 1993 तक चली। इस दौरान अनेक कॉलोनियों को नियमित किया गया था। आज भी उसी मॉडल को लागू करते हुए बिना किसी आर्थिक बोझ के कॉलोनियों को नियमित किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों ने अपनी पूरी जिदगी की जमा पूंजी लगाकर इन कॉलोनियों में छोटे-छोटे प्लॉट खरीदे हैं। अब उन पर डेवलपमेंट चार्ज और अन्य शुल्कों का बोझ डालना सरासर अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की नीयत कॉलोनियों को नियमित करने की नहीं, बल्कि जनता की जेब से पैसा निकालने की है। उन्होंने घोषणा की कि अगले दो महीनों तक वह दिल्ली की सभी 1511 अनधिकृत कॉलोनियों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और बताएंगे कि सरकार किस तरह उनके साथ धोखा कर रही है। इसके बाद सभी कॉलोनीवासियों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के साथ मिलकर दिल्ली की मुख्यमंत्री के निवास का घेराव किया जाएगा ।

# देश में गुर्जर समाज का भविष्य तलवार नहीं, कलम तय करेगी

■ क्रांति दिवस पर संयुक्त गुर्जर परिसंघ भोपाल सिंह गुर्जर ने आयोजित किया बड़ा कार्यक्रम

■ मेरठ सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों से हजारों की संख्या में गुर्जर समाज के लोग शामिल हुए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मेरठ।** क्रांति नायक धन सिंह कोतवाल गुर्जर को नमन करते हुए मेरठ में संयुक्त गुर्जर परिसंघ द्वारा ष्गुर्जर जन जागृति महासम्मेलनष का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। गुर्जर क्रांति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर आयोजित यह महासम्मेलन सामा. जिक चेतना और राजनीतिक एकजुटता की मिसाल बन गया।

कार्यक्रम में मेरठ सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों से हजारों की संख्या में गुर्जर समाज के लोग शामिल हुए। सुबह से ही अलकनंदा रोड स्थित स्थल पर समाज के युवाओं, महिलाओं, किसानों, पूर्व सैनिकों और बुद्धिजीवियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शहीद सम्मान, गुर्जर रेजिमेंट की मांग और समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करना था। इस महासम्मेलन की सबसे बड़ी खासियत रही कि यहां अलग-अलग राजनीतिक दलों से जुड़े गुर्जर नेता एक मंच पर नजर आए। सांसद चन्दन चौहान, पूर्व मंत्री बिट्टू सिंह, विधायक नंद किशोर, विधायक अतुल प्रधान, पूर्व डस्ब प्रशान्त चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हुड्डा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने मंच साझा कर ष्गुर्जर एकताष का मजबूत संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक समाज राजनी. तिक रूप से एकजुट नहीं होगा, तब तक अधिकार मिलना मुश्किल है। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता अब वक्त का तकाजा बन चुकी है।



■ मेरठ में गुर्जर जनजागृति महासम्मेलन में उमड़ी समाज के सक्रिय हजारों लोगों की भीड़ ने दिया एकता का संदेश

# तीन बच्चों सहित महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, पति ने लगाई पुलिस से मदद की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के ग्राम महरमती गणेशपुर से एक महिला अपने तीन बच्चों समेत संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर परेशान पति ने थाना सरधना पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए पत्नी और बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम महरमती गणेशपुर निवासी मुबारीक पुत्र इस्लाम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी 9 मई 2026 को करीब दोपहर एक बजे घर से निकली थी। घर से निकलते समय उसने बताया था कि वह अपनी बहन के यहां जा रही है। महिला के साथ उसके तीन बच्चे भी थे, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब पत्नी अपने बच्चों के साथ वापस नहीं लौटी तो परि. जनों को चिंता हुई। पीड़ित पति के अनुसार उसने पहले रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर पत्नी और बच्चों की तलाश की। कई जगह जानकारी करने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। लगातार खोजबीन में लगे रहने के कारण वह समय पर थाने नहीं पहुंच पाया। अब परेशान होकर उसने थाना सरधना में तहरीर देकर पत्नी और बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कर उन्हें सकुशल तलाशने की मांग की है। तहरीर में महिला का हुलिया भी पुलिस को बताया गया है। पति ने पुलिस से जल्द से जल्द पत्नी और बच्चों का पता लगाने की गुहार लगाई है। मामले को लेकर थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों से संपर्क कर जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस महिला और बच्चों की तलाश में जुटी हुई है।

## एक नजर

### जानी खुर्द में अंबेडकर भवन में मिशन शक्ति केंद्र को दिया बढ़ावा

**जानी खुर्द।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति केंद्र गांव गांव और हर गली-गली पहुंचकर मिशन शक्ति श्वेता यादव और उनकी टीम लगातार मेहनत कर रही है वही आज जानी खुर्द के में उत्तर प्रदेश की एसटी आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला महिला शक्ति करण के प्रोग्राम में मुख्य रूप से उपस्थित रही जहां उन्होंने महिलाओं को कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले के मुकाबले महिलाओं की उत्पीड़न के मामले कम हुए हैं और महिलाओं को किसी भी समय घबराने की जरूरत नहीं है किसी भी हिंसा में स्थिति में वह चुप ना रहे और तुरंत पुलिस व प्रशासन को सूचित करें और महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी और उधर उन्होंने कहा कि महिला साइबर अपराध सामाजिक भेदभाव अन्य जैसी सहायता का भी आश्वासन दिया सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति केंद्र से महिलाओं पर होने वाले अत्याचार कम हुए हैं कहीं इसके बाद मिशन शक्ति टीम की प्रभारी श्वेता यादव ने भी महिलाओं को 112 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से बताया और उनको पंपलेट भी दिए इस मौके पर भाजपा नेता सत्येंद्र भराला ग्राम भाजपा नेता मनोज चौधरी प्रधान वेदपाल समाजसेवी सोहन जानी उप निरीक्षक शिवकुमार शर्मा और गांव के जिम्मेदार लौग मौजूद रहे

### पशुधन विकास के सीईओ आज करेंगे जिले की गौशालाओं का निरीक्षण

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गौशालाओं के निरीक्षण हेतु जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी एवं पशुधन विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिंह 12 मई 2026 को जनपद की गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील दत्त ने बताया कि नोडल अधिकारी द्वारा जनपद में गौशालाओं के लिए भूसा संग्रहण की स्थिति, हरे चारे, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के साथ-साथ गौशालाओं में साफ सफाई, गोचर भूमि पर नेपियर एवं चारा उगाए जाने की स्थिति, भूसा टेंडर, हरा चारा उत्पादक किसानों से हरे चारे के लिए अनुबंध की स्थिति, गौ आश्रय पोर्टल पर इन्वेंटरी के साथ ही गौशालाओं में संरक्षित गोवंश को गर्मी से बचाव के लिए किए गए उपाय सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत निरीक्षण किया जाएगा।

### भगतपुर पुलिस की कार्रवाई, जमीनी और घरेलू विवाद में चार गिरफ्तार

**भगतपुर।** रविवार को थाना पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग दो मामलों में जमीनी और घरेलू विवाद को लेकर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। ग्राम पसियापुरा निवासी योगेन्द्र सिंह और बाबू राम को जमीनी विवाद में शांति भंग की आशंका पर हिरासत में लिया गया।

बही ग्राम चाँदपुर निवासी नन्हे और फईयाज को घरेलू विवाद के चलते गिरफ्तार किया गया। भगतपुर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत मुकदमा दर्ज कर मा0 न्यायालय सदर मुरादाबाद में पेश किया है।

### श्रीबारहसैनी रामलीला ट्रस्ट की बैठक में निर्वाचन अधिकारियों का हुआ सम्मान

**चन्दौसी।** श्रीबारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट चन्दौसी की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री बारहसैनी सेवा सदन रामबाग धाम में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ ईश वंदना के साथ हुआ। बैठक में 19 अप्रैल 2026 को सम्पन्न हुए ट्रस्ट चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सफल ढंग से सम्पन्न कराने पर निर्वाचन अधिकारी मोरमुकुट वार्ष्णेय, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार वार्ष्णेय एवं सुरेश चन्द्र वार्ष्णेय सहित मतदान और मतगणना में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधान मौसम गुप्ता के नेतृत्व में ट्रस्ट के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग ट्रस्टियों को स्मृति चिन्ह एवं रामचरित मानस भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। बैठक में आगामी 01 जून से सामान्य प्रक्रिया के तहत नए सदस्य बनाए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही रामबाग बाल विद्यालय को इंटर कक्षाओं तक उच्चीकृत करने के लिए शीघ्र योजना बनाकर कार्य प्रारंभ करने पर भी सहमति बनी। सभा की अध्यक्षता प्रधान मौसम गुप्ता ने की, जबकि संचालन मंत्री अमित केएस ने किया। बैठक में दीपक गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय, राकेशचन्द्र आर्य, अंकित वार्ष्णेय, प्रतीक वार्ष्णेय, गणेश चौधरी, मयंक वार्ष्णेय, मनोज कुमार श्याम, मनोज कुमार शोभाराम, कौशल किशोर वन्देमातरम, रितिक वार्ष्णेय, प्रमोद कुमार गांधी, मोहित वार्ष्णेय, किंग वार्ष्णेय, रजनीश कुमार वार्ष्णेय, दीपांशु वार्ष्णेय, यश गुप्ता किराना, हिमांशुल वार्ष्णेय, अजय वार्ष्णेय, स्पर्श वार्ष्णेय काका, अभय कुमार वार्ष्णेय, करन वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### बिलारी में ट्रक से टकराई बाइक, मां-बेटी घायल, मुरादाबाद रेफर

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के आरी खेड़ा पेट्रोल पंप के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा उस समय हुआ जब आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए और पीछे से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक से जा भिड़ी। जानकारी के अनुसार ग्राम बहादुरपुर, थाना पाकबड़ा निवासी खेमबाती अपनी बेटी निधि के साथ बाइक पर सवार होकर जा रही थीं। निधि बाइक चला रही थी जबकि उनकी मां खेमबाती पीछे बैठी थीं। जैसे ही वे आरी खेड़ा पेट्रोल पंप के पास पहुंचीं, सामने चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए।

# समाजसेवी शादाब सैफी के पिता का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के समा. जसेवी एवं भारतीय किसान यूनियन द्धसंघर्ष मोर्चाऋ युवा सभा के जिला अध्यक्ष शादाब सैफी के पिता शमशाद सैफी (60 वर्ष) का रविवार सुबह लगभग 9 बजे हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया।

उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों एवं पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचने लगे और परिवार को सांत्वना देने वालों का देर शाम तक तांता लगा रहा।सूत्रों के अनुसार रविवार शाम 8 बजे नमाज-ए-जनाज़ा अदा किए जाने के बाद उन्हें नगर के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। नमाज-ए-जनाज़ा में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग शामिल हुए और सभी ने नम



आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।स्वर्गीय शमशाद सैफी अपने पीछे पांच पुत्र एवं दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

नगरवासियों के अनुसार वह बेहद हंसमुख, मिलनसार एवं नेकदिल इंसान थे। वह हमेशा लोगों के सुख-दुख में सबसे आगे रहते थे और जरूरतमंदों की मदद के लिए हर समय तत्पर रहते थे। उनकी सादगी, व्यवहार कुशलता और समाज सेवा के कारण नगर में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था।

# मदरसा मदीनातुल उलूम में हुई दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सरधना।** मोहल्ला किला खेवान स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया मदीनातुल उलूम में शनिवार को बड़े ही अदब और एहतराम के साथ सालाना जलसे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के उलेमा, समाजसेवी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। जलसे का आगाज तिलावत -ए-कुरआन से हुआ, जिसके बाद नात और तकरीरों का सिल. सिला शुरू हुआ। जलसे को संबो. धित करते हुए मुख्य अतिथि शाह अतीक अहमद और मौलाना शफीउल हसन ने कहा कि आज के दौर में बच्चों को दीन के साथ-साथ दुनियावी तालीम देना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। उलेमाओं ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को



अच्छे संस्कार और शिक्षा देकर समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाएं। कार्यक्रम में उस समय खास रौनक देखने को मिली जब दो बच्चों के हाफिज-ए-कुरआन मुकम्मल होने पर उनकी दस्तारबंदी की गई। वहीं 20 बच्चों ने नाजरा मुकम्मल किया, जिनकी उलेमाओं और मौजूद लोगों ने जमकर हौसला अफजाई की। बच्चों के लिए दुआ करते हुए उलेमाओं ने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर समाज और मुल्क का नाम रोशन करेंगे। जलसे में मौलाना सरताज, मुफ्ती उस्मान खिवाई, कारी शाहिद, मुफ्ती जाहिद और कारी मोहसिन समेत कई उलेमाओं ने कुरआन और हदीस की रोशनी में तकरीर करते हुए इंसानियत, इल्म और अमन का पैगाम दिया। कार्यक्रम का संचालन कारी मोहम्मद यासीन ने किया। इस दौरान अब्दुल गनी, मोहम्मद जामिन, हाजी शरीफ, हाजी नईम, हाफिज शराफत, हाफिज सजाउदीन, सुहैल कुरैशी, मौलाना महताब और मौलाना शोएब समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मदरसा प्रबंधन की ओर से समाजसेवी सुहैल कुरैशी को समाज और तालीमी खिदमात के लिए सम्मानित भी किया गया।

# नवागत थाना अध्यक्ष ने कहा-भ्रष्टाचार व अपराध बर्दाश्त नहीं, प्रधानों संग की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना परिसर में नवागत थाना अध्यक्ष हम्वीर सिंह जादौन ने ग्राम प्रधानों, जनप्रति. निधियों और सामाजिक संगठनों के



साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में भारतीय किसान यूनियन सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कानून व्यवस्था पर दिया जोरबैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करना और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाना रहा। थाना अध्यक्ष हम्वीर सिंह जादौन ने साफ कहा कि कुंदरकी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ष्सूचना दें, कार्रवाई होगीष्उन्होंने चेतावनी दी कि अपराधियों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। सभी ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने को भी कहा।कौन-कौन रहे मौजूदबैठक में उप-निरीक्षक रमेश गिरी, दामोदर सिंह, विजेंद्र कुमार, किशनलाल सिंह, दुली चंद, शांति स्वरूप शर्मा, अनुज मलिक, अंकुल मलिक सहित समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा। चार्ज संभालते ही थाना अध्यक्ष हम्वीर सिंह जादौन का सख्त और एक्शन भरा अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है।

# खाटू श्याम जी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधारी तालाब परिसर स्थित सिद्ध पीठ खाटू श्याम जी के मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर दिल्ली से आये प्रसिद्ध सुंदर काण्ड के गायक पंडित जसराज जी ने बहुत सुंदर संगीत मय प्रस्तुति की ।

सुंदर काण्ड का शुभारंभ नीटू जिंदल, वरिष्ठ पत्रकार मुनेंद्र त्यागी, दिनेश गर्ग, अन्नू गर्ग आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सुंदर काण्ड के बीच-बीच में रसराज जी महाराज ने भगवान श्री राम व हनुमान जी के भजनों से पंडाल पूरी तरह राम मय हो गया। इससे पूर्व श्याम बाबा के सामने पंडित सूरज नोटियाल ने विधि विधान से पूजा संपन्न कराई। जिसमें अंकित , केपी प्रमुख, ऋषभ,अविन ,



अमित पत्नी सहित यज्ञमान रहे। वहीं रात में विशाल जागरण होगा जिसमें प्रसिद्ध गायक कीर्ति को. शिश बुलन्दशहर, श्रेष्ठ दीक्षित कानपुर, अक्षित वशिष्ठ मेरठ, आयूष सोमानी जयपुर सहित परीक्षितगढ़ के प्रसिद्ध गायक मो. हत कश्यप, कपिल यादव, रितिका नामदेव भी बाबा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपिन बंसल, राजीव बंसल, दिनेश गर्ग,अन्नू गर्ग, नीटू जिंदल, मयंक अग्रवाल, विकास गोयल, डा. ओमकार सिंह, वरिष्ठ देव बंसल, पत्रकार मुनेंद्र त्यागी , डा. राकेश शर्मा, गौरांग माहेश्वरी, अभिषेक, शशांक शर्मा, गजेन्द्र गुर्जर, मूलचंद, ऋषभ, शिवम, व बाबा के सेवादारों का सहयोग रहा।

## वसी हत्याकांड को लेकर 13 को भाकियू तोमर करेगी एसएसपी कार्यालय का घेराव

# गांव मोड़खुर्द में गरजे चौधरी संजीव तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** भाकियू तोमर कि एक सभा गांव मोड़खुर्द में भाकियू तोमर मेरठ के जिलाध्यक्ष इन्तेजार देशवाल के आवास पर हुई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर, राष्ट्रीय सलाहकार इन्द्रजीत सांगवान का ढोल नगाड़ों एवं फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

पंचायत में आये किसानों को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंचायत वसी अहमद को न्याय दिलाने के लिए बुलाई गयी। चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि 25 अप्रैल को संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता थे। वसी अहमद जो लोईयां गांव थाना दौराला के रहने वाले थे। उनकी उनके एक गांव के गैंगस्टर आमिर ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर वसी अहमद पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया गया था। पुलिस अभी तक दो अपरा. धियों शैजान और अदनान को पकड़ नही पायी। चौधरी संजीव तोमर कहा कि हमारी



मांग है पांचों पर गैगगिस्टर की कार्यवाही की जाये। हत्यारोपी अदनान तथा शैजान को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये, तथा लाप. रवाह दरोगा को निलंबित किया जाये। उन्होंने कहा कि दरोगा को वसी अहमद न राष्ट्रीय सलाहकार कार इन्द्रजीत सांगवान ने मेरठ पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वसीम अहमद को गोली लगने के बाद अस्पताल में 6 घंटे तक जीवित था। लेकिन किसी मजिस्ट्रेट या पुलिसकर्मी ने वसी के बयान नहीं लिये गये जो बहुत गंभीर और दुख की बात है। चौधरी संजीव तोमर ने पंचायत में यहा तक कह दिया की जब प्रदेश मुख्यमंत्री दावे के साथ कहते हैं अगर एक चौराहे पर कोई अपराधी अपराध करता है तो उसे अगले चौराहे पर यमराज मिलते हैं। उनकी मांग कि इन अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए और सलाखों के पीछे पुलिस भेजने का काम करें। उन्होंने कहा कि यदि 12 में तक हत्यारोंपितो की गिरफ्तारी नहीं की गई तो आगामी 13 मई को एसएसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय सलाहकार इन्द्रजीत सांगवान, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर निखिल चौधरी, जिलाध्यक्ष इन्तजार देशवाल, युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मुनसफ, मंडल उपाध्यक्ष साजिद अल्वी, अली अब्बास, अजय त्यागी, हीरा बालियान, शिराजू, मेहरबान, शाहजेब रिजवी, दिनेश शर्मा, अरूण कश्यप, राजन, अमित चौधरी, जिला महासचिव जिला प्रवक्ता जमीर चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष अमरपाल सिंह, कृष्ण कुमार, मोनू बंढला, इरफान चौधरी, सुलेमान, मौसम चौधरी, साहिल चौधरी, फैयाज तोमर, साजिद, विनय मालिक, शमशाद मलिक, लक्ष्मीचंद, अनिल, डाक्टर मुकेश चौधरी, कमल चौधरी, शैलेन्द्र चौधरी, रणबीर सिंह, सोनू चौधरी, दिलशाद, नसीब अली, तामीर चौधरी, नईम चौधरी आ मौजूद रहे।

# जायंट्स ग्रुप्स ने मातृ दिवस पर किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जायंट्स वूमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माताओं का स्वागत पटका एवं माला पहनाकर किया गया।

इसके बाद दीप प्रज्वलन एवं जायंट्स प्रार्थना के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। मानसी, प्रियांशी, काव्या, हिना, शिवानी एवं शिप्रा सहित कई सदस्य विभिन्न प्रदेशों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पहुंचीं, जिससे समारोह की शोभा और बढ़ गई। गीताली, सारिका, श्रुति एवं शिप्रा ने गीत एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। माताओं को समर्पित नृत्य एवं लघु प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। ग्रुप अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने अपनी बेटी के साथ सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि निमिषा अग्रवाल ने बच्चों के साथ मां के सम्मान में आकर्षक नृत्य नाटिका पेश की। इसके बाद सभी ने तंबोला गेम का आनंद लिया और आकर्षक उपहार प्राप्त किए। कार्यक्रम में डॉ. सुधा चौधरी, पद्मा भार्गव, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल सहित लगभग 90 माताएं मौजूद रहीं। सभी माताओं को सम्मान स्वरूप सुंदरकांड की पुस्तकें भेंट की गईं। इस अवसर पर शुभा अग्रवाल, नीतू सोनी, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, अलका मंगलम, वंदना गुप्ता, प्राची, रिशु, सुरभि, सुनीता, गीताली, प्रियांशी, काव्या, पल्लवी, शुभ्रा, राधिका, निमिषा, शिवानी एवं दीपिका सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यूपी चुनाव में और ज्यादा बहुमत से बनेगी एनडीए सरकार: केसी त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर/गाजियाबाद।** रालोद में शामिल होने के बाद जनपद गाजियाबाद में प्रथम बार आगमन पर पूर्व सांसद के सी त्यागी का यू पी गेट से लेकर मोदीनगर तक कई जगहों पर रालोद कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया गया।

पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रालोद मजबूत होगा तो एनडीए मजबूत होगा । उन्होंने कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा। रालोद कार्यकर्ताओं से कहा कि वो जनता के बीच



जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कराए । उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह जी ने लोकदल का निर्माण ही किसानों, मजदूरों व नौजवानों, दलितो की आवाज उठाने के लिए किया था। रालोद कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत यू पी गेट , साहिबाबाद, मेरठ रोड रालोद कार्यालय, मोरटा , लैंड क्राफ्ट सोसायटी, असालत पुर , मुरादनगर, मोदीनगर सहित एक दर्जन स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने रास्ते में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह जी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी , व शहीद आशा राम त्यागी जी कीं प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर रालोद के जिलाध्यक्ष राम पाल सिंह,निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, पतला चेयरमैन (प0)देवेंद्र चौधरी,अमर जीत सिंह बिडडी, अजय वीर सिंह एडवोकेट, सुरेन्द्र त्यागी ,प्रदेश सचिव रणबीर दहिया, क्षेत्रीय महामंत्री बिटटू खघ्जर पुर, विनोद गौतम, अरुण दहिया एडवोकेट, अरुण कुमार भुललन, हिमांशु नागर, मनोज कुमार राठी, प्रदीप मुखिया,पप्पन मास्टर जी ,योगेश फफराना , नरेन्द्र जाटव, मनोज त्यागी, आलोक चौधरी, जयवीर नेहरा , अरुण कुमार शर्मा, अकरम खान, हाजी तौहिर, अनुज त्यागी, देवेंद्र प्रधान, जुनैद , बीर सिंह सलेमाबाद, सुमन चौधरी, राखी सिंधु, निहाल चंद जाटव , आकाश गौतम एडवोकेट, हरपाल सिंह एडवोकेट, जोनी जाटव, अमित जाटव , आदित्य गौतम एडवोकेट आदि शामिल रहे।

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार की उपस्थिति में

# एचएलएम कॉलेज में 3 एस क्रिकेट अकादमी का भव्य उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** युवाओं में क्रिकेट की प्रतिभा को निखारने और उन्हें एक पेशेवर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से, गाजियाबाद में एचएलएम 3एस क्रिकेट अकादमी का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस भव्य समारोह में प्रसिद्ध पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार ने श्मुख्य अतिथिश के रूप में शिरकत की। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने युवा खिलाड़ियों का भारी उत्साहवर्धन किया। प्रवीण कुमार ने युवाओं के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें खेल के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट अतिथियों में कॉलेज के चैयरमेन सुनील





मिगलानी, वाईस चेयरपर्सन सोनिया मिगलानी, प्रियंवध आईआरएस अधिकारी एवं अनिल माथुर, क्रिकेट कोच, नमन वर्मा रणजी ट्राफी प्लेयर, श्याम सुंदर शर्मा, रविंदर त्यागी शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजन में कॉलेज के निदेशक डॉ. अनुज अग्रवाल, सहायक निदेशक डॉ. धीरज कुमार शर्मा, बी.टेक निदेशक डॉ. पंकज कुमार उपस्थिति रहे। कॉलेज के निदेशक डॉ. अनुज अग्रवाल ने अपने संबोदन में कहा एचएलएम ग्रुप, अब खेलों के क्षेत्र में भी युवाओं को बेहतरीन बुनियादी ढांचा और अवसर प्रदान करने के लिए मजबूती से कदम बढ़ा रहा है।

# टैंकर की टक्कर से कार सवार तीन घायल

**नजीबाबाद।** कोतवाली रोड पर टैंकर ने कार को टक्कर मार दी। जिसमें वार्ड मेंबर समेत तीन घायल हो गए। कोतवाली रोड क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। रामपुर मौहल्ले की वार्ड मेंबर श्रीमती निर्देश और उनके परिजन कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। ड्राइवर की सूझबूझ से कार के ऊपर टैंकर चढ़ने से बच गया। गलत दिशा से टैंकर आया था। सुबह करीब 11 बजे वार्ड मेंबर निर्देश (50 वर्ष) अपने परिजनों और सहयोगियों के साथ कार संख्या यूपी 20 एजे 2343 से नहटौर जा रही थीं। जैसे ही कार मुख्य मार्ग पर पहुंचीं, सामने से गलत दिशा में आ रहे तेज रफ्तार टैंकर संख्या यूपी 20 एटी 4164 ने कार को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहम्मद अच्छन (50 वर्ष) की हाथ की हड्डी टूट गई और शरीर पर काफी चोटें आई हैं। निर्देश की पसली में गंभीर चोट आई है। नीलम के कंधे में चोट लगी है। बताया जाता है कि ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। अस्पताल में उपचार के दौरान घायलों ने बताया कि ड्राइवर की त्वरित प्रतिक्रिया और सूझबूझ की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। ड्राइवर ने ऐन वक्त पर गाड़ी को काटा, जिससे टैंकर कार के ऊपर चढ़ने से बच गया। हालांकि टक्कर से कार का एक हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

### आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा

# 'सीईओ बिजनेस लीडरशिप अवॉर्ड' से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस- द एजुकेशन ग्रुप के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को उनके दूरदर्शी नेतृत्व, उत्कृष्ट उद्यमशीलता तथा आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के परिवर्तन, विस्तार एवं निरंतर विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'CEO Business Leadership Awards 2026" से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान MS Talks द्वारा आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित उद्योगपति, शिक्षाविद्, कॉर्पोरेट



नेतृत्वकर्ता, उद्यमी एवं गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अर्पित चड्ढा को यह सम्मान आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने, संस्थागत उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, नवाचार, डिजिटल परिवर्तन, उद्योग-अकादमिक समन्वय तथा छात्र-केंद्रित शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने में उनके उल्लेखनीय नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करते हुए निरंतर प्रगति एवं विस्तार किया है। अर्पित चड्ढा ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण परिवर्तन लाने के साथ-साथ उद्यमिता विकास को प्रोत्साहित करने, नवाचार आधारित सोच विकसित करने तथा युवाओं को रोजगार तलाशने वालों से आगे बढ़कर रोजगार सृजक एवं भविष्य के व्यवसायिक नेतृत्वकर्ता बनने हेतु प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

संस्थान के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह सम्मान अर्पित चड्ढा के दूरदर्शी नेतृत्व, समर्पण, नवाचारपूर्ण सोच एवं शिक्षा तथा उद्यमिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है। साथ ही, यह उपलब्धि आई.टी.एस ख्र द एजुकेशन ग्रुप को उत्कृष्टता, नवाचार एवं समाजोन्मुखी शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु प्रेरित करेगी।

# मदर्स डे पर माताओं को समर्पित लंगर सेवा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दशमेश खालसा सेवा समिति द्वारा मदर्स डे के अवसर पर माताओं के सम्मान एवं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु विशेष लंगर सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर माताओं के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित माताओं का सम्मान किया गया और तथा समाज में उनके योगदान को याद करते हुए उनके



स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। लंगर सेवा में जरूरतमंदों एवं राहगीरों को प्रेमपूर्वक भोजन वितरित किया गया। दशमेश महिला विंग की अध्यक्षा रिंकी अरोड़ा के ने ये संदेश दिया कि माँ हमारे जीवन की सबसे बड़ी शक्ति और प्रेरणा होती हैं । मां से बड़ा स्थान मनुष्य के जीवन में कोई नहीं होता । मदर्स डे के इस पावन अवसर पर यह सेवा सभी माताओं को समर्पित है।आज की सेवा में सभी महिला शक्ति टीम,और संस्था के सारे सेवादार उपस्थित थे।

# उत्थान फाउंडेशन ने किया मातृ दिवस पर समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उत्थान फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर मोदीनगर में एक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व की महत्ता को सम्मान देना तथा समाज में महिलाओं एवं माताओं की भूमिका के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम में "बढ़ते कदम योजना" के अंतर्गत अंग्रेजी बोलना सीख रहे विद्यार्थियों की माताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मंच पर अंग्रेजी भाषा में आत्मविश्वास के साथ अपनी



प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोदिनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली एवं विशिष्ट अतिथि भीम युवा संघर्ष समिति से विनोद कर्दम रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था कि संस्थापक सचिव डॉ सोनिका जैन ने कहा कि माताएं बच्चों के जीवन की प्रथम गुरु होती हैं तथा उनके संस्कार, त्याग और मार्गदर्शन से ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि उत्थान फाउंडेशन भविष्य में भी शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर संस्था की सक्रिय महिला सदस्यों ख्र अनु महेश्वरी, माला भार्गव,कविता गुप्ता, सोनिया गर्ग, डॉ रश्मि मालिक और ज्योति रानी को समाज सेवा एवं संस्था के कार्यों में योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

# बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर मनाई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की बंगाल में सरकार बनने की खुशी में कौशांबी कल्चरल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा श्री राम चौक पर खुशियां मनाई गई आज नोबेल पुरस्कार विजेता स्वर्गीय रविंद्र नाथ ठाकुर जी की जयंती भी है।

मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता पूर्व में महानगर उपाध्यक्ष रहे पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा बंगाल में सनातन सरकार आने के लिए सभी को बधाई दी गई और कहा कि जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की तिगड़ी जहां भी सक्रिय होती है वहां भाजपा की सरकार बनना





निश्चित है उन्होंने कौशांबी में बंगाल समाज के लोगों को बंगाल में सरकार बनाने के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर डी के घटक, सुब्रतो चौधरी, विश्वजीत बनर्जी, पी बी राय, तुषार भट्टाचार्य ,उज्जवल घोष, अभिजीत साहा, सुवेंदु हरि, करवा के जनरल सेक्रेटरी विनय महेश्वरी, पप्पू चौपाल के संरक्षक राकेश जाकेतिया, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, जयपुरिया के महासचिव पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष एस आर सिंह, करवा के पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र विजय वर्गीय, प्लॉट एरिया की जनरल सेक्रेटरी उर्मिल अरोड़ा, अजय गुप्ता, केएल सचदेवा,गौरव वर्मा, राज शर्मा, उदित शर्मा ,प्रदीप भटनागर, अजय जैन, सोनम राय, भाजपा नेत्री रेनू मल्होत्रा, पापिया घटक, सुकन्या चौधरी, उषा हरि, रितु, अशोक अग्रवाल, राजेंद्र गोयल, नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय जाट महासभा ने किया संवाद बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत) ने बुलंदशहर के शिकारपुर ब्लॉक के गांव बरासऊ में संवाद बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों और महिलाओं ने शिरकत की, संवाद बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सेवाओं में जाट आरक्षण जो की एक साल रहने के बाद सरकार ने समाप्त कर दिया गया।

मीटिंग में आरक्षण की लड़ाई दोबारा शुरू करने पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई, राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने कहा कि जाट आरक्षण के लिए अब गांव गांव जाकर जन चेतना यात्रा शुरू करेंगे और आंदोलन की लड़ाई को आखिरी दम तक लड़ेंगे, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख



ने कहा कि अब जाट आरक्षण केंद्रीय सेवाओं में लेकर रहेंगे।

अगर केंद्रीय सेवा में आरक्षण नहीं मिला तो सरकार को देश में आरक्षण आर्थिक आधार करना चाहिए, अन्यथा आरक्षण समाप्त कर देना चाहिए, संवाद बैठक का संचालन प्रदेश अध्यक्ष रिशिपाल नैन ने किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह मैं किसान मोर्चे की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय जाट महासभा भारत में नए पदाधिकारी की नियुक्ति पत्र दिए गए, जिसमें मुख्य रूप से सोनीपत से श्रीमती आशा चौधरी को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया, हापुड़ जिले के युवा का अध्यक्ष भानु सिद्धू को बनाया गया और बुलंदशहर जिले में संगठन की कमेटी का विस्तार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिन्होंने अपने विचार रखें मोहित मलिक युवा प्रदेश अध्यक्ष, कपिल चौधरी मेरठ मंडल युवा अध्यक्ष, शिव चौधरी युवा प्रदेश सचिव, मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष अनुकूल चौधरी और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत चौधरी को बनाया गया।

# प्रदेश बार काउंसिल ने किया निलंबन आदेश स्थगित

**बिजनौर।** नजीबाबाद निवासी अधिवक्ता पंकज विश्नोई की शिकायत पर सुनवाई के बाद बार काउंसिल उत्तर प्रदेश प्रयागराज ने 12 अक्टूबर 25 को अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह, जितेंद्र राजपूत और अजय गोयल को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नवल किशोर गौड़, पूर्व अध्यक्ष इमरान मसूद खान के आदेश की अवहेलना करने पर बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज हरिशंकर सिंह ने जांच के बाद इन तीनों अधिवक्ताओं को मिसकंडक्ट किए जाने का दोषी मानते हुए उनका विधिक लाइसेंस पांच वर्ष के निलंबित करते हुए देश में वकालत करने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# जिला योग प्रतियोगिता में चमके सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के सितारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने योग फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण एवं कांस्य पदक प्राप्त किए। विद्यालय ने कुल 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ.





सरिता सिंधु ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि योग केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की निदेशक डॉ. शिखा दरबारी ने विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है।

# ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंग्विंस में हुआ मदर्स डे सेलिब्रेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रिटी पेंगुइन्स स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में "फ्लैश ऑफ लव एंड केयर" नामक भव्य पूल पार्टी का आयोजन बड़े उत्साह और आनंद के साथ किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में 300 से अधिक माताओं ने भाग लेकर आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रेम, समर्पण और देखभाल को सम्मान देना था। पूरे कार्यक्रम के दौरान माताओं और बच्चों ने पूल पार्टी, म्यूजिक, डांस, मजेदार गेम्स और कई मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। इस विशेष अवसर पर माताओ के लिए केक कटिंग का भी आयोजन किया गया। इस अवसर



पर एक विशेष सौंदर्य प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया, जिसे द प्रिंसेस सैलून 'वी एल सी सी' आर्टिस्ट मिस एकता और उनकी टीम द्वारा गठित किया गया, जिसमें माताओं को रिलैक्स और स्पेशल महसूस कराने के लिए कई आकर्षक सौंदर्य प्रशिक्षण जिसमें हेयरकट, हेयर स्टाइल, मसाज, डेली मेकअप के बारे में बताया और सिखाया गया। कार्यक्रम का माहौल प्यार, हंसी, खुशी और खूबसूरत यादों से भर गया। स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा ने सभी माताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि यह आयोजन परिवार के प्यार, अपनापन और मजबूत रिश्तों का सुंदर प्रतीक बना। "माँ का प्यार जीवन की सबसे खूबसूरत शक्ति है, और यह आयोजन उसी प्रेम को समर्पित एक छोटा सा प्रयास था।"

# 1857 की क्रान्ति के शहीद क्रांतिकारियों को अर्पित की श्रृद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) द्वारा 1857 की क्रान्ति के शहीद क्रांतिकारियों को श्रृद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रृद्धांजलि सभा की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यर्पण कर की गयी। श्रृद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक सत्येंद्र यादव ने कहा अंग्रेजों के अत्याचार को समाप्त करने के लिए भारत माता को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए सम्पूर्ण भारत वर्ष में संगठित तौर पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में हुआ। आज हम मंगल पांडे, झाँसी की रानी, तात्या टोपे, बहादुर शाह जफर समेत भारत



माता की बलि बेदी पर चढ़ गये करोड़ों भारत माता के लालों को नमन् करते हैं, और प्रण लेते है कि शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे देश के एक-एक नागरिक को जागृत कर देश सेवा के लिए प्रेरित करेंगे। श्रृद्धांजलि सभा में शहीदों को श्रृद्धांजलि देते हुए पार्टी प्रभारी (उत्तर प्रदेश, बिहार) अनिल सिन्हा ने कहा अंग्रेजों ने भारतीयों पर इतना घोर अत्याचार किया जो विश्व के इतिहास में कहीं नहीं मिलता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम गदर क्रांति को दबाने के लिए विश्व की इस सभ्य अंग्रेज कौम ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए लगभग दो करोड़ भारतीयों के जीवन को समाप्त कर दिया था, अनेक गाँवों में एक भी व्यक्ति जीवित नहीं बचा था। इस मौके पर बोलते हुए पार्टी के महानगर अध्यक्ष पवन सक्सेना ने कहा कि 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति की शुरुआत मंगल पांडेय नामक एक सैनिक ने की थी जब मंगल पांडेय को यह पता चला कि उन्हें दिये जाने वाले कारतुसों में चर्बी का प्रयोग किया जा रहा है तो उन्होंने अपना विरोध अंग्रेजी सेना के कमांडर को जताया जिसे मानने से कमांडर ने साफ इंकार कर दिया और मंगल पांडेय को कमांडर के खिलाफ जाकर सशस्त्र क्रान्ति का आहवान करना पड़ा इसी दौरान मंगल पांडेय लड़ते हुए शहीद हो गए। इस अवसर पर मुख्य रुप से अनिल सिन्हा, राजेन्द्र गौतम, दीपक वर्मा सत्येंद्र यादव मनोज कुमार शर्मा होदिया राजीव गौतम गोपाल सिंह पवन सक्सेना सुनील दत्त नेताजी राजेश कुमार वीरेंद्र पाल सिंह जितेंद्र डॉ सुरेश शांति देवी रेनू सिंह राजेंद्र कृष्ण कुमार संजय कुमार मयंक नितिन त्यागी अशोक कुमार मनीष कुमार बलजीत दादा सतपाल जी श्रीमती विमला, घसीटा जी आदि मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

# घिटोरा में सपा की धन्यवाद सभा आयोजित

## एक धर्म पर फूल, दूसरे पर भाजपा बरसाती है लाठी: सपा की धन्यवाद सभा में बोले राजकुमार भाटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** घिटोरा गांव में रविवार को समाजवादी पार्टी की ओर से एक धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रवि बैंसला द्वारा किया गया, दादरी में आयोजित भाईचारा रैली की सफलता के बाद कार्यकर्ताओं और रैली में शामिल लोगों का आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से इस सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।






सभा के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी और कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन रहे। दोनों नेताओं ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। राजकुमार भाटी ने भाजपा को (काले अंग्रेज) बताते हुए कहा कि भाजपा देश को दोबारा गुलामी की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ED) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) जैसी संस्थाओं का राजनीतिक दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक देश का आम नागरिक जागरूक नहीं होगा, तब तक भाजपा को हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर सड़कों पर उतरने और लोकतंत्र बचाने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए इकरा हसन ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार केवल एक धर्म विशेष की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि एक धर्म के लोगों पर फूल बरसाए जाते हैं जबकि दूसरे धर्म के लोगों पर लाठियां बरसाई जाती हैं। राजकुमार भाटी ने कार्यक्रम आयोजक रवि बैंसला की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र के लोगों को एकजुट करने का सराहनीय कार्य किया है। सभा के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान मंच पर राजकुमार भाटी व सांसद इकरा हसन के साथ बागपत से सपा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव, लीलू प्रमुख, नवनीत बंसल, जिला अध्यक्ष रविंद्र देव ,भारत केसरी राजु पलवान, मंत्री हाजी जतंइन कममद , यादव, संजीव त्यागी, ललित अहेड़ा, काला प्रधान निरोजपुर, डाक्टर तरुण यादव, पवन गोठड़ा, राजवीर निरोजपुर, सफ़ीक़ सलमानी, तहसीम मंसूरी, इरफ़ान ख़ान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर हादसा, बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खेकड़ा।** क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह करीब 4 बजे एक सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस में कार्यरत एक युवक की मौत हो गई। काठा गांव स्थित खेल स्टेडियम के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

मृतक की पहचान हापुड़ जनपद के सिंभावली थाना क्षेत्र स्थित हलालपुर निवासी अरुण पुत्र सतेंद्र के रूप में हुई है। अरुण दिल्ली पुलिस में कार्यरत था और अपनी प्लैटिना मोटरसाइकिल से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर कहीं जा रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि अरुण गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। सुबह करीब 5 बजे अरुण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की और परिजनों को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## मदर्स डे के उपलक्ष्य में मां को खिलाया केक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** मदर्स डे के अवसर पर क्षेत्र भर में मातृ शक्ति के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने अपनी माताओं को केक खिलाकर, पुष्प भेंट कर तथा उपहार देकर उनके प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर घरों, विद्यालयों एवं सामाजिक संस्थाओं में विशेष आयोजन किए गए, जहां मां के त्याग, समर्पण और ममता को याद किया गया।

कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी माताओं के साथ केक काटा और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, इस मोके पर एल्पाइन पब्लिक स्कूल गांव लूंब स्कूल के चेयरमेन मनोज कुमार ने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का आधार होती है। मां का प्रेम निस्वार्थ और अमूल्य होता है, जिसकी तुलना किसी भी रिश्ते से नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा की मा की सेवा सभी को करनी चाहिए। उन्होने कहा कि समाज में माताओं का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। मां ही बच्चों की पहली गुरु होती है, जो उन्हें जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।



## राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ सनातन प्रहरी सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित रविवार को अमर वेंकट हाल में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के तत्वाधान में सनातन प्रहरी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दूरदराज से आए भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में समाजसेवी महिलाओं बुद्धिजीवी गणमान्य लोगों छात्र-छात्राओं शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के संस्थापक आचार्य संदीप गौतम शास्त्री प्रधानाचार्य आचार्य पंडित श्याम वशिष्ठ नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य आचार्य पुजारी उमेश कौशिक। तिरंदाजी निशानेबाजी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल लेकर आने वाले विद्यार्थी अनंत पंडित शिव शर्मा प्रिंस शर्मा को भगवान परशुराम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हजारों उसकी संख्या में समाज के लोगों को भी सनातन प्रहरी सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदत्त शर्मा टयोढी ने मंच के माध्यम से अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव आदेश फौजी राष्ट्रीय सचिव सुनील शर्मा, पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम शर्मा राकेश शर्मा, एडवोकेट विजय शर्मा युवा जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव श्रीमती रेनू शर्मा महिला जिला अध्यक्ष आरती शर्मा, राजपाल शर्मा जागौश, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अमरेश शर्मा सुरेश कौशिक पंडित शर्मा पंडित दिनेश शर्मा पंडित कृष्ण दत्त शर्मा के अलावा भारी संख्या में कार्यक्रम में लोगों ने भाग लिया।

## एक नजर

### रटौल डगरपुर पूर्वी यमुना नहर पर युवक से हजारों की नगदी और मोबाइल लूटा

**शाह टाइत्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल के सब्जी विक्रेता से पूर्वी यमुना नहर पर डगरपुर गांव के समीप दो बाईक सवार बदमाशों नें मारपीट कर हजारों की नगदी और मोबाइल लूट लिया पीड़ित नें रटौल पुलिस चौकी पर अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है।

रटौल निवासी सब्जी विक्रेता जुल्फीकार पुत्र सगीर रिक्शा से गांव गांव सब्जी बेकने का काम करता है,उन्होंने बताया की वह सिरोली गांव से सब्जी बेचकर वापस पूर्वी यमुना नहर से वापस अपने घर लौट रहा था जब वह डगरपुर गांव के समीप पहुंचा तो एक बाईक पर सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट कर दो हजार रूपये और मोबाइल फोन लूट जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये पीड़ित नें रटौल पुलिस चौकी पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है। रटौल चौकी ईन्चाज भूरेन्द्र सिंह नें बताया की घटना गाजियाबाद क्षेत्र की है उन्होंने मौकें पर घटना स्थल का निरिक्षण किया जो सिरोली गाजियाबाद में है, वही घटना घटी है।

### ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही, 6 वाहन किए सीज



eFkjkA जनपद में ओवरलोड वाहनों और नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर फर्राटा भर रहे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बड़ा अभियान चलाते हुए सख्त कार्रवाई की। देर रात से लेकर सुबह तक चले विशेष चेकिंग अभियान में विभागीय टीम ने छह वाहनों को सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद ओवरलोड कारोबारियों और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान ईंट, मिट्टी और निर्माण सामग्री से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली व डंपरों की जांच की गई। कई वाहन क्षमता से अधिक भार लेकर सड़कों पर चलते मिले, जिनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया। अभियान के दौरान एक निजी बस भी पकड़ी गई जिसकी फिटनेस वर्ष 2023 में ही समाप्त हो चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद बस सवारियां लेकर सड़कों पर संचालित हो रही थी। विभाग ने बस को कब्जे में लेकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन कार्य में लगे लोगों में खलबली मची रही। स्थानीय लोगों ने भी विभाग की सख्ती की सराहना करते हुए नियमित अभियान चलाने की मांग की है। ओवरलोडिंग और नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### चौमुहां में धूमधाम से मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

pkegkA कस्बा स्थित रामलीला मैदान में रविवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों और गणमान्य व्यक्तियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। घ्कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन अदम्य साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है, जिससे आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। घ्करणी सेना के प्रदेश सचिव कन्हैया ठाकुर ने भी उनके जीवन चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी विपरीत परिस्थितियों में हार नहीं मानी और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। घ्इस अवसर पर मुख्य रूप से पूरन सिंह, पूर्व चेयरमैन पाल सिंह यादव, ओंकार सिंह, पवन सिसोदिया, नेत्रपाल, संजीव सिसोदिया, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और करणी सेना के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तालाब को कब्जा मुक्त कराया

**स्योहारा।** कस्बा सहसपुर में स्थित तालाब पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने हटाते हुए उसे कब्जा मुक्त कराया है। यह कार्रवाई एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग एवं नगर पंचायत की संयुक्त टीम द्वारा की गई। नायब तहसीलदार विजय कुमार ने बताया कि सहसपुर कस्बे के मौहल्ला मौलवियान में स्थित तालाब पर कुछ लोगों द्वारा अस्थायी कब्जा कर लिया गया था। पूर्व में भी चिन्हांकन कर तालाब को कब्जा मुक्त कराया गया था लेकिन पुन उस पर अतिक्रमण कर लिया गया। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए तालाब को दोबारा कब्जा मुक्त करा दिया। ईओ दीपक कुमार ने बताया कि कस्बे में स्थित दोनों तालाबों को कब्जा मुक्त करा लिया गया है।

## बागपत: 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर AIMIM की अहम बैठक, रणनीति पर हुआ मंथन

**मौहसीन राणा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। यह बैठक AIMIM के जिलाध्यक्ष मुकार्रम मलिक के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के लिए कमर कसी। बैठक का मुख्य एजेंडा 2027 के चुनावों के लिए अभी से जमीनी स्तर पर कार्य करना और पार्टी की पहुंच को बढ़ाना रहा। पार्टी नेताओं ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करने का आहवान किया। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट अलीम द्वारा की गई, जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन अफजल हयात ने किया। जिलाध्यक्ष मुकार्रम मलिक ने कहा कि पार्टी जनपद में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है और आने वाले समय में संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा।




इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें (जिलाध्यक्ष बागपत) मुकार्रम मलिक, सकील खान (विधानसभा अध्यक्ष छपरौली), मास्टर सरफराज़ (जिला सचिव), आसिफ मोहम्मद (कोषाध्यक्ष बागपत), मुस्तफा चौधरी, सादान कुरैशी, आरिफ चौधरी (नगर अध्यक्ष बड़ौत), इस्तिखार खान (नगर अध्यक्ष बागपत) और मोहसिन राणा (मीडिया प्रभारी AIMIM) मौजूद थे।

## निःशुल्क नेत्र शिविर लगाकर की दवाईयां व चश्में वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के सादतपुर सदरपुर जौनमाना गांव के जूनियर हाई स्कूल में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा संयुक्त जनादेश पार्टी ने रविवार को आंखों की जांच का निशुल्क शिविर एवं ब्लड जांच केंद्र शिविर लगाकर क्षेत्र के लोगों की निशुल्क जांच दवाई वितरण चश्मे वितरण का कार्यक्रम किया इसी के साथ-साथ बच्चों के खेल के मैदान पर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा एवं संयुक्त जनादेश पार्टी का एक कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी का फूलों की मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने अपनी टीम का गठन किया जिसमें राष्ट्रीय महासचिव पद पर शिवकुमार शर्मा को मनोनीत किया। संजय बडगूजर को वरिष्ठ समाजसेवी की जिम्मेदारी दी गई। उपेंद्र मुखिया प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी प्रदेश सचिव विकास तोमर प्रदेश मंत्री विक्रांत चौधरी जिला संगठन मंत्री बागपत जनपद का जिला अध्यक्ष अर्जुन प्रधान युवा जिला अध्यक्ष मनोज शास्त्री को मनोनीत किया गया। शुभम कुमार बागपत लोकसभा क्षेत्र का महासचिव मनोनीत किया गया। विभु चौधरी को बागपत विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों ने रागिनी का भी आनंद लिया। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जिवाना के गुरुकुल स्कूल में हुआ प्रतिमा अनावरण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को महान शिक्षाविद व आर्य समाज के प्रसिद्ध विद्वान प्रोफेसर बलजीत सिंह आर्य की प्रतिमा का अनावरण हुआ। इस अवसर पर हुए समारोह में वक्ताओं ने उन्हें चौधरी चरण सिंह व महर्षि दयानंद का सच्चा अनुयायी बताया।

समारोह में मुख्य अतिथि सर्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि प्रोफेसर बलजीत सिंह आर्य ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए गांव गांव जाकर अलख जगाई। पूरे जीवन महर्षि दयानंद व किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि हिमाचल प्रदेश के ध्यान योग आश्रम एवं आयुर्वेद शोध संस्थान संस्थापक ब्राह्ममूर्ति देवव्रत योगतीर्थ ने कहा कि प्रो. आर्य युवाओं के सच्चे मार्गदर्शक थे। उन्होंने आर्य समाज और महर्षि दयानंद की विचारधारा का समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार किया, यज्ञों के आयोजन कराए, गुरुकुलीय शिक्षा को जीवित रखा। रालोद राष्ट्रीय सचिव डा.कुलदीप उज्जवल ने कहा कि हमें प्रो.आर्य के आदर्श और मूल्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। आचार्य प्रमोद कुमार व आचार्य धन कुमार शास्त्री ने वेद मंत्रों के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। जिसमें गणमान्य लोगों ने आहुति देकर उनको श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत स्कूल परिसर में स्थापित प्रतिमा का अनावरण हुआ। क्षेत्रीय सचिवों नीरज पंडित के संचालन में हुए समारोह में रालोद सांसद डा.राजकुमार सांगवान, विधायक डा.अजय कुमार, राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर गठीना, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, पूर्व विधायक साहब सिंह, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, पूर्व विधायक सहेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री जयंत सिंह के निजी सचिव समरपाल सिंह, सलाहकार वीरपाल मलिक, अपर आयुक्त अमित सिंह, अश्वनी तोमर, कुंवर मोहम्मद अली, भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, वाजिद अली, विश्वास चौधरी, सतेंद्र प्रमुख, जमीरुद्दीन अब्बासी, धीरज उज्जवल, राजू तोमर, सुभाष नैन आदि ने विचार रखे।

## शादी का झांसा, वीडियो बनाकर की ब्लैकमेलिंग और वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के जनपद में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों के बीच एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर चार वर्षों तक शारीरिक शोषण करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीड़िता द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, एक युवक ने उसे शादी का सपना दिखाकर जाल में फंसाया और पिछले चार सालों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने चोरी-छिपे युवती की आपत्तिजनक वीडियो बना ली। आरोप है कि इन वीडियो के आधार पर युवक उसे लगातार ब्लैकमेल करने लगा। लोक-लाज के डर से युवती चुप रही, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने उससे समय-समय पर मोटी रकम भी वसूली। पीड़िता का आरोप है कि इस लंबे अंतराल के दौरान उसे पता चला कि युवक के किसी अन्य महिला के साथ भी संबंध बन गए हैं। धोखे और प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने अब युवक से शादी करने से इनकार कर दिया है। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब युवती ने विरोध करना शुरू किया। पीड़िता का कहना है कि युवक और उसके पक्ष के लोग अब उस पर और उसके परिवार पर समझौते का दबाव बना रहे हैं। बात न मानने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। लगातार मिल रही धमकियों के बीच पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और कोतवाली पहुंचकर आपबीती सुनाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर युवक के खिलाफ सख्त कारेवाई की जाएगी।




## वृंदावन के पेड़े में नहीं मिला रत्ती भर खोआ, 16 दुकानदारों पर चलेगा मुकदमा

’kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA ब्रज में एक साल में आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 10 करोड़ से ऊपर गया है। लगातार भीड बढ रही है और मौजूदा संसाधनों पर दबाव भी बढ़ रहा है।

ऐसे में महंगा सामान मिलेगा यह बात श्रद्धालु मन में विचार कर आते हैं लेकिन उनकी आस्था और सेहत के साथ इस कदर धोखा होगा यह शायद किसी ने नहीं सोचा होगा। वह भी ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के आसपास और वृंदावन की उन कुंज गलियों में जहां आने वाले लोगों का सिर से झुक जाता है। श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शिकंजा कस दिया है। वृन्दावन में श्री बांके बिहारी मंदिर के समीप पेड़ा और मिठाई की दुकानों पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर 16 खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किए गए हैं। इन दुकानदारों पर अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में मिठाई बेचने और उपभोक्ताओं को गुमराह करने के गंभीर आरोप हैं। सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकानदार रिफाइंड पामोलीन ऑयल, स्किम्ड मिल्क पाउडर और चीनी से बने पेड़े को श्शुद्ध खोयाश् का बताकर बेच रहे थे। उपभोक्ताओं को वास्तविक संघटक (कंपाजीशन) की जानकारी न देकर अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस को बढ़ावा दिया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि छापे के दौरान दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं थी। मिठाइयों का भंडारण अस्वास्थ्यकर और खुले स्थानों पर किया गया था। पूर्व में दिए गए नोटिस का जवाब न देने और विभागीय आदेशों की अनदेखी करने पर इन सभी के विरुद्ध माननीय न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया है। विभाग की इस कार्रवाई से तीर्थनगरी के मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है। इन 16 प्रतिष्ठानों पर गिरी गाज विभाग ने आदेशों की अवहेलना और अनियमितताओं के लिए एफएसएस एक्ट 2006 के तहत 16 संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनमें शामिल हैं। नवनीत गोपाल मिष्ठान भंडार (नीलेश), पप्पू भईया पेड़े वाले (पंकज अग्रवाल), शिवम स्वीट्स (अनदीप कुमार), अग्रवाल मिष्ठान भंडार (हर्षित अग्रवाल), गिर्राज मिष्ठान भंडार (नीरज कुमार), कृष्णा पेडेघ्वाले (मनोज कुमार), बृजवासी पेड़े वाला (पुरुषोत्तम दास अग्रवाल), श्री हरिदास मिष्ठान भंडार (सतीश चन्द्र वार्ष्णेय), सारस्वत पेड़ा प्रसाद वाले (रिषभ सारस्वत), ओमी बृजवासी मिष्ठान भंडार (ओम प्रकाश विश्नोई), टनाटन बृजवासी पेड़ा लस्सी वाले (मुन्ना लाल), गिर्राज जी पेड़े वाले (भगवान सिंह), गोपीचन्द पेड़े वाले (गोपीचन्द), गिर्राज जी पेड़े वाले (बिहारी लाल चौहान), गोपाल जी पेड़े वाले (प्रदीप शर्मा), पंडित जी पेड़े वाले (हेमन्त) एवं दिनेश गर्ग।



# महाराणा प्रताप जयंती पत्थराव में आठ नामजद समेत नौ पर मुकदमा दर्ज

## गुटखा खरीदने को लेकर हुई थी कहासुनी, विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव देहरा में महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के समापन के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। मामूली कहा. सुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और दोनों ओर से पथराव व मारपीट शुरू हो गई। मामले में पुलिस ने आठ नामजद समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान रैली में शामिल कुछ लोग गांव स्थित एक दुकान पर सामान लेने पहुंचे थे। इसी दौरान गुटखा खरीदने को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर गाली-गलौज के बाद पत्थर चलने लगे। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कई लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात पर काबू पाया। पुलिस ने उपद्रव कर रहे लोगों को खदेड़कर स्थिति शांत कराई। वायरल वीडियो और स्थानीय जांच के आधार पर नेक मोहम्मद, नौशेर, जाहिद, मेहताब, दानिश, सरफराज, गौरव और अंकित राणा समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने मौके से 30 से अधिक बाइक कब्जे में ली हैं। बताया जा रहा है कि हंगामे के दौरान कई लोग अपने वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। वहीं बवाल के दौरान एक दरोगा के घायल होने की भी सूचना है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी कलानिधि नैथानी ने एएसपी हापुड़ विनीत भटनागर और सीओ पिलखुवा अनीता चौहान से पूरे घटनाक्रम पर स्पष्टीकरण तलब किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित डंपर ने की सड़क किनारे खड़ी दर्जनों बाइकें चकनाचूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ब्रजघाट।** क्षेत्र में शनिवार देर रात तेज रफ्तार डंपर ने जमकर तबाही मचा दी। अनियंत्रित डंपर सड़क किनारे खड़ी एक दर्जन से अधिक बाइकों को रौंदता हुआ निकल गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और तेज धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। गनीमत रही कि घटना के समय बाइक के आसपास कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना रात करीब एक बजे ब्रजघाट पुलिस चेक पोस्ट के पास पलवाड़ा रोड की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर काफी तेज गति में था। चालक अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे खोखों के बाहर खड़ी श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों की बाइकों में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई बाइक दूर तक घिसट गईं और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर मौके से भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे रोकने की कोशिश की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। सुबह जब वाहन स्वामी मौके पर पहुंचे और अपनी टूटी बाइकें देखीं तो उनमें भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने आरोप लगाया कि रात के समय भारी वाहनों की तेज रफ्तार आवा. जाही लगातार हादसों की वजह बन रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ब्रजघाट क्षेत्र में भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और डंपर चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर पलटा कैंटर, चीख-पुकार के बीच तीन की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। हादसे में दो महिलाओं और आठ महीने के एक मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुन आसपास के लोग भी मौके की ओर दौड़ पड़े।

पुलिस के अनुसार कैंटर में सवार पांच लोग बरेली जिले के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र स्थित गांव सकतीया से पंजाब के लुधियाना जा रहे थे। शनिवार रात करीब 12:15 बजे वाहन हापुड़ में सदरपुर टोल प्लाजा पार कर जखेड़ा रहमतपुर के पास पहुंचा ही था कि अचानक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कैंटर पहले डिवाइडर से टकराया और फिर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कैंटर में सवार 28 वर्षीय श्रीदेवी पत्नी अभिषेक, 32 वर्षीय सावित्री देवी पत्नी लालाराम और आठ महीने के मासूम अभिजीत की मौके पर ही दबकर मौत हो गई। वहीं अभिषेक और लालाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस, बहादुरगढ़ थाना प्रभारी इंद्रकांत यादव, सिम्भावली थाना प्रभारी सुरेश कुमार और सीओ स्तुति सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन का संतुलन बिगड़ना माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# देहरा बवाल में पुलिस सख्त, तीन आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र के गांव देहरा में महाराणा प्रताप जयंती के दौरान हुई पत्थरबाजी के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं घटना में संलिप्तता के शक में पांच अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए है। थाना प्रभारी के अनुसार महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर गांव देहरा में शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इसी दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद माहौल बिगड़ गया और दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना धौलाना पुलिस ने वायरल वीडियो और स्थानीय जांच के आधार पर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बीएनएस और क्रिमिनल लॉ एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित तीन आरोपितों को देहरा झाल कच्ची नहर पटरी पीर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जाहिद पुत्र अमीन, मेहताब पुत्र हुसैन मोहम्मद और नौशेर पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम देहरा शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है। पुलिस ने पांच संदिग्ध व्यक्तियों को भी हिरासत में लिया है, जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ जारी है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी हाल में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।



# हाफिजपुर में लावारिस स्कूटी मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब चितौली रोड स्थित बंबे में एक लावारिस स्कूटी पड़ी होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हलचल तेज हो गई और क्षेत्रधिक. ारी पिलखुवा अनीता चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। बाद में क्रेन की मदद से स्कूटी को बंबे से बाहर निकलवाया गया।

मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ के बीच पुलिस ने आसपास का क्षेत्र खंगाला तो स्कूटी के पास से एक पर्स भी बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच में पुलिस स्कूटी और बरामद सामान के आधार पर उसके मालिक की तलाश में जुटी है। बताया गया कि सुबह राहगीरों की नजर बंबे में पड़ी स्कूटी पर पड़ी थी। पहले लोगों ने इसे हादसा माना, लेकिन काफी देर तक आसपास कोई व्यक्ति नजर नहीं आने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र में पूछताछ भी की। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि स्कूटी वहां कैसे पहुंची और उसका चालक या मालिक कहां है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि मामला हादसे से जुड़ा है या फिर इसके पीछे कोई अन्य वजह है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाने में लगी हुई है।



# कांग्रेस में बड़ा फेरबदल, 30 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में रविवार को बड़ा कदम उठाया गया। बुलंदशहर रोड स्थित शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। नई टीम के गठन के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में एससी-एसटी कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप सरोहा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी डूंगर सिंह तथा जिला प्रभारी एडवोकेट चंद्रपाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष दीपक मोघे ने 30 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस लगातार मजबूत हो रही है और युवाओं का भरोसा पार्टी की विचारधारा पर बढ़ता जा रहा है। जिस तरह लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं, उससे साफ है कि जनता बदलाव चाहती है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष मिथुन त्यागी, प्रदेश सचिव विनोद जाटव, प्रदेश सचिव रश्मि चौधरी, पीसीसी सदस्य नरेश भाटी, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव गुलफाम कुरैशी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### सेल्समैन पर किया जानलेवा हमला, घायल

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव हिरनपुरा स्थित अंग्रेजी शराब ठेके के सेल्समेन के साथ बाइक सवार तीन लोगों ने बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव लड़पुरा निवासी सुदंर सिंह ने बताया कि वह पड़ोसी गांव हिरनपुरा में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समेन है। पीड़ित ने बताया कि रविवार को बाइक सवार दो युवक वहां आए और उसके साथ गाली गलौज की। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपी ने हमला कर उसको घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### पति पर दूसरी महिला के साथ रहने का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पति पर दूसरी महिला के साथ रहने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद उसने दो बच्चों को जन्म दिया। पीड़िता ने बताया कि उसका पति समय समय पर किसी अन्य महिला से बात करता। इसको लेकर उसने कुछ दिन नजर अंदाज किया, लेकिन पति की महिला के प्रति बढ़ते प्रेम को लेकर उसने पति से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सर्विस मार्ग पर लगे बिजली के खंबे में उतरा करंट

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के हरोड़ा रोड़ पर सर्विस मार्ग पर लगे बिजली के खंभे में अचानक करंट उतार गया। इसको देख लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर ऊर्जा निगम की टीम को भेजकर समस्या का निस्तारण कराया। शनिवार की देर शाम को हरोड़ा रोड स्थित सर्विस रोड़ पर कुछ लोग खड़े हुए थे। तभी एक व्यक्ति का हाथ अचानक वहां खड़े बिजली के खंभे पर लग गया जिससे उसको करंट लग गया। करंट लगने पर उसने आस पास के लोगों को खंभे से दूर रहने के लिए कहा। उसके बाद पुलिस को मामले की जानक. ारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बिजली सप्लाई का बंद कराया और उसके बाद बिजली कर्मचारी का बुलाकर समस्या का निस्तारण कराया।

### चोरों के गिरोह से पुलिस की मुठभेड़, तीन शातिर दबोचे, एक के पैर में लगी गोली



eFkjkA जनपद के थाना जैत पुलिस और सर्विलांस टीम की रविवार सुबह बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। आगरा-दिल्ली सर्विस रोड पर हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पकड़े गए सभी आरोपी राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले हैं। थाना जैत पुलिस और रिवार्डिड टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तार चोरी की घटनाओं में वांछित बदमाश आगरा-दिल्ली सर्विस रोड के पास औद्योगिक क्षेत्र की एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में वारदात को अंजाम देने आने वाले हैं। जैत पुलिस ने थानाध्यक्ष सोनू कुमार के नेतृत्व में रविवार तड़के करीब 2:50 बजे बदमाशों की घेराबंदी की। इस पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। मुठभेड़ में हरवीर निवासी सिलावट धौलपुर के बाएं पैर में गोली लगी। वहीं गोपाल निवासी थारपुरा और सुग्रीव सिंह निवासी गढ़ी करीलपुर धौलपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल हरवीर को उपचार के लिए संयुक्त अस्पताल वृंदावन भेजा गया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल होने वाली कार और अवैध हथियार बरामद किए हैं। उनके कब्जे से 3 तमंचे, 6 जिंदा कारतूस और 1 खोखा कारतूस, चोरी किए गए बिजली के तार के 10 बंडल और 7300 रुपये नगद पुलिस ने बरामद किए हैं।

# दिव्यांग सहायता शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने लिया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नेह नीड़ फाउंडेशन एवं नवोउज्जवल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नेह नीड़ परिसर में आयोजित दिव्यांग सहायता शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न सहायक उपकरणों हेतु पंजीकरण एवं माप प्रक्रिया कराई गई।

रविवार को आयोजित शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों की आवश्यकतानुसार परीक्षण कर कृत्रिम पैर, कैलिपर्स, वैशाखी, ट्राई साइकिल एवं व्हील चेयर के लिए माप लिए गए। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने संस्था द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जरूरतमंदों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सीताराम शर्मा वरिष्ठ जेल अधीक्षक डासना ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने नेह नीड़ फाउंडेशन एवं नवोउज्जवल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में संवेदनशीलता एवं मानवता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में संस्थापक कन्हैया लाल, वासुदेव शर्मा, सुरेंद्र प्रधान तथा प्रीतम सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरे को लेकर हुई बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र गांव पुष्पावती पूठ स्वर्गद्वारी स्थित गंगा घाट आरती स्थल पर ज्येष्ठ गंगा दशहरा की व्यवस्था के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

रविवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता संजू शर्मा ने की। समिति अध्यक्ष आदेश शर्मा ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रस्ताव रखा, कि जिला पंचायत द्वारा खोया पाया कैंप के लिए, लाउडस्पीकर जनरेटर की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में बैरिकेडिंग मेले के लिए होनी चाहिए। महामंत्री पंडित विनोद शास्त्री ने मेले का महत्व बताया उन्होंने कहा ज्येष्ठ गंगा दशहरा शुक्ल पक्ष को स्वर्ग से मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थी और इस दिन कपिल मुनि के श्राप से राजा सागर के 60000 पुत्र भस्म हुए थे। राजा भागीरथ की तपस्या से मां गंगा ने उन पुत्रों को मुक्ति दिलाई थी यह दिन बहुत ही पितरों को मुक्ति देने वाला शांति देने वाला परम आनंद प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा 2025 में जिला प्रशासन का बहुत अच्छा सहयोग मिला। बैठक में आरती समिति ने निर्णय लिया मेला ड्यूटी में आने वाले अधिकारी कर्मचारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर संजीव शर्मा, पंडित अमरचंद शास्त्री, ओम प्रकाश केवट, कलुआ प्रधान, चुनमुन स्वामी, सुभाष केवट, चरण सैनी, महेश सैनी, सुरेश सैनी, गगन भारद्वाज, योगेश, पवन कुमार, राम लाल, पंडित शिवकुमार, बृजेश भारद्वाज, पप्पू शर्मा, रामपाल सैनी, राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## देवर पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ससुराल पक्ष के लोगों उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका निकाह मेरठ के एक कालोनी निवासी युवक के साथ हुआ था। निकाह के बाद से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता ने बताया कि पिछले दिनों उसकी सास ने उसको दूध पीने के लिए दिया। उसको पीने के बाद वह बेहा. श हो गई। होश में आने पर देखा कि उसके देवर ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत ससुराल पक्ष के लोगों से की तो उन्होंने चुप रहने के लिए कहा। पीड़िता ने मायके पक्ष के लोगों से शिकायत की गुस्साए ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दुकान के बाहर से बिन बताएं कार ले गए दोस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के हरोड़ा रोड पर दोस्त की गाड़ी को लेकर दो युवक फरार हो गए। उसके बाद युवकों ने पेट्रोल पंप से तेल डलवाने के बाद वहां से फरार हो गए। उसके बाद उन्होंने मेरठ क्षेत्र में बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। वहीं गाड़ी स्वामी ने आरोपियों के खिलाफ चोरी से गाड़ी ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव खुड़लिया निवासी अंकुर ने बताया कि शनिवार की रात को वह हरोड़ा रोड पर बैठा हुआ था। उसकी गाड़ी में चाबी लगी हुई थी। तभी उसके ही जान पहचान वाले युवक चोरी से उसकी गाड़ी को लेकर फरार हो गए। उसने काफी देर के बाद गाड़ी को तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। जानकारी करने पर मालूम हुआ कि उसकी गाड़ी को उसके ही साथ के युवक ले गए और एक पेट्रोल पंप से तेल डलवाने के बाद फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसकी गाड़ी से आरोपियें ने मेरठ क्षेत्र में एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कुछ कलयुगी बेटे रोती बिलखती माँ को वृद्धाश्रम में छोड़ आएरूकवि राजकुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव लुहारी व करीमपुर में मातृदिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली निवासी शिक्षाविद व सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा ने कहा माँ परमेश्वर का साक्षात् रूप है माँ जैसा दुनिया में कोई दूसरा नही है माँ की ममता निस्वार्थ होती है माँ को कष्ट पहुंचाकर कोई भी सुखी नही रह सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद व राष्ट्रीय कवि राजकुमार हिंदुस्तानी ने जब अपनी कविता पढ़ी. ..अदना निकम्मा नाचीज़ मुझे दुनिया समझती है कोहिनूर से भी ज्यादा कीमती चीज मुझे तो बस माँ समझती है सींचा था लहू से माँ ने रिश्तों के धागे तोड़ आएद्य कुछ कलयुगी बेटे रोती बिलखती माँ को वृद्धाश्रम में छोड़ आए कविता सुनकर सभी श्रोताओं की ऑंखें नम हो गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय जूडो कोच सुबोध यादव ने कहा कि माँ की सेवा ईश्वर की सेवा है। पुष्पा देवी ने कहा माँ का स्नेह सदैव सच्चा होता है सावित्री शर्मा ने कहा कि कष्टों में रहकर औलाद के लिए खुशियाँ ढूंढ़ने वाली केवल माँ होती है। इस मौके पर काजल भावना प्रियंका डोली हिमांशु यक्ष अमर धर्मेंद्र मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में मनाई महाराणा प्रताप जयंती



pkegkA गांव दलौता स्थित श्रीकृष्ण इंटर कालेज में शनिवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ क्षत्रिय शिरोमणि महामानव महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया की 486वीं जयंती मनाई गई। विभिन्न वक्ताओं ने उनके शौर्य, बलिदान, वीरता और साहस की सराहना करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं उनके जीवन से सीख लेने का संकल्प लिया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में प्रबंधक ठाकुर सुजान सिंह सिसोदिया, बाइक सिसोदिया, सीपी शर्मा, धीरज राणा, जितेंद्र राणा, आदित्य सिंह, मोनू सिंह, हरिचंद शर्मा, नारायण सिंह, ऋतु, स्मृति आदि उपस्थित थीं।

# ग्रेटर नोएडा में मां-बेटे पर हमला

## पुरानी रंजिश में सगे भाई समेत चार पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित अट्टा फतेहपुर गांव में पारिवारिक रंजिश के चलते एक व्यक्ति की पत्नी और बेटे पर हमला किया गया। पीड़ित ने अपने सगे भाई समेत चार लोगों पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रविवार को चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।अट्टा फतेहपुर गांव निवासी असरफ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार रात वह किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान उनके सगे भाई



और अन्य आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके घर पहुंचकर पत्नी फरजाना और बेटे मोहम्मद कैफ पर हमला कर दिया। इस हमले में मां-बेटा घायल हो गए।पीड़ित के अनुसार, बेटे मोहम्मद कैफ को गंभीर चोटें आई हैं। उसे पहले ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।असरफ ने बताया कि आरोपियों से उनका पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। पुरानी रंजिश के कारण ही इस वारदात को अंजाम दिया गया।

पुलिस ने असरफ की तहरीर पर आरोपी जरीफ, जुनैद, सुहेल और सैफ अली खान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि मामले की जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### निबंधन विभाग में नहीं हो सका कामकाज

**नोएडा।** एक बार फिर रविवार को निबंधन विभाग में कोई कामक. ाज नहीं हुआ। वकीलों के विरोध के कारण नोएडा में तीन में से एक दफ्तर नहीं खुल सके। इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि इसको लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इस साल मार्च महीने में शासन ने नोएडा समेत पांच जिलों में छुट्टी के दिन दफ्तर खोले जाने का निर्णय लिया था। यह व्यवस्था उन जिलों में लागू की गई, जहां निबंधन विभाग के एक साथ तीन कार्यालय हैं। नोएडा के सेक्टर-33 में एक साथ तीन सबरजिस्ट्रार कार्यालय हैं। इस व्यवस्था को लागू करने के पीछे वजह कामकाजी लोगों को सहूलियत देना था। उच्च अधिकारियों ने कहा था कि छुट्टी के दिन एक दफ्तर खुलने से लोगों को संपत्ति की रजिस्ट्री कराने समेत विभाग के अन्य काम के लिए छुट्टी नहीं लेनी पड़ेगी।

# बिजली आपूर्ति सुधारने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पावर कॉरपोरेशन को प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले नोएडा से 36 बिजली उपकेंद्र ऐसे मिले हैं, जिन पर लाइन लॉस भी बड़े स्तर पर हो रहा है। इन फीडरों पर 20 से 25 प्रतिशत तक लाइन लॉस मिला है। मेरठ मुख्यालय ने दो सप्ताह में लाइन लॉस कम कर स्थित सुधारने के निर्देश दिए है। लाइन लॉस की स्थिति में सुधार नहीं होने पर जल्द ही विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू हो जाएगी। शहर में पावर कॉरपोरेशन के बड़े-छोटे मिलाकर 100 से अधिक बिजली उपकेंद्र हैं।

इन उपकेंद्रों से आठ सौ 50 बिजली फीडर जुड़े हुए है। इन फीडरों से जिले के चार लाख 75 हजार उपभोक्ताओं को सप्लाई दी जा रही है। इन उपभोक्ता से पावर कॉरपोरेशन को करीब पांच सौ करोड़ रुपये का मासिक राजस्व भी प्राप्त हो रहा है। इस वजह से मेरठ से लेकर लखनऊ तक विद्युत निगम के उच्चाधिकारियों की नोएडा की आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष नजरें रहती है। इसी वजह से मेरठ मुख्यालय ने शहर के सभी बिजली फीडरों का एक निजी एजेंसी के माध्यम से सर्वे कराया।

**लाइन लॉस की स्थिति:** इसमें जिले के 36 बिजली उपक. ेंद्रों पर सबसे ज्यादा लाइन लॉस मिला है। इसमें अधिकांश बिजली उपकेंद्र देहात क्षेत्रों के हैं। मेरठ मुख्यायल के उच्चाधिकारियों ने शहर के बिजली अधिकारियों को फटकार लगाते हुए, इन 36 उपकेंद्रों दो से तीन सप्ताह के अंदर लाइन लॉस को 5 से 10 प्रतिशत लाने के निर्देश दिए है। इसके बाद विद्युत निगम ने देहात क्षेत्र में बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

**बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई:** इसके लिए लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमें प्रवर्तन दल के साथ स्थानीय विद्युत अधिकारी शामिल हो रहे हैं। पिछले सप्ताह दस दिनों में करीब 30 मकानों में बिजली चोरी पकड़ी भी जा चुकी है, जिन पर लाखों रुपये का जुर्माना भी लगा है।

**उपकेंद्रों की स्थिति:** बिजली अधिकारियों ने बताया कि शहर में 36 उपकेंद्र में ज्यादातर फीडर देहात और निर्माणाधीन साइटों में बिजली आपूर्ति दे रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि बिजली कर्मचारी और अधिकारियों की मिलीभगत से बिजली चोरी हो रही है।

### पदयात्रा की तैयारियों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-81 में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय पर रविवार को यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष पंकज अवाना के अध्यक्षता में पदयात्रा को लेकर बैठक की गई।

बैठक में 16 से 20 मई को प्रस्तावित मेरठ से गाजियाबाद तक आयोजित होने वाली रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष परशुराम चौधरी ने कहा कि बड़ी संख्या में गौतमबुद्ध नगर के कार्यकर्ता भी यात्रा में पहुंचेंगे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी गुड्डू यादव, दिलदार अंसारी, गौरव गौतम, श्रीपाल कराहना मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स बाइक चुराने वाले गिरोह के चार बदमाश दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रेकी करने के बाद दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत चार शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया । सेक्टर-39 और सेक्टर-58 थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थान पर अभियान चलाकर आरोपियों को पकड़ा। इनके कब्जे से छह चोरी की बाइक और चार चाकू बरामद किए गए।

**पूछताछ में खुलासा:** पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों से 50 से अधिक बाइक चोरी करने की बात कबूल की है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और चोरी की पुरानी वारदातों की जांच में जुटी है। नाबालिग आरोपियों को बाल संरक्षण नियमों के तहत अभिरक्षा में लिया गया है। दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एसीपी प्रथम प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-39 थाना पुलिस सेक्टर-37 इलाके में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि स्टेलर पार्क के पास दो संदिग्ध युवक चोरी की बाइक के साथ मौजूद हैं और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों नाबा. लिगों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से दो अवैध चाकू बरामद हुए। पुलिस ने जब बाइक का नंबर ऐप के जरिए चेक किया तो वह दिल्ली के गाजीपुर मंडी इलाके से चोरी की निकली। इसके बाद पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, जिसमें दोनों नाबालिगों ने कई और वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा किया। उनकी निशानदेही पर स्टेलर पार्क के पीछे झाड़ियों में छिपाकर रखी गई चार अन्य चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई। पुलिस ने कुल पांच बाइक बरामद की हैं, जिनमें स्प्लेंडर, टीवीएस स्पोर्ट और यामाहा जैसी बाइक शामिल हैं। कुछ मोटरसाइकिलों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी थी, ताकि पहचान छिपाई जा सके। पूछताछ में नाबालिगों ने बताया कि वे दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग इलाकों में रेकी कर बाइक चोरी करते थे। सुनसान स्थानों या बाजारों के बाहर खड़ी बाइक को निशाना बनाया जाता था। चोरी के बाद बाइक को कुछ दिनों तक झाड़ियों या खाली जगहों पर छिपाकर रखा जाता था और बाद में कम कीमत पर बेच दिया जाता था।

**रेकी करने के दौरान दो बदमाश पकड़े:** दूसरी ओर सेक्टर-58 थाना पुलिस ने भी वाहन चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस डी-पार्क सेक्टर-62 के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सन्नी और अजय के रूप में हुई। तलाशी में दोनों के पास से चाकू बरामद हुए। पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि जिस बाइक पर वे सवार थे, उसे सेक्टर-69 इलाके से चोरी किया गया था। पुलिस ने बाइक के चेसिस नंबर की जांच की तो वह थाना फेस तीन में दर्ज वाहन चोरी के मामले की निकली।

**पुलिस से बचने के लिए बदल रहे थे ठिकाने:** आरोपियों ने बताया कि वे नोएडा के विभिन्न इलाकों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे और पुलिस की सख्ती बढ़ने के कारण लगातार ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि चोरी की बाइक किन लोगों को बेची जाती थीं। दोनों मामलों में पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बरामद बाइक और चाकुओं को सील कर कब्जे में ले लिया गया है।

## एक नजर

### डीसीबी चेयरमैन के बेटे का नोएडा में निधन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बदायूं में जिला सहकारी बैंक (डीसीबी) के चेयरमैन जेके सक्सेना के बेटे ध्रुव सक्सेना का शनिवार देर रात नोएडा में निधन हो गया। डॉक्टरों ने उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। ध्रुव अपने भाई प्रतीक के साथ नोएडा में रहकर बीबीए की पढ़ाई कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, शनिवार देर रात ध्रुव की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिवार के सदस्य उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई है।

रविवार को ध्रुव का शव बदायूं लाया गया। खबर मिलते ही जिलेभर के सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई बड़े नेता जेके सक्सेना के प्रगति बिहार स्थित आवास पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। दोपहर में शहर के मुक्तिधाम पर ध्रुव का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बीजेपी ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, बीजेपी जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, ब्लाक प्रमुख उझानी शिशुपाल सिंह, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव के प्रतिनिधि अनुज जौहरी और एडवोकेट विक्रम सक्सेना सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### फ्रेंच अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन को हाईकोर्ट से राहत, जल कनेक्शन काटने का मामला

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ग्रेटर नोएडा स्थित फ्रेंच अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के 1088 फ्लैटों और 30 दुक. ानों के जल कनेक्शन काटने के मामले में ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के वरिष्ठ प्रबंधक (जल) को आठ सप्ताह के भीतर एसोसिएशन के प्रार्थना पत्र पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति कुनाल रवि सिंह की खंडपीठ ने दिया।

याची फ्रेंच अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से पानी का बिल जमा न किए जाने के कारण विभाग ने करीब 88 लाख रुपये बकाया बताते हुए अंतिम नोटिस दिया है। पूर्व में हाईकोर्ट के निर्देश पर 27 सितंबर 2024 को एसोसिएशन को परियोजना का कब्जा मिल चुका है। लेकिन बिल्डर और प्राधिकरण के बीच बकाया जल बिल को लेकर विवाद जारी है।

याचिका में मांग की गई थी कि यदि बिल्डर की ओर से भुगतान नहीं किया जाता है तो प्राधिकरण ने जल कनेक्शन काटने की चेतावनी दी है। जिससे वहां रहने वाले हजारों लोगों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो जाएगा। एसोसिएशन कब्जा मिलने की तिथि से जल बिल जमा करने के लिए तैयार है और इस संबंध में 30 जनवरी 2026 को ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी को प्रार्थना पत्र दिया गया था। साथ ही, बिल्डर से आईएफएमएस राशि दिलाए जाने की मांग भी की गई थी। लेकिन अब तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

### कानपुर शताब्दी सहित तीन ट्रेनों में पथराव से अफरातफरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस, राजधानी और गरीबरथ पर मारीपत और दादरी स्टेशन के बीच पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। शताब्दी के सी-1 कूपे की 49 और 44 नंबर सीटों के सामने के शीशे टूट गए। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। आरपीएफ दादरी ने ट्रेन के सीसीटीवी फुटेज भिजवाने के लिए शनिवार को पत्र भेजा है। कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस गुरुवार को गाजियाबाद से जैसे ही चली तो 16:36 पर पथराव शुरू हो गया। 49 नंबर सीट पर सफर कर रहे गौरव ने शताब्दी के टीएस जितेंद्र यादव और स्टाफ को सूचना दी। गौरव ने बताया कि कई यात्री तो कोच से बाहर आकर दरवाजे बंद करके किनारे खड़े हो गए।

टीएस और अन्य स्टाफ ने कोच में पहुंचकर यात्रियों को सांत्वना दी और मामले की जांच की। कुछ देर बाद यहां से गुजरीं राजधानी और गरीबरथ पर भी पथराव किया गया। वही दादरी रेलवे पुलिस ने बताया कि प्रकरण की प्रारंभिक जांच की जा रही है जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मामूली विवाद में युवकों ने पिता-पुत्र को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में होटल से खाना खाकर घर जा रहे युवक को तीन-चार युवकों ने मामूली बात पर पीट दिया। पिता को बुलाकर लाए पीड़ित युवक और उसके पिता को साथ भी आरो. पियों ने मारपीट की। पीड़ित ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। हापुड़ के सुरूरपुर गांव निवासी गौहर खान ने पुलिस को बताया कि वह गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी में परिवार संग रहते हैं। उनका बेटा सादिक शुक्रवार रात सेक्टर-62 में होटल पर खाना खाने गया था। रास्ते में सादिक को कुछ लोग मिले थे। इनमें से एक व्यक्ति ने सादिक को रोककर चप्पल मांगी थी, लेकिन अनजान होने के चलते सादिक ने चप्पल देने से इनकार कर दिया था।

इस बात से व्यक्ति नाराज हो गया। उसने अपने साथी संग मिलकर सादिक को मारा पीटा। आरोपियों से किसी तरह छूटकर सादिक अपने घर पहुंचा और पिता को आपबीती बताई। पुत्र के साथ पहुंचे गौहर खान के साथ भी आरो. पियों ने मारपीट की। लोगों के आने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। मारपीट में पिता-पुत्र को चोट आ गई। दोनों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया।

### अनियंत्रित कार की टक्कर से युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** कुलेसरा में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होने के बाद दुकान में घुस गई। हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ निवासी बाबूलाल सिंह गौड़ के रूप में हुई है। परिजन की तहरीर पर शनिवार को ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार बाबूलाल सिंह गौड़ कुलेसरा क्षेत्र में नौकरी करते थे। 26 अप्रैल को वह नौकरी पर जा रहे थे। इसी दौरान कुलेसरा पुलिस चौकी के निकट वह एक दुकान के पास खड़े थे। तभी अचानक एक कार अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी। हादसे में बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

# चार मूर्ति अंडरपास तीन माह में बनकर तैयार होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चार मूर्ति/गौड़ चौक से तिगरी गोलचक्कर के बीच आवागमन सुगम होगा। चौक पर निर्माणाधीन 720 मीटर लंबे अंडरपास का काम लगभग 70 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। इसे अगले तीन माह में चालू करने का लक्ष्य है। इससे ग्रेनो वेस्ट के लोगों को जाम से राहत मिलेगी। वहीं, चार मूर्ति चौक के दोनों तरफ की सर्विस मार्ग को चौड़ा करने का काम जारी है। इसके चौड़ा होने के बाद गाजियबाद से ग्रेनो वेस्ट आने-जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। गौर सिटी-1, 2 और आसपास की 30 से अधिक सोसाइटियों के निवासियों को इससे सहूलियत होगी। इस काम पर आठ करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि जमीन की उपलब्धता के आधार पर दोनों तरफ के सर्विस मार्ग को दो से तीन लेन का किया जा रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द इस काम को पूरा किया जाए, ताकि लोगों को आवाजाही में राहत मिल सके। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ चौक और तिगरी के बीच पहले से ही यूटर्न का काम चल रहा है।

**जाम की समस्या में कमी:** ट्रैफिक जाम की समस्या में कमी आएगी। गौर सिटी-1 और 2 की सोसाइटी में रहने वाले लोगों के साथ क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद की तरफ जाने वाले लोग भी इस रास्ते से होकर आवा. जाही करते हैं। सुबह से लेकर देर रात तक ट्रैफिक का दबाव होने की वजह से अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए यहां सर्विस मार्ग को चौड़ा करने के साथ तिगरी और गौड़ चौक के बीच मुख्य सड़क पर दो नए यूटर्न बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 10.70 लाख से ज्यादा मामलों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद स्तर पर कुल 10,70,372 वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान विभिन्न मामलों में 93 करोड़ 77 लाख 15 हजार 913 रुपये की धनराशि का समझौता एवं वसूली की गई।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव तथा अन्य न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के




अनुपालन में मुख्यालय और तहसील स्तर पर लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों द्वारा 3,03,925 वादों का निस्तारण किया गया, जबकि प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालयों एवं विभिन्न विभागों द्वारा 7,66,447 मामलों का समाधान किया गया।

लोक अदालत में एनपीसीएल के 45 मामले, यूपीपीसीएल के 5,780 मामले, श्रम न्यायालय के 1,045 मामले तथा पुलिस विभाग के 13,509 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं चिकित्सा विभाग ने 99,045 और यातायात विभाग ने 4,99,452 मामलों का निस्तारण किया।

इसके अलावा नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 6,123 मामलों का समाधान किया गया, जबकि राजस्व विभाग ने 1,08,286 मामलों का निस्तारण किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना, वैवाहिक विवाद, बैंक ऋण, विद्युत बिल, श्रम विवाद, एनआई एक्ट तथा अन्य दीवानी एवं आपराधिक मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निपटारा किया गया।

# सोसाइटी में विरोध के बाद रखरखाव शुल्क वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली सोसाइटी में प्रिंसिले एस्टेट सोसाइटी में रविवार को एओए की बैठक (जीबीएम) हुई। इसमें लोगों के विरोध के चलते बढ़ा हुआ रखरखाव शुल्क वापस ले लिया गया। दरसअल, सोसाइटी के निवासियों ने रखरखाव शुल्क बढ़ाने और आय-व्यय का ब्यौरा न देने पर एओए की जिलाधिकारी (डीएम) और डिप्टी रजिस्ट्रार (डीआर) से शिकायत की। शिकायत में बताया गया कि एओए ने छह महीने में दो बार रखरखाव शुल्क बढ़ा दिया है। पूर्व में 1.90 रुपये प्रति स्क्वायर फीट शुल्क लिया जाता था। इसे बढ़ाकर 2.20 रुपये प्रति स्क्वायर फीट कर दिया गया। इसके बाद एक मई से 2.50 रुपये प्रति स्स्क्वायर फीट शुल्क कर दिया।

सोसाइटी में आय और व्यय का ब्योरा भी नहीं दिया जा रहा। इसी तरह की कई अन्य अनियमितताएं बरती जा रही हैं। इसके बाद डीएम के निर्देश पर डीआर ने एओए को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। इसी को लेकर एओए ने रविवार को बैठक की। बैठक सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक चली। इस दौरान लोगों की एओए पदाधिकारियों के साथ नोंकझोंक हुई। निवासियों ने रखरखाव शुल्क बढ़ाने का विरोध कर आय-व्यय का ब्योरा मांगा।

# कूड़ा जलाने पर कंपनी पर लगा 1.16 लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईकोटेक 11 में कूड़ा जलाने पर एक कंपनी पर 1.16 लख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली कि सेक्टर ईकोटेक 11 में एक कंपनी के पास कूड़ा जलाया जा रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। यह कूड़ा सेक्टर ईकोटेक -11 स्थित ई-गरुड़ा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी नाम की कंपनी ने जलया है। जिसके चलते टीम ने कंपनी पर 1. 16 लख रुपए का जुर्माना लगाया है। दोबारा ऐसी गलती करने पर और कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। ठोस कचरा प्रबंधन नीति के अनुसार सभी बल्क वेस्ट जेनरेटरों को अपने परिसर का कूड़ा खुद से ही वैज्ञानिक पद्धति से प्रोसेस करना अनिवार्य है। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कूड़े का उचित प्रबंध करने, इधर-उधर न फेंकने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# आवासीय भूखंड मालिकों को निर्माण का एक और मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिन आवासीय भूखंड मालिकों ने तय समय बीत जाने के बाद भी निर्माण नहीं किया, उन्हें प्राधिकरण अंतिम एक और मौका देने जा रहा है। ऐसे लोगों को शुल्क लेकर एक साल का समय दिया जाएगा। तय समय में काम नहीं करने पर आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा।पिछले महीने हुई बोर्ड बैठक में लिए गए इस निर्णय को अब लागू किया गया है। प्राधिकरण ने सूचना जारी की है कि जिन आवासीय भूखंड मालिकों ने 12 साल बीत जाने के बाद भी निर्माण नहीं किया है तो उनको अंतिम मौका दिया जा रहा है। इसके लिए सात अगस्त तक आवेदन करना होगा।

आवेदन के साथ ही एक साल का समय लेने के लिए आवंटन दर का 10 प्रतिशत शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद भूखंड मालिकों को निर्माण के लिए एक साल का समय दिया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकाारियों ने बताया कि वैसे तो भूखंड की रजिस्ट्री के बाद निर्माण के लिए पांच साल का समय दिया जाता है। समयवृद्धि शुल्क लेकर इसे अधिकतम 12 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद भूखंड का आवंटन निरस्त करने का नियम है। अधिकारियों ने बताया कि अगर लोग तय समय में भूखंड पर निर्माण कर अधिभोग प्रमाण पत्र ले लेते हैं तो वह आवंटन निरस्त होने की कार्रवाई से बच जाएंगे।

# साप्ताहिक बाजारों के लिए नई व्यवस्था लागू

- **लोगों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा शहर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार अब जल्द ही नई व्यवस्था के तहत संचालित किए जाएंगे। सड़कों पर लगने वाले बाजारों से लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक जाम और आम लोगों की परेशानी को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है।

प्राधिकरण अब ऐसे स्थायी स्थान चिह्नित करेगा जहां साप्ताहिक बाजार लगाए जा सकें और यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।




प्राधिकरण ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने बताया कि वर्तमान में कई सेक्टरों और मुख्य सड़कों के किनारे लगने वाले बाजारों के कारण लोगों को भारी जाम का सामना करना पड़ता है। इसे दिन बाजार लगता है, उस क्षेत्र में वाहन निकालना तक मुश्किल हो जाता है। इसी समस्या के समाधान के लिए प्राधिकरण नई नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब साप्ताहिक बाजारों का संचालन सीधे प्राधिकरण की निगरानी में कराया जाएगा।

**एक साल के लिए होगा टेंडर:** इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा और चयनित ठेकेदार को बाजार संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी कि बाजार निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित तरीके से लगे और तय समय पर हट भी जाए, ताकि आसपास की व्यवस्था प्रभावित न हो। यह टेंडर एक साल के लिए होगा।

बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से न्यूनतम किराया भी ठेकेदार ही वसूलेगा और तय राशि हर महीने प्राधिकरण को जमा करेगा। इससे प्राधिकरण को राजस्व प्राप्त होगा और बाजार संचालन में पारदर्शिता भी आएगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी, साथ ही दुक. ानदारों और आम लोगों दोनों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

# मदर्स डे पर सिप अबेकस इंटरनेशनल में मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मदर्स डे के अवसर पर सिप अबेकस इंटरनेशनल द्वारा बच्चों के लिए एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक गतिविधि एक खत मां के नाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए उन्हें पत्र लिखे तथा दिल से थैंक्यू मॉम कहा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अपनी मां के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और कृतज्ञता की भावना विकसित करना था। इस दौरान बच्चों ने अपनी माताओं के लिए सुंदर संदेश लिखे। कई बच्चों ने अपनी मम्मी को स्वयं तैयार किए गए विशेष उपहार भेंट कर उन्हें भावुक कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भावुक पलों को वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से साझा किया। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों और माताओं के बीच विशेष भावनात्मक जुड़ाव देखने को मिला। संस्था की निदेशक मृदुला जैन ने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं। बच्चों के मन में मां के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना विकसित करना ही इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर इशिका, रुचि अरोड़ा, खुशी नामदेव एवं रूबी मित्तल का विशेष सहयोग रहा।

## तालमपुर में पिंजरे में फंसा शावक

**चांदपुर।** क्षेत्र के तालमपुर इलाके में आज सुबह वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक गुलदार का शावक कैद मिला। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल था, जिसके बाद वन विभाग ने इलाके में पिंजरा लगाया था।

शिकार की तलाश में निकला गुलदार का शावक मुर्गियों के लालच में पिंजरे के अंदर चला गया और वहीं फंस गया। सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने जब पिंजरे में गुलदार को देखा, तो मौके पर भीड़ जुट गई। भीड़ बढ़ने से शावक पिंजरे के अंदर बेचैन नजर आया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक गुलदार के शावक को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय ले गई।

# भारतीय जैन मिलन का 61वां स्थापना दिवस मनाने का निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय जैन मिलन के 61वें स्थापना दिवस को इस वर्ष सेवा कार्यों के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आयोजित बैठक में संगठन पदाधिक. ारियों ने विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की।



बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि जैन मिलन इस वर्ष स्थापना दिवस के अवसर पर गौशालाओं में गौसेवा, गरीबों को भोजन वितरण, वस्त्र वितरण सहित अनेक सेवा कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि जैन समाज के इतिहास में अनेक सम्राट हुए हैं, जिनके गौरवशाली इतिहास की जानकारी शाखाओं के माध्यम से पूरे देश में समाज के लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

क्षेत्रीय अध्यक्ष अरिंजय जैन ने शामली जैन समाज की सभी शाखाओं का स्वागत करते हुए संगठन की एकजुटता पर बल दिया। वहीं क्षेत्र मंत्री राकेश जैन ने कहा कि 61वें स्थापना वर्ष को सभी लोग मिलकर उत्साहपूर्वक मनाएंगे। जोनल अधिकारी अभिषेक जैन ने शामली की सभी शाखाओं से और अधिक प्रभावी कार्यक्रम आयोजित करने का आहवान किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जैन, अध्यक्ष अंकित जैन, क्षेत्रीय अध्यक्ष अरिंजय जैन, सचिन जैन भगतजी, अभिषेक जैन, नवीन जैन, राकेश जैन, मुकेश जैन, अर्चना जैन, मोनिका मौजूद रहे।

# लालवाला की सीमाएं सील, बाहरियों पर प्रतिबंध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दो बीघा जमीन को लेकर भड़के जातीय बवाल के बाद रविवार को दूसरे दिन भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के मद्देनजर पूरे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर गांव की सभी सीमाओं को पूरी तरह सील करते हुए बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है।

लालवाला गांव में दो बीघा विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर ठाकुर और अनुसूचित समाज के लोग ओमने-सामने आ गए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में भारी पथराव हुआ था, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा था। इस हिंसक बवाल में तीन महिलाओं सहित आठ लोग घायल हुए थे, जिनका उपचार चल रहा है। गांव में दोबारा कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए रविवार को भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात रही। पुलिस ने गांव के भीतर जाने वाले रास्तों और गलियों में कई जगह मजबूत बैरिकेडिंग की हुई है।



प्रशासनिक अधिकारियों का साफ कहना है कि जब तक गांव की स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाती, तब तक किसी भी बाहरी राजनीतिक या सामाजिक व्यक्ति को गांव के अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### भीम आर्मी के पदाधिकारियों को किया हाउस अरेस्ट

देवबंद। रविवार को भीम आर्मी के पदाधिकारियों के गांव लालवाला पहुंचने की खबर के बाद पुलिस ने गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर बेरिकेटिंग कर दिया। इतना ही नहीं पुलिस ने भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष शौर्य अम्बेडकर समेत अन्य पदाधिकारियों को उनके घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया। भीम आर्मी के संस्थापक सदस्य दीपक बौद्ध ने बताया कि यदि कल तक आरोपी पक्ष के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होती तो 12 मई को सहारनपुर में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन और राष्ट्रीय महासर्. चव कमल वालिया करेंगे।

# प्रभु भक्ति में लीन होना बड़ा कठिन कार्यः लोकनाथ महाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** क्षेत्र के गांव अमरपुरनैन में स्थित श्रीगुरु गोरक्षनाथ गोगाजी मंदिर में लोकनाथ जी महाराज उर्फ राकेश राणा तपती धूप में पंचधूनी तपस्या कर रहे हैं। 41 दिन की तपस्या के छठवें दिन महाराज ने कहा कि प्रभु भक्ति में लीन होना बड़ा कठिन कार्य है।



ध्यानमग्न होते हुए लोकनाथ महाराज ने कहा कि जब व्यक्ति प्रभु की भक्ति में लीन हो जाता है तो उसकी सभी इच्छाओं की पूर्ति ईश्वर स्वयं करते हैं। संतो का मत समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूरकर मनुष्य का कल्याण करते हुए शिक्षा को बढ़ावा देकर नशे जैसी बुरी आदतों से दूर करना है।

उन्होंने कहा कि धर्म की आड़ में धंधा करना या धर्म का दुरुपयोग करना मेरी नजर में अंधविश्वास है। उन्होंने युवा पीढ़ी को धर्म के प्रति सजग रहकर धर्म का आचरण करने की बात कही। व्यवस्थापक शीतलनाथ महाराज ने बताया कि आश्रम के संस्थापक गुरु प्रेमनाथ जी महाराज की बरसी पर 13 जून को यह तपस्या पूर्ण होगी। उसी दिन सत्संग और सुबह में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहे बडगांव निवासी 25 वर्षीय उज्जवल की सडक दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की दो माह पूर्व ही शादी हुई थी।

थाना बडगांव निवासी उज्जवल उत्तराखंड के बहादराबाद में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। रविवार को अवकाश होने के कारण वह शनिवार की शाम बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहा था। देर रात जैसे ही वह बडगांव मार्ग पर भायला गांव के निकट नागदेवता मंदिर पर पहुंचा तो अचानक उसकी किसी वाहन से टक्कर हो गई। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर एकत्रित हुए लोग तुरंत उसे लेकर देवबंद सीएचसी पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सडक हादसे में उज्जवल की मौत की खबर से परिजन भी रोते तड़पने अस्पताल पहुंच गए। बाद में पुलिस ने पंचनामा भर शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

# मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी संवैधानिक शपथ का ईमानदारी से पालन करेंः मदनी

**देवबन्द।** जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि सांविधानिक शपथ केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं बल्कि पद के प्रति कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी का सार्वजनिक स्वीकार है। इसलिए पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी अपनी संवैधानिक शपथ का पूरी ईमानदारी के साथ पालन करें।

जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने जारी अपने बयान में कहा कि पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने राज्यपाल और बंगाल की जनता के सामने जो शपथ ली है उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ पालन करें। मदनी ने कहा कि पूर्व के बयानों में सुवेंदु अधिकारी ने कहा था कि वे सिर्फ हिंदुओं के लिए काम करेंगे। इस प्रकार के बयान भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने, लो. कतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विरुद्ध हैं। कहा कि सत्ता किसी एक धर्म या राजनीतिक समूह की जागीर नहीं बल्कि पूरी जनता की अमानत है, जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई तथा सभी वर्ग शामिल हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि बंगाल की जनता नफरत की सियासत या धार्मिक विभाजन नहीं बल्कि वास्तविक विकास और प्रभावी शासन चाहती है। कहा कि विकास कभी किसी मस्जिद या मंदिर के दरवाजे पर नहीं रुकता इसलिए बुनियादी सुविधाओं को धर्म के आधार पर विभाजित नहीं किया जा सकता।



उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंद्रु अधिकारी के पूर्व में दिए गए बयान का संज्ञान लेने की भी मांग की। क्योंकि वह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का दावा करते हैं।

# आरजेपी में अभिभावक शिक्षक संघ का गठन

**बिजनौर।** आरजेपी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार के संचालन में अभिभावक संघ की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पहली बार सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य एवं अभिभावकों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक संघ स्कूल और माता-पिता के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए मिलकर काम करते हैं। यह संघ माता-पिता को स्कूल की नीतियों, बच्चों की जरूरतों और उनकी प्रगति के बारे में सूचित रखने के साथ-साथ एक सहयोगी शैक्षिक माहौल तैयार करने में मदद करता है। बैठक में अनेक अभिभावकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर शासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश के अनुसार अभिभावक शिक्षक संघ गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अर्जुन सिंह, उपाध्यक्ष एवं संरक्षक प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ, मंत्री (उप प्रधानाचार्य) बालेश कुमार, उप मंत्री शशिबाला, कोषाध्यक्ष कुमार को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक में उप प्रधानाचार्य बालेश कुमार, सुधांश वत्स, नरेंद्र कुमार, एसपी गंगवार, सुधीर कुमार राजपूत, बृजेश कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, चंद्रहास सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, मौहम्मद अनस, करनवीर, रश्मि चौहान, अलका रानी, विनित गहलोत, वाजिद हुसैन, गोपाल त्यागी, शिव कुमार, अमित कुमार, अभय देशवाल, विकास कुमार, विपिन कुमार, शिवम, राजू सिंह, मुन्नू सैनी, मौहम्मद ईशान, गीता देवी, महजबीं, रामगोपाल सिंह, हमेंद्र सिंह, अभिषेक, सलीम अख्तर, फराज नाज, गुलशन सीमा परवीन, यासमीन, अखलीमा, लो. केश कुमार, ममता, निगहत परवीन, मयंक कुमार, मौहम्मद जुबैर, असद, वाजिद, सविता, सोनिया आदि सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहे। बैठक का समापन राष्ट्रगान के बाद हुआ।

# आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद

## गुलदार को देखने के लिए ग्रामीणों का तांता लगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आतंक का पर्याय बना गुलदार आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग ने गुलदार को रेस्क्यू कर पीली बांध चौकी पहुंचाया है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में अभी दो गुलदार और हैं। वन विभाग ने दोनों स्थान पर पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मानियावाला स्थित शहाबुद्दीन के खेत तथा नरेंद्र चौहान के खेतों में दो स्थानों पर पिछले सप्ताह वन विभाग ने पिंजरे लगाए थे। आज प्रातः खेत पर जा रहे किसान परमेंद्र कुमार, रिशभ चौहान, राजवीर सिंह उर्फ अप्पू ने देखा कि यूकेलिप्टिस की टोनिया में लगे पिंजरे में गुलदार फंसा है। किसानों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन कर्मी नईम अहमद व अंकित चौहान मौके पर पहुंचे और गुलदार को पिंजरे सहित रक्स्यू कर पीली बांध चौकी ले गए। वनकर्मी अंकित चौहान ने बताया कि वन विभाग उच्चाधिकारियों के अग्रिम आदेश तक गुलदार को चौकी पर ही रखा जाएगा। गुलदार के पिंजरे में कैद होने की खबर लगते ही भारी संख्या में ग्रामीणों का तांता लग गया।



# टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मदर्स-डे की धूम

## माताओं की शानदार प्रस्तुतियों ने जीता सभी का दिल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व के सम्मान और मां के प्रति प्रेम व सम्मान को व्यक्त करना रहा। विद्यालय की प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर फातिमा साहिबा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में सभी माताओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सबा सिद्दीकी एवं विशिष्ट अतिथि शेफाली रहीं। जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पूजा त्रिपाठी, एकता शर्मा, निर्मला कंवर, रेनू कर्णवाल, इशिता गुप्ता एवं कनिष्का अग्रवाल सहित अन्य माताओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## प्रदेश बार काउंसिल ने किया निलंबन आदेश स्थगित

**बिजनौर।** नजीबाबाद निवासी अधिवक्ता पंकज विश्नोई की शिकायत पर सुनवाई के बाद बार काउंसिल उत्तर प्रदेश प्रयागराज ने 12 अक्टूबर 25 को अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह, जितेंद्र राजपूत और अजय गोयल को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नवल किशोर गौड़, पूर्व अध्यक्ष इमरान मसूद खान के आदेश की अवहेलना करने पर बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज हरिशंकर सिंह ने जांच के बाद इन तीनों अधिवक्ताओं को मिसकंडक्ट किए जाने का दोषी मानते हुए उनका विधिक लाइसेंस पांच वर्ष के निलंबित करते हुए देश में वकालत करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन तीनों अधिवक्ताओं ने इस आदेश के विरूद्ध बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज अपील दायर की। इस पर दो मई को सुनवाई के बार-बार काउंसिल ने 12 अक्टूबर 2025 का आदेश स्थगित कर दिया।

# महिला आयोग सदस्य ने धामपुर पहुंच दर्ज कराए पीड़िता के बयान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पानप दास समाधि स्थल पर धामपुर कोतवाली के कस्बा इंचार्ज ब्रह्मपाल गिरी के साथ हुई मारपीट और छेड़छाड़ प्रकरण में तीसरे दिन भी घटनाक्रम तेजी से बदलता नजर आया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन बिजनौर से धामपुर पहुंचीं और पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पीड़िता के बयान दर्ज कराए। इस दौरान उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं दोबारा जांच कराने, दरोगा का पुनः मेडिकल कराने तथा वीडियो साक्ष्यों के आधार पर दर्ज धाराओं की समीक्षा करने की मांग उठाई।

गौरतलब है कि पांच मई को क्षत्रिय नगर स्थित पानप दास समाधि स्थल पर धामपुर कोतवाली में तैनात दरोगा ब्रह्मपाल गिरी और समाधि स्थल पर रहकर खेती-बाड़ी करने वाले परिवार के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि दरोगा द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया, जिसके बाद महिला के पति और परिवार के अन्य लोगों ने दरोगा के साथ मारपीट कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में ओमवेश और राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया था।

मामले में लगातार नए खुला. सों और वीडियो फुटेज की चर्चा के बीच आज महिला आयोग सदस्य संगीता जैन धामपुर पहुंचीं। उन्होंने क्षेत्राधिकारी अभय पांडेय के कार्यालय में पीड़िता कमलेश के बयान दर्ज कराए। इस दौरान पीड़िता अपने अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष आरके आर्य एड. तथा कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा एड. के साथ मौजूद रही। महिला आयोग सदस्य संगीता जैन ने बताया कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। साथ ही दरोगा ब्रह्मपाल गिरी का दोबारा मेडिकल कराने और वीडियो एविडेंस के आधार पर मामले की समीक्षा करने को कहा गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वायरल वीडियो और उपलब्ध साक्ष्यों में पीड़िता हेमलता का देवर मौके पर दिखाई नहीं दे रहा है, तो उसके खिलाफ गंभीर धाराएं किस आधार पर दर्ज की गईं। उन्होंने कहा कि यह भी जांच का महत्वपूर्ण बिंदु होना चाहिए।संगीता जैन ने कहा कि यदि किसी महिला के साथ छेड़छाड़ जैसी घटना होती है, तो उसका पति शांत नहीं रह सकता। ऐसे में पूरे घटनाक्रम को मानवीय और वास्तविक परिस्थितियों के आधार पर भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला आयोग पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।उधर पुलिस सूत्रों का दावा है कि आश्रम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कई फुटेज पुलिस के हाथ लगी हैं, जिनमें कई अहम तथ्य सामने आने की बात कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार वीडियो रिकॉर्डिंग में कुछ ऐसी गतिविधियां भी दिखाई देने का दावा किया जा रहा है, जिनके आधार पर विभागीय कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है। एसपी के निर्देश पर धामपुर स्तर से तैयार जांच रिपोर्ट पहले ही बिजनौर भेजी जा चुकी है। हालांकि सूत्रों का यह भी कहना है कि पांच मई की कथित छेड़छाड़ की घटना को लेकर जांच अभी जारी है और सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

# सीएचसी शामली के कक्ष में लगी आग, सामान जला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात हुए शॉर्ट सर्किट से सीएचसी शामली के एक कक्ष में आग लग गई। सूचना पाकर पहुंची दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर एक स्कूटी जलकर खाक हो गई। वही कमरे में रखा फर्नीचर पर जलकर नष्ट हो गया है।



गत शनिवार देर रात शामली सीएचसी के इमरजेंसी के बराबर कक्ष में हुए शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। इस दौरान इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने कमरे से धुआ और आग की लपटे निकलती देख शोर शराबा किया और किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग और अधिक भडक गई। जिसके बाद मामले की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से कमरे में रखा फर्नीचर मेज, कुर्सी व एक स्कूटी जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। इसके साथ ही इलैक्ट्रिक वायरल जल जाने से कमरे की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। जिस कारण सोमवार को उक्त कक्ष में कोई कार्य नही हो पायेगा।

## 'एक शाम मरहूम शेर हुसैन उर्फी के नाम' आयोजित

**नजीबाबाद।** गीत गजल संगम एकेडमी के तत्वावधान में एक शेरी नशिस्त उस्ताद शायर शेर हुसैन उर्फी की याद में आयोजित की गई। इस मौके पर शायरों ने शेर हुसैन उर्फी के लिए दुआ ए मगफिरत की गई। शायरों ने अपने कलाम से खिराजे ए अकीदत पेश की। नगर के मौहल्ला सेवाराम में हाफिज शादाब मुल्तानी के निवास पर एक शाम शेर हुसैन उर्फी के नाम आयोजित शेरी नशिस्त को खिताब करते हुए मुख्य अतिथि तसनीम सिद्दीकी ने कहा कि ऐसे इंसान कम मिलते हैं, जिनके दिलों में मौहब्बत व एहतराम कूट कूट करें भरा हो। शेर हुसैन उर्फी एक शायर या इंसान नहीं एक शख्सियत थे। विशिष्ट अतिथि हाजी शमशुल इस्लाम ने कहा कि शेर हुसैन उर्फी का शुमार उस्ताद शायरों में होता था।



# परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव ऐरटी स्थित भारद्वाज दण्डि आश्रम में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन, अतिथि सम्मान समारोह एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन कर धार्मिक एकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय कौशिक, अशवनी शर्मा एवं कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार, भाजपा जिला महामंत्री भूपेंद्र शर्मा, अवर अभियंता अजय शर्मा, समाजसेवी मोहित शर्मा सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।विजय कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम सबके भगवान हैं और समाज को उनके बताए कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। वहीं कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम में सभी की आस्था है तथा बिडौली में बनने वाले भगवान परशुराम चौक निर्माण में छत्तीस बिरादरी का सराहनीय सहयोग मिला है। कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने अधर्म के खिलाफ संघर्ष किया और उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। स्वामी ललितानंद ने सभी अतिथियों को भगवान परशुराम की प्रतिमाएं भेंट कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन बाल किशन शर्मा एवं वीशु शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर शुभम शर्मा, सूरज शर्मा, अर्जुन पण्डित, सोनू शर्मा, अखिलेश भारद्वाज, पिंटू शर्मा, अनुज शर्मा, पारस शर्मा, अंशुल शर्मा, मोंटी शर्मा, शुशील चौहान, अजीत शर्मा, प्रवेश शर्मा मौजूद रहे।

## संगम सम्मान समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा संगम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 के लिए अनुज जैन को सत्र संयोजक, डॉ. अर्जुन वर्मा को अध्यक्ष, डॉ. नीरज वशिष्ठ को सचिव तथा ऋषभ जैन को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगम सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अर्जुन वर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन सभी के सहयोग से पूरी निष्ठा के साथ किया जाएगा तथा संगम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास होगा। इस अवसर पर मुकेश गोयल, सुनील गोयल, अरविंद संगल, आलोक जैन, मुकेश गर्ग, अजय जैन, अनिल बंसल, अजय चौधरी, बृजपाल शर्मा, दीपक शर्मा, विकास शर्मा मौजूद रहे।

# छात्रों के अभिभावकों एवं आचार्यों की गोष्ठी का हुआ आयोजन

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में कक्षा 10 के छात्रों के अभिभावकों एवं आचार्यों की गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष चन्द्रदेव ने की, जबकि संच. ालन सागर कुमार द्वारा किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए अशोक कुमार ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में अभिभावक, छात्र और शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि तीनों मिलकर सामूहिक रूप से कार्ययोजना बनाएं तो छात्रों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों की दिनचर्या, ऋतु के अनुसार वेशभूषा, खान-पान और स्वाध्याय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, तभी छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने अभिभावकों से छात्रों की समस्याओं का समय पर समाधान करने तथा उन्हें तनावमुक्त और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने का आहवान किया। अध्यक्ष चन्द्रदेव ने कहा कि गोष्ठी का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक एवं समग्र प्रगति पर चर्चा करना, विद्यालय में उनकी उपस्थिति और गृहकार्य जैसे बुनियादी पहलुओं पर ध्यान देना तथा छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सहयोग स्थापित करना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद, सुमीत कुमार, गौरव संगल, मलूक चन्द, अमन कुमार, प्रदीप कुमार, अरविन्द कुमार, प्रमोद मौजूद रहे।



# कारोबारी से रुपये लेकर वापस लौट रहे युवक पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के मोहल्ला सैय्यदान निवासी अशरफ पुत्र जिंदा हसन ने थाना भवन थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसका पुत्र सादान 23 उम्र वर्ष दिनांक 7 मई को समय रात्रि 10:30 बजे गांव हसनपुर लुहारी से बाइक द्वारा अपने कारोबारी से हिसाब कर वापस लौट रहा था जैसे ही वह थाना भवन चरथावल बस स्टैंड पर पहुंचा तो वहां पहले से ही जान से मारने की योजना बनाकर खड़े तीन युवकों ने बाइक रूकवाकर प्रार्थी के पुत्र के साथ गाली गलौज कर मारना पीटना शुरू कर दिया जिसमें सादान को काफी चोट आई शोर शराबा सुनकर उधर से गुजर रहे लोग इकट्ठा हो गए मारपीट में सादान की जेब से 35,700 रुपये भी निकल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में सादान को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक्स-रे के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पीड़ित ने जानलेवा हमला करने वाले नामजद तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षक पर पुत्र को बेरहमी से पीटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव गोहरनी निवासी एक व्यक्ति ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर प्राईवेट स्कूल शिक्षक पर पुत्र के साथ बेहरमी से मारपीट कर आंख पर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव गोहरनी निवासी नीटू कुमार ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के भैंसवाल रोड स्थित एक प्राईवेट स्कूल में उसका पुत्र आकांशु कक्षा एक में पढता है। आरोप है कि स्कूल के एक शिक्षक ने अकारण उसके पुत्र की रंजिशन बेहरमी से पिटाई की, जिस कारण उसके पुत्र के आंख पर गंभीर चोट आई है और अंगभंग होने की आशंका है। पीडित ने पुलिस से मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वही पुत्र आकांशु को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## वार्षिकोत्सव में श्रद्धालुओं ने किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रघुनाथ मंदिर सभा पंजाबी कॉलोनी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का भव्य समापन श्रद्धा, उत्साह एवं धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरा वातावरण भजन-कीर्तन एवं सत्संग से भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में साध्वी समाहित, महंत लोकेशदास, श्याम साखीदास, पंडित दिनेश पाठक, रवि पाठक एवं निशांत भागवत पाठक ने अपने भजनों एवं प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन अरविंद संगल, विधायक प्रसन्न चौधरी एवं रालोद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक उपस्थित रहे। सभा पदाधिकारियों ने सभी गायक मंडलों एवं संत-महात्माओं को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर सभा के प्रधान सुभाष चुग ने की। कार्यक्रम में राधेश्याम भारती, यशपाल ठकराल, राहुल दीवाना, कृष्ण जुनेजा, डॉ. हरिओम पाठक, राकेश परुथी, हंसराज अरोरा, शम्मी सेठ, सेवाराम, राजेश सेठी, सोनू मलिक एवं मनोज रसवंत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पत्नी ने पति पर लगाया मारपीट कर तलाक की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** नगर के मोहल्ला हाफिज दोस्त निवासी सन्नो पत्नी जावेद ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि दिनांक 8 मई को समय लगभग 4:30 बजे घर के बाहर दरवाजे पर कपड़े धो रही थी इसी बात को लेकर उसके पति जावेद ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा मुझे तलाक देने की धमकी दी। और अब वह मुझे घर में रखने को मना कर रहा है। पीड़ित ने तहरीर देकर पति के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के निर्देशन में रविबार को मिशन शक्ति फेस-5.2 के अंतर्गत थाना थानाभवन क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल पूनम एवं विनीता द्वारा कस्बा थानाभवन में महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया।इस दौरान महिलाओं को तीन नएआपराधिक कानूनों की जानकारी देते हुए दण्ड से न्याय की ओर अभियान के बारे में बताया गया। साथ ही कहा गया कि नए कानून महिलाओं को अधिक सुरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करने में सहायक साबित होंगे। टीम द्वारा साइबर क्राइम ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध और महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा प्रमुख रहीं।इसके अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना तथा ऑपरेशन सवेरा जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# चेयरमैन ने किया गोशाला का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** चेयरमैन अरविन्द संगल ने नई मंडी स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई, गोवंश के रखरखाव, पानी एवं चारे की व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।



चेयरमैन ने सबसे पहले गौशाला में गोवंश के बीच पहुंचे और उनके खाने की खोर, साफ-सफाई तथा उठने-बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भूसा भंडार के पीछे गंदगी पाए जाने पर उन्होंने संचालन समिति रतन एकता ट्रस्ट के संचालक दिनेश शर्मा को उचित रखरखाव के निर्देश दिए। कई गोवंश खूंटों से बंधे नहीं मिले, जिस पर पालिका अध्यक्ष ने उन्हें निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित ढंग से बांधने के निर्देश दिए। सूचना बोर्ड खाली मिलने पर कहा कि सूचना पत्रों में प्रतिदिन मौजूद गोवंश की संख्या, डाले गए भूसे की मात्रा, प्राप्त दान और अन्य आवश्यक जानकारियां दर्ज होना अनिवार्य है। उन्होंने गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए तथा संच. ालक से गौशाला में आने वाले गोभक्तों और दानदाताओं की सूची भी तलब की।इसके पश्चात पालिका द्वारा गौशाला में कराए गए नवनिर्माण कार्यों, जिनमें नए शेड, खोर और नालियां शामिल हैं, का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अभिषेक गर्ग, मनीष मित्तल, दिनेश विश्वकर्मा, अंकित उपाध्याय, संजय, बिंदर मौजूद रहे।

# खिलती धूप से बढ़ी तपिश, अब बढ़ेगी गर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

शामली। पिछले कुछ दिनों तक हुई बारिश और मौसम में आए बदलाव के कारण लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली हुई थी, लेकिन रविवार को मौसम पूरी तरह साफ होते ही तेज धूप और बढ़ती उमस ने लोगों की परेशानियां फिर बढ़ा दीं। सुबह से ही आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने के कारण दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही काफी कम दिखाई दी। गर्म हवाओं और उमस भरे मौसम के चलते आम जनजीवन प्रभावित नजर आया। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण अधिकांश लोग घरों में ही रहे और जरूरी काम होने पर ही बाहर निकले। जो लोग बाजारों या अन्य कार्यों के लिए बाहर निकले, वे धूप से बचाव के लिए सिर पर कपड़ा, टोपी या छाता इस्तेमाल करते दिखाई दिए। दोपहर के समय मुख्य बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ देखने को मिली। गर्मी बढ़ने के कारण लोगों को पसीना और बेचौनी का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले दिनों हुई बारिश और तेज हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी, जिससे लोगों को राहत मिली थी, लेकिन अब मौसम साफ होने के साथ ही तापमान फिर बढ़ने लगा है। दिन के समय तेज धूप और उमस लोगों को अधिक परेशान कर रही है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उधर, बदलते मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। अस्पतालों और निजी चिकित्सकों के यहां पेट दर्द, बुखार, गले में संक्रमण, खांसी और वायरल जैसी समस्याओं के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण लोग जल्दी बीमार पड़ रहे हैं। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा बाहर से आने के तुरंत बाद अत्यधिक ठंडा पानी या ठंडी चीजों का सेवन न करने की सलाह दी है। इसके अलावा स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मच्छरों से बचाव के लिए घरों के आसपास साफ-सफाई रखने और मच्छरोंधी दवाइयों एवं उपकरणों का इस्तेमाल करने की भी अपील की है, ताकि मौसमी बीमारियों से बचा जा सके।

## टैंकर की टक्कर से कार सवार तीन घायल

**नजीबाबाद।** कोतवाली रोड पर टैंकर ने कार को टक्कर मार दी। जिसमें वार्ड मेंबर समेत तीन घायल हो गए। कोतवाली रोड क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। रामपुर मौहल्ले की वार्ड मेंबर श्रीमती निर्देश और उनके परिजन कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। ड्राइवर की सूझबूझ से कार के ऊपर टैंकर चढ़ने से बच गया। गलत दिशा से टैंकर आया था। सुबह करीब 11 बजे वार्ड मेंबर निर्देश (50 वर्ष) अपने परिजनों और सहयोगियों के साथ कार संख्या यूपी 20 एजे 2343 से नहटौर जा रही थीं। जैसे ही कार मुख्य मार्ग पर पहुंचीं, हादसा हो गया।

# निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लोक स्वास्थ्य सेवा समिति द्वारा हर माह की भांति रविवार को 99वें निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन पालिका मार्केट स्थित हॉस्पिटल रोड पर किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने पहुंचकर नेत्र जांच कराई और निशुल्क चश्मों का लाभ उठाया।

शिविर का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने किया। इस दौरान उन्होंने आयोजित निशुल्क शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि समिति प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को यह शिविर आयोजित करती है। शिविर में कुल 103 जरूरतमंद लोगों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 92 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. अब्दुल बासित ने कंप्यूटराइज्ड मशीन से मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं सावधानियां बरतने की सलाह दी। कुलदीप गोयल ने बताया कि अगले माह आयोजित होने वाला शिविर 100वां विशेष शिविर होगा, जिसमें अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पवन संगल, सचिन गौतम, रवि संगल, नाबील, अंकित, नरेंद्र, मोनू मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद ने किया 108वें सुंदरकांड पाठ का विधिवत आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत विकास परिषद शामली अमृत हस्तिनापुर प्रांत द्वारा देर शाम 108वें सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें महिला पुरूषों ने भारी संख्या में भाग लिया। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार देर शाम शहर के मोहल्ला बडीआल स्थित महादेव मंदिर में भारत विकास परिषद शामली अमृत हस्तिनापुर प्रांत द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ के यजमान अरूण संगल व संजय संगल रहे। मुख्य पुजारी रामगोपाल शर्मा ने सुंदरकांड पाठ विधि विधान संपन्न कराया, जिसके बाद हनुमान की महाआरती की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, व संस्था संस्थापक श्रीपाल गोयल, प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव, प्रांतीय महासचिव एनसी गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से सुंदरकांड पाठ में शामिल रहे यजमान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिसके बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर अध्यक्ष गौरव गोयल, सचिव अंकित गुप्ता, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुच्छल, महिला संयोजिका सपना चौधरी, मानसी गोयल, आर्यवती गोयल, अंकित जैन, अजय संगल, मास्टर प्रमोद कुमार, अमित कुच्छल, विजय संगल, डा. अर्जुन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# उर्विल पटेल के तूफान में उड़ी लखनऊ

## चेन्नई ने लखनऊ को पांच विकेट से हराया, LSG के इंग्लिश की भी 85 रन की धमाकेदार पारी

**13 गेंदों पर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी जड़ की यशस्वी की बराबरी**

**चेन्नई, वार्ता।** उर्विल पटेल की ऐतिहासिक पारी (65) की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को अपने होम ग्राउंड पर लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। इस जीत के साथ ही चेन्नई ने प्वाइंट्स टेबल में भी छलांग (5वें) लगाई है। वहीं लखनऊ हार के बाद आखिरी पायदान पर बनी हुई है। 11 मैच में 8 हार के बाद लखनऊ प्लेऑफ की रेस से बाहर भी हो गई है।

जोश इंग्लिस (85) की फिफ्टी की बदौलत एमए चिदम्बरम स्टेडियम में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाए थे। 204 रन के टारगेट को चेन्नई ने 20वें ओवर में 5 विकेट खोकर चेज कर लिया। 204 रन चेज करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी ने जबरदस्त शुरुआत दी। हालांकि, मैदान पर नजरें जमा चुके संजू को दिग्वेश राठी ने बोल्ड किया। इसके बाद 3 नंबर पर उतरे उर्विल पटेल ने छक्कों में डील करना शुरू किया। उन्होंने 13 गेंदों पर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी जड़ी और यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उर्विल ने 8 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 23 गेंदों पर 65 रन की पारी खेलकर मैच को एकतरफा कर दिया। उर्विल और रुतुराज के बीच 34 गेंदों पर 81 रन की पार्टनरशिप हुई। शहबाज अहमद ने दोनों बल्लेबाजों का विकेट चटकाया। कप्ष्तान रुतुराज (42) अर्धशतक से चूक गए। कार्तिक शर्मा (20) और डेवाल्ड ब्रेविस (10) ने छोटी-छोटी पारियां खेलीं। टॉस हारकर बल्ल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत तूफानी रही। मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस के बीच 31 गेंदों पर 77 रन की पार्टनरशिप हुई। इस साझेदारी को अंशुल कंबोल ने तोड़ा। उन्होंने मार्श (10) को सस्ते में आउट किया। इसके बाद मिडिल ऑर्डर में किसी का बल्ला नहीं चला। जोश ने एक झोर संभाले रखा और 33 गेंदों पर 85 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 10 चौके और 6 छक्के निकले। लोअर ऑर्डर में शाहबाज अहमद के नाबाद 43 रनों की बदौलत लखनऊ का स्कोर 200 के पार पहुंचा। निकोलस पूरन (1) का बल्ला नहीं चला। कप्ष्तान ऋषभ पंत (15) भी सस्ष्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। एडेन मार्कराम 6 के स्कोर पर रन आउट हुए। चेन्नई की ओर से जेमी ओवर्टन को 3 सफलताएं मिली। अंशुल कंबोज के खाते में 2 और नूर अहमद के हिस्से में 1 विकेट आया।


चेन्नई के स्टार गेंदबाज जेमी ओवरटन लखनऊ के बल्लेबाज को आउट करने बाद साथी खिलाड़ियों संग खुशी मनाते हुए।

# आईपीएल से पहले प्रीति जिंटा ने गोल्डन टेम्पल में माथा टेका

**अमृतसर, वार्ता।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और पंजाब किंग्स की को-ओनर प्रीति जिंटा ने रविवार को सचखंड श्री हरमंदिर साहिब (जिसे गोल्डन टेम्पल के नाम से भी जाना जाता है) में माथा टेका और आईपीएल के मौजूदा सीजन में अपनी टीम की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा।

अपनी छोटी सी टीम के साथ, एक्ट्रेस ने 'सरबत दा भला' (सबकी भलाई) के लिए अरदास में हिस्सा लिया और लंगर हॉल में 'सेवा' (स्वैच्छिक सेवा) करते हुए कुछ समय बिताया, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं को खाना परोसा। मंदिर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, जिंटा ने कहा कि उनका यह दौरा एक ईश्वरीय बुलावा था। उन्होंने कहा कि मैं यहां बाबा जी के बुलावे पर आई हूं। 11 तारीख को हमारा एक बहुत अहम मैच है, और मैं यहां टीम की जीत के लिए प्रार्थना करने आई हूं। हमें उम्मीद है कि वाहेगुरु की कृपा से, हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने आने वाले मैच जीतेंगे। एक्ट्रेस ने इस बात को भी माना कि पंजाब फ्रेंच. इजी की राज्य में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। कप्तान श्रेयस अय्यर की स्थानीय लोकप्रियता पर टिप्पणी करते हुए, जिन्हें फैंस ने सरपंच का निकनेम दिया है, जिंटा ने पंजाब के युवाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि यहां के लोगों, खासकर युवाओं से हमें जो प्यार और समर्थन मिलता है, वही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। टीम पर वे जिस तरह से अपना प्यार बरसाते हैं, उसे देखकर दिल खुश हो जाता है। जिंटा का यह दौरा ऐसे अहम मोड़ पर आया है।

# क्या धर्मशाला में होगी कुल्चा की फॉर्म वापसी

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) से धर्मशाला में होगा। यह इस सीजन धर्मशाला का पहला मैच है, जो कि पीबीकेएस का दूसरा घरेलू मैदान है। दोनों टीमें हार से इस मैच में उतर रही हैं।

जहां पहले सात मैचों में अजेय रहने वाली पीबीकेएस को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं डीसी भी अपने घरेलू मैदान दिल्ली से लगातार दो मैचों में हार कर आ रही है। हालांकि पीबीकेएस 10 मैचों में छह जीत के साथ अंक तालिका में अभी भी तीसरे स्थान पर मजबूती से बनी हुई है, वहीं 11 मैचों में सात में हार का सामना कर चुकी डीसी के लिए यह करो या मरो का मुक़ाबला होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 35 मैचों में बहुत ही कांटे का मुक़ाबला रहा है, जिसमें पीबीकेएस ने 18 जबकि डीसी ने 17 मैच जीते हैं। धर्मशाला में हुए दोनों टीमों के बीच चार मैचों में भी मुक़ाबला बराबरी का रहा है और दोनों टीमों ने दो-दो मैच जीते हैं। 2023 से धर्मशाला में हुए पांच मुक़ाबलों में चार में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है, जहां पहली पारी का औसत स्कोर 209/6 है। ऐसे में कोई भी टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 का स्कोर खड़ा करना चाहेगी। आइए डालते हैं इस मैच के कुछ प्रमुख आंकड़ों पर एक नजर। डीसी सलामी बल्लेबाजों के लिए क्या अर्शदीप बनेंगे बाधा? डीसी के सलामी बल्लेबाजों केएल राहुल और पथुम निसंका ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके प्रदर्शन में निरंतरता तो नहीं है, लेकिन ए दोनों ही डीसी के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं पीबीकेएस के स्ट्राइक गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इस सीजन निराश किया है। उनके नाम 10 मैचों में सिर्फ 11 विकेट हैं, जबकि वह 10-42 की इकॉनमी से रन दे रहे हैं। पिछले पांच मैचों में चार में उन्होंने 40 से अधिक रन दिए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में तो उन्होंने चार ओवरों में 68 रन दे दिए थे। हालांकि डीसी के खिलाफ भी इस रन लीक पर लगाम लगने की संभावना कम ही है। राहुल और निसंका को उन्होंने दो-दो बार आउट तो किया है, लेकिन दोनों उन पर क्रमशः 169 और 172 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। डेविड मिलर भी उनका दो बार शिकार हो चुके हैं, लेकिन मिलर भी उन पर 156 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। क्या चहल की होगी फॉर्म वापसी? अर्शदीप की तरह पीबीकेएस के एक और भारतीय स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने भी निराश किया है। नौ में से चार पारियों में उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला है, जबकि उन्होंने 9.53 की महंगी इकॉनमी रेट से रन देते हुए 35.75 की ऊंची औसत से सिर्फ आठ विकेट लिए हैं। हालांकि इस मैच में वह फॉर्म में वापस आ सकते हैं। उन्होंने विपक्षी कप्तान अक्षर पटेल और विपक्षी फिनिशर मिलर को तीन-तीन बार आउट किया है, हालांकि मिलर उन पर 184 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।



# ईरान ने विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए गारंटी की मांग की

**तेहरान, वार्ता।** ईरान ने संकेत दिया है कि वह इस गर्मी में होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा, लेकिन टीम के हिस्सा लेने को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उसने फीफा और टूर्नामेंट के मेजबानों से कई तरह की गारंटी की मांग की है।

ईरानी फुटबॉल फेडरेशन ने कहा कि ईरान टूर्नामेंट में अपनी मान्यताओं, संस्कृति और सिद्धांतों से बिना किसी समझौते के मुक.ाबला करेगा, साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि मेजबानों को हमारी चिंताओं को ध्यान में रखना चाहिए। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ए मांगें तब सामने आईं जब पिछले महीने फीफा कांग्रेस से पहले ईरानी फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष मेहदी ताज को कनाडा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई थी। बाद में ताज ने बताया कि ईरान ने वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए फीफा के सामने 10 शर्तें रखी थीं। यह टूर्नामेंट 11 जून से संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में शुरू होगा। शनिवार को जारी एक बयान में प्रकाशित मांगों में यह गारंटी भी शामिल है कि टीम के साथ यात्रा करने वाले सभी खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों को वीजा मिलेगा, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के साथ अपनी सैन्य सेवा पूरी की है। इस समूह को कनाडा और अमेरिका में एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

**खेल विशेष**

## सोनी बना एशियाई कबड्डी लीग का आधिकारिक प्रसारण साझेदार

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय खेल जगत में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए एशियाई कबड्डी लीग (एकेएल) के आधिकारिक लॉन्च और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ प्रसारण साझेदारी की घोाणा की गई। कबड्डी की भावना, संर्घा और विरासत से प्रेरित एकेएल का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को वैश्विक मंच से जोड़ते हुए एक आधुनिक खेल मंच तैयार करना है। कबड्डी को नई पहचान देने और सीमाओं से परे ले जाने के विजन के साथ शुरू हुई एकेएल ने पिछले कई महीनों में देशभर में अभियान, खिलाड़ी खोज पहल, सामुदायिक कार्यक्रमों और ओपन ट्रायल्स के माध्यम से मजबूत आधार तैयार किया है। खिलाड़ियों, प्रशंसकों और स्थानीय समुदायों से मिले जबरदस्त समर्थन ने यह साबित किया है कि देश में कबड्डी के प्रति गहरा जुनून है और ऐसी लीग की आवश्यकता है जो वास्तव में भारतीय कबड्डी की आत्मा का प्रतिनिधित्व करे।

## यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने एसबी यूथ क्रिकेट क्लब को 153 रनों से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने एस-बी-यूथ क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में रविवार को 153 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, एसबी यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने 40 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 308 रन बनाए, जिसमें पार्थ कुमार बाली 87(60), दक्ष ड्राल 70(54) और दीप ठाकुर 45(18) की शानदार पारियों का योगदान रहा। वहीं एसबी यूथ क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों में यजुर ने 50 रन देकर 3 विकेट और हृदय संसनवाल ने 47 रन देकर 1 विकेट लिया।

## बंगलादेश ने महिला टी- 20 विश्वकप 2026 के लिए टीम का किया ऐलान

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्ईय टीम का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड और वेल्स की मेजबानी में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून से होगी। बंगलादेश की महिला टीम ने इस साल की शुरुआत में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 ग्लोबल क्वालिफायर में हिस्सा लिया था और टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। ग्रुप और सुपर सिक्स स्टेज में बिना हारे रहने के बाद वे प्रतियोगिता में पहले नम्बर पर रहे। टीम 25 मई को स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के बीच त्रिकोणीय-सीरीज के लिए एडिनबर्ग जाएगी, जिसके बाद वे अपने टी-20 वर्ल्ड कप वार्म अप मैचों के लिए लॉफबोरो जाएंगे।

# सबालेंका और पाओलिनी की सनसनीखेज हार

**रोम, वार्ता।** इटेलियन ओपन में शनिवार को कई चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले, जिसमें महिलाओं की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और गत चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी दोनों बाहर हो गईं।

दिन का सबसे बड़ा झटका महिलाओं के सिंगल्स के राउंड ऑफ 32 में लगा, जहां दुनिया की नम्बर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने एक सेट की बढ़त गंवा दी और रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया से 2-6, 6-3, 7-5 से हार गईं। सिर्स्टिया ने बेसलाइन से सबालेंका के साथ जोरदार मुकाबला किया और नेट की ओर आक्रामक रुख अपनाकर बेलारूस की इस खिलाड़ी को बार-बार परेशान किया, जिससे उन्हें दूसरे सेट के आठवें गेम में एक महत्वपूर्ण 'ब्रेक' हासिल हुआ। सबालेंका को सिर्स्टिया के खेल की विविधता का सामना करने में मुश्किल हुई और उन्होंने लगातार 'अनफोर्स्ड एरर' (बिना दबाव के की गई गलतियां) करना शुरू कर दिया। निर्णायक सेट के पांचवें गेम में, सिर्स्टिया ने अपने चौथे 'ब्रेक पॉइंट' के मौके को भुनाते हुए एक और 'ब्रेक' हासिल किया और फिर अपनी सर्विस के साथ मैच जीत लिया, यह किसी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ उनके करियर की पहली जीत थी। जीत के बाद सिर्स्टिया ने कहा कि शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ आप सिर्फ सुरक्षित खेल नहीं खेल सकते। वे आपको जीत थाली में परोसकर नहीं देंगी। आपको जीत खुद हासिल करनी पड़ती है।



# पीठ की सर्जरी के बाद जल्द वापसी करके मैंने गलती की थी: राशिद

**जयपुर, वार्ता।** गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान ने माना कि पिछले साल पीठ की सर्जरी के बाद जल्द वापसी करना उनकी 'बहुत बड़ी गलती' थी, लेकिन आईपीएल 2026 में उन्होंने फिर से अपनी लय हासिल कर ली है।

वह दोबारा गुजरात टाइटंस (जीटी) के लिए मैच जिताने लगे हैं, और इसका ताजा उदाहरण चार विकेट वाला यह प्रदर्शन है, जो उन्होंने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ किया। आईपीएल 2025 में उन्होंने 15 मैचों में सिर्फ नौ विकेट लिए थे। लेकिन राशिद ने इस सीजन शानदार वापसी की है और अब तक 11 मैचों में 15 विकेट ले चुके हैं। राशिद ने कहा कि जब मेरी सर्जरी हुई, मैं सिर्फ दो महीने में मैदान पर लौट आया था और वह मैंने बहुत जल्दबाजी में किया। मुझे लगता है कि उस समय मैंने बहुत बड़ी गलती की। लेकिन मुझे अफगानिस्तान के लिए वापस आना था और वे मैच खेलने थे। मुझे लगता है कि पिछले साल आईपीएल खत्म होने के बाद मुझे दो-तीन महीने का पूरा ब्रेक मिला और मैंने अपनी फिटनेस पर काम करने की पूरी कोशिश की। मैंने अपनी पीठ को फिर से ठीक हालत में लाने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि क्रीज से गुजरते समय जो लय होती है, वही मेरे अंदर से गायब थी। उसके बाद मुझे मैदान पर अच्छा समय मिला और फिर बस उसी लय को मैंने जारी रखा। और जयपुर में वही लय साफ दिखी। जीटी ने सातवें ओवर में राशिद के गेंदबाजी पर आने तक तीन विकेट ले लिए थे। उन्हें पता था कि पिच से मदद मिल रही है। हालांकि आरआर ने तब तक 12-28 की रन रेट से 86 रन बना लिए थे। राशिद ने अपने पहले ही ओवर में दो बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। उन्होंने तेज शुरुआत कर चुके ध्रुव जुरेल को चकमा दिया और फिर डोनोवन फ्रेरा को लेगब्रेक पर पूरी तरह बीट कर दिया। 230 रन का पीछा कर रही आरआर की टीम इसके बाद कभी संभल नहीं सकी। राशिद ने कहा कि हां, जैसे ही मैंने पहली गेंद डाली, मुझे पता चल गया कि यहां मेरे लिए कुछ मदद है।



# चीन को हराकर भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**शंघाई (चीन), वार्ता।** दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त और कुमकुम मोहोद वाली भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को शूट-ऑफ में मेजबान चीन को हराकर शंघाई में हुए तीरंदाजी विश्व कप 2026 में स्वर्ण पदक जीता।

यहां खेले गए मुकाबले में चौथी सीड वाली भारतीय तिकड़ी ने, झू जिगई, हुआंग युवेई और यू की की युवा दूसरी सीड वाली चीनी तीरंदाजी टीम के खिलाफ, चार सेट के आखिर में 4-4 से बराबरी पर रहने के बाद 28-26 से शूट-ऑफ जीता। अंकिता भक्त, जो पेरिस 2024 ओलंपिक्स में धीरज बोम्मादेवरा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं, ने शूट-ऑफ की शुरुआत 9 से की, जिसके बाद कुमकुम ने 10 का स्कोर किया। जीत सुनिश्चित करने के लिए 8 की जरूरत थी, चार बार की ओलंपियन दीपिका ने 9 का स्कोर करके जीत पक्की की। यह दीपिका का 39वां तीरंदाजी विश्व. कप पदक है,

अंकिता का आठवां और कुमकुम मोहोद का पहला। महिला टीम रिकर्व आर्चरी सेमीफाइनल में, भारत ने 10 बार की ओलंपिक चैंपियन और टॉप सीड साउथ कोरिया को 5-1 से हराया था।

रविवार को मिले स्वर्ण पदक के साथ, भारत ने विश्वकप 2026 सीरीज के शंघाई लेग को दो पदक के साथ खत्म किया। भारत के साहिल जाधव ने शनिवार को पुरुषों के इंडिविजुअल कंपाउंड इवेंट में कांस्य पदक जीता। इस बीच, सिमरनजीत कौर रविवार को दक्षिण कोरिया की जांग मिन्ही - जो पहले वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता के खिलाफ मैच 6-4 से हारने के बाद कांस्य पदक से चूक गईं।




# सिनर ने में जीत के साथ इतिहास रचने की मुहिम शुरू की

**रोम, वार्ता।** दुनिया के नम्बर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में सेबेस्टियन ओफनर के खिलाफ सीधी जीत के साथ टेनिस के इतिहास में और ऊंचा मुकाम हासिल करने की अपनी मुहिम शुरू की। रोम में जीत का मतलब होगा कि सिनर नोवाक जोकोविच के बाद सिर्फ दूसरे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जो अपने करियर का 'गोल्डन मास्टर्स' पूरा करेंगे, यानी सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट जीतेंगे।

बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, यह इटेलियन खिलाड़ी इस समय पुरुषों के टूर पर जबरदस्त फॉर्म में है, उसने पिछले पांच मास्टर्स इवेंट जीते हैं और इस सीजन में सिर्फ दो मैच हारे हैं। खचाखच भरे स्टेडियम के सामने, सिनर ने ऑस्ट्रिया के ओफनर को 6-3, 6-4 से हराकर मास्टर्स इवेंट में अपनी लगातार 29वीं जीत दर्ज की। सिनर को इस मैच में किसी भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपनी पहली सर्विस पर सिर्फ छह पॉइंट गंवाए। 24 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल रोम में तीन महीने के डोपिग बैन से वापसी के बाद फाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन वह अपने प्रतिद्वंद्वी कार्लोस अल्काराज से हार गए थे। सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत ही खास टूर्नामेंट रहा है, जिसकी शुरुआत काफी पहले एक वाइल्डकार्ड के साथ हुई थी। हर साल जब आप यहां आते हैं, तो आप थोड़ा पीछे मुड़कर सोचते हैं। मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। चलिए देखते हैं कि अगले राउंड में क्या होने वाला है। सिनर का अगला मुकाबला 26वीं सीड याकूब मेन्सिक - जो इस साल जोकोविच के अलावा उन्हें हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, या ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपीरिन से होगा। सिनर अक्टूबर 2025 में शंघाई के बाद से किसी भी मास्टर्स 1000 इवेंट में नहीं हारे हैं और इस स्तर पर अपने पिछले 60 सेटों में से 58 जीते हैं। पिछले कुछ महीनों में कोई भी सिनर को चुनौती नहीं दे पाया है( पिछले महीने मोंटे कार्लो में जीत के साथ इस इतालवी खिलाड़ी ने अल्काराज से दुनिया का नम्बर एक स्थान वापस हासिल कर लिया है। चूंकि अल्काराज चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए हैं।

# सम्पादकीय

## हाशिये पर महिलाएं

महिला आरक्षण को लेकर लंबे समय से देश में बहस चलती रही है। लगभग हर राजनीतिक दल समय-समय पर महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अधिकार देने की बात करता है और संसद से लेकर सार्वजनिक मंचों तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जब इन दावों की वास्तविकता चुनावों के दौरान टिकट वितरण में दिखाई देती है, तब राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के बीच का अंतर साफ नजर आने लगता है। हाल ही में पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि महिला आरक्षण की जोरदार पैरवी करने वाले अधिकांश राजनीतिक दल वास्तव में महिलाओं को उनका उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए गंभीर नहीं हैं। इन चुनावों में कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ, लेकिन महिलाओं को उम्मीदवार बनाने के मामले में लगभग सभी दलों का रवैया निराशाजनक रहा। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने वाले दल खुद टिकट वितरण में इस आंकड़े के आसपास भी नहीं पहुंच सके। कई दल तो महिलाओं को कुल टिकटों का आधा हिस्सा भी नहीं दे पाए। इससे साफ जाहिर होता है कि महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को लेकर राजनीतिक दलों की प्रतिबद्धता केवल भाषणों और घोषणाओं तक सीमित है। पश्चिम बंगाल का उदाहरण सबसे अधिक चर्चा में रहा। यहां सत्तारूढ़ दल ने 294 सीटों में से केवल 33 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि दूसरी प्रमुख पार्टी ने 291 सीटों में 52 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। आंकड़ों पर नजर डालें तो यह संख्या कुल सीटों की तुलना में बहुत कम है। चुनाव परिणामों में भी महिलाओं की भागीदारी बेहद सीमित दिखाई दी और विधानसभा में पहुंचने वाली महिला प्रतिनिधियों का प्रतिशत दस फीसदी के आसपास ही सिमट गया। यह स्थिति उस राज्य की है जहां महिला नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण की सबसे ज्यादा बातें की जाती हैं। तमिलनाडु में भी हालात बहुत अलग नहीं रहे। सत्ता के करीब पहुंचने का दावा करने वाली पार्टी ने 234 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन केवल 24 महिलाओं को टिकट दिया। इसी तरह असम में सत्ता में आई गठबंधन सरकार ने बेहद कम महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। वहीं खुद को प्रगतिशील और उदारवादी बताने वाले दल भी महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने में पीछे दिखाई दिए। यह तस्वीर बताती है कि विचारधारा चाहे जो भी हो, महिलाओं को राजनीति में बराबरी देने के सवाल पर लगभग सभी दलों का रवैया एक जैसा है। महिलाओं को कम टिकट मिलने का सीधा असर चुनाव परिणामों पर भी दिखाई देता है। जब महिलाओं को पर्याप्त संख्या में चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं मिलेगा, तो स्वाभाविक रूप से विधानसभाओं और संसद में उनकी भागीदारी भी सीमित रहेगी।

## अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया





प्रो. आर.के. जैन

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। खेतों में रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां लगातार विस्तार कर रही हैं और बाजार रंग-बिरंगे पैकेटों से भरे पड़े हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं। यह केवल आर्थिक विषमता नहीं, बल्कि विकास के खोखले मॉडल की सबसे बड़ी हार है। अधिक उत्पादन की लालसा ने जंगल उजाड़े, जलस्रोत खत्म किए और मिट्टी की जीवनशक्ति घटा दी। अब प्रकृति भी उसी विनाश का जवाब दे रही है। कहीं लू फसलें झुलसा रही है तो कहीं बाढ़ महीनों की मेहनत बहा ले जाती है। भूख और पर्यावरण विनाश का यह दुष्चक्र अब इतना भयावह हो चुका है कि यदि इसे समय रहते नहीं तोड़ा गया, तो आने वाला दौर मानव इतिहास का सबसे अंधकारमय अध्याय बन सकता है।

मानव सभ्यता की सबसे भयावह तस्वीर आज आंकड़ों में कैद दिखाई देती है। वर्ष 2025 में लगभग 266 मिलियन लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 673 मिलियन लोग लगातार भूख का सामना कर रहे हैं। अफ्रीका में हर पांचवां व्यक्ति भोजन संकट में जी रहा है। 35.5 मिलियन बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और करीब 10 मिलियन गंभीर स्थिति में हैं। सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि दुनिया की अधिकांश भूख केवल 10 देशों में सिमट चुकी है। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। युद्ध, आर्थिक संकट, बेरोजगारी और जलवायु आपदाएं मिलकर भूख को ऐसा हथियार बना चुकी हैं, जो इंसानी अस्तित्व को भीतर से तोड़ रहा है। अब भूख किसी गरीब राष्ट्र की समस्या नहीं, बल्कि असंतुलित वैश्विक विकास का सबसे भयावह चेहरा बन चुकी है। मानवता को भोजन देने वाली व्यवस्था अब पृथ्वी के विनाश का बड़ा कारण बन चुकी है। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। कृषि अकेले पृथ्वी की आधी रहने योग्य भूमि और 70 प्रतिशत मीठे पानी का उपयोग करती है। वर्ष 2022 में एग्रीफूड सिस्टम ने करीब 16.2 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष उत्सर्जन किया था। पशुपालन से निकलने वाली मीथेन, रासायनिक उर्वरकों से पैदा नाइट्रस ऑक्साइड और जंगलों की कटाई से बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड धरती को लगातार गर्म कर रही हैं। तापमान में हर अतिरिक्त डिग्री वृद्धि प्रति व्यक्ति लगभग 120 कैलोरी प्रतिदिन घटा देती है। यानी अधिक उत्पादन की दौड़ ही भविष्य का भोजन निगल रही है। बदलता जलवायु चक्र अब भूख को और भयावह बना रहा है। मौसम अब अनुमान नहीं, भय का विषय बन चुका है। कहीं महीनों तक बारिश नहीं होती तो कहीं कुछ घंटों की वर्षा पूरी खेती बहा ले जाती है। लू, सूखा, चक्रवात और बाढ़ लगातार फसलों को नष्ट कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अमीर देशों में 41 प्रतिशत और गरीब देशों में 28 प्रतिशत तक उपज क्षमता घट सकती है। सबसे बड़ा संकट छोटे किसानों पर है, जिनके पास न आधुनिक तकनीक, न बीमा और न पर्याप्त संसाधन हैं। कई संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भूख को हथियार बनाया जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो वर्ष 2030 तक लगभग 512 मिलियन लोग भूख की चपेट में आ सकते हैं। पर्यावरण विनाश और भूख अब एक ही संकट के दो चेहरे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक ओर करोड़ों लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। दुनिया में उत्पादित भोजन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो जाता है। यह अपव्यय 8-10 प्रतिशत उत्सर्जन के बराबर है। अमीर देशों की थालियों से फेंका गया भोजन गरीब देशों के बच्चों की भूख बनता है। उधर मिट्टी की उर्वरता घट रही है, भूजल स्तर गिर रहा है और जैव विविधता खत्म हो रही है। रासायनिक खेती ने उत्पादन बढ़ाया लेकिन मिट्टी कमजोर की। अब टिकाऊ विकल्प जरूरी हैं। यदि दुनिया को इस संकट से निकलना है, तो भोजन को व्यापार नहीं, मानव अस्तित्व की जिम्मेदारी मानना होगा। अन्यथा भूख का यह संकट वैश्विक स्थिरता तोड़ देगा। विनाश के बढ़ते साए में रिजनरेटिव कृषि सबसे बड़ी आशा बन चुकी है। यह केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन की नई राह है। कवर क्रॉपिंग, फसल चक्रण, नो-टिल फार्मिंग, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्रिसीजन फार्मिंग मिट्टी को फिर जीवंत बना रही हैं। स्वस्थ मिट्टी अधिक कार्बन सोखती है, कम पानी में बेहतर उत्पादन देती है और जलवायु संकट झेलने की क्षमता बढ़ाती है। माइक्रोबियल इनोकुलेशन और विविध फसल प्रणाली जैव विविधता मजबूत कर रही हैं। क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि छोटे किसानों को मौसम पूर्वानुमान, सटीक सिंचाई और बेहतर बाजार से जोड़ रही है। शोध बताते हैं कि सूखे में भी रिजनरेटिव खेत पारंपरिक खेतों से अधिक उत्पादक रहे।

## श्रीमुख से...

### विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं



उप्र में मंत्रिपरिषद विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं रह गई है और फैसले ऊपर से आने वाली पर्चियों के आधार पर हो रहे हैं, समय बिताने के लिए करना है कुछ काम, वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं, उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ पढ़ी जाएगी, भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है, कूरियर मैसेंजर, जनता पूछ रही है कि फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है कर्मफल-कंसफल का सिद्धांत समझ में आए और कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिले, मूल रूप से व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका लालच और लोभ बुरा होता है, जो दुराचरण का रूप ले लेता है।

-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003

Dainikshahtimes@gmail.com

## देश में लोकतंत्र : हकीकत या केवल भ्रम



तनवीर जाफरी

पिछले दिनों देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए। इनमें सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों की रही। चर्चा का कारण था पश्चिम बंगाल राज्य में पहली बार दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी का सत्ता में आना।

दरअसल पश्चिम बंगाल एक ऐसा राज्य है जहां प्राय: धर्मनिरपेक्ष सत्तारूढ़ दलों का लंबे समय तक राज करने का इतिहास रहा है। मिसाल के तौर पर स्वतंत्रता के बाद 1947 से लेकर 1977 तक यानी लगभग 30 वर्षों तक यहां लगातार कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस शासन में बिधान चंद्र रॉय, प्रफुल्ल चंद्र सेन, और सिद्धार्थ शंकर रे जैसे दिग्गज नेता राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। बाद में 1977 में कांग्रेस को हराकर वाम मोर्चा सत्ता में आया और लगातार 34 वर्षों वामपंथी सरकार का शासन रहा। उसके बाद कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी ने मई 2011 में सत्ता संभाली और मई 2026 तक यानी लगातार 15 वर्षों तक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है। लगातार तीन कार्यकालों तक सत्ता संभालने वाली राज्य की वह पहली महिला मुख्यमंत्री भी रही हैं। 1947 से लेकर 2026 तक राज्य में जितनी भी सरकारें बनीं वे सभी धर्मनिरपेक्ष सरकारें थीं परन्तु यह पहला मौका है जबकि दक्षिणपंथी विचारधारा की भाजपा ने यहां सत्ता संभाली है। 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद जिसतरह सत्ता व अनेक सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग कर,दूसरे राजनैतिक दलों में फूट डालकर या तोड़फोड़कर,भय लालच आदि के बल पर यहां तक कि राज्यपालों के पद का खुला राजनैतिक दुरूपयोग कर देश के अनेक राज्यों में भाजपा द्वारा अपनी सरकारें बनाई गई हैं उसे देखकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की इस बार सरकार बनना कोई खास आश्चर्य का विषय नहीं होना चाहिए।

वैसे भी जिस तरह भाजपा को अपनी मनपसंद यानी साम्प्रदायिकता की पिच पर यहां खेलने का मौका मिला उसमें निश्चित रूप से उसे महारत हासिल हो चुकी है। जिन सुवेन्दु अधिकारी को भाजपा ने अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया है वह भी मूल रूप से तृणमूल कांग्रेस के ही नेता थे परन्तु 2020 में भाजपा में शामिल होकर उन्होंने राज्य में भाजपा के आधार का विस्तार किया। यह वही सुवेन्दु अधिकारी हैं जिन्हें 2014 में नारदा स्टिंग ऑपरेशन मामले में एक फर्जी कंपनी के प्रतिनिधियों से रंगे हाथ नकद रिश्वत लेते हुए एनडीटीवी के मैथ्यू सैमुअल द्वारा किए गए स्टिंग वीडीओ में दिखाया गया था। 2016 में बंगाल में एक चुनावी सभा में नरेंद्र मोदी ने सुवेन्दु जैसे भ्रष्ट व रिश्वतखोर नेताओं का जिक्र भी किया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मार्च 2017 में नारदा स्टिंग ऑप्रेशन की सीबीआई जांच के आदेश भी दिए थे। स्टिंग ऑप्रेशन के बाद, तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ-साथ सुवेन्दु अधिकारी से भी सीबीआई व ईडी ने पूछताछ की थी। बाद में चूंकि सुवेन्दु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए इसलिए उन्हें इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया। सीबीआई ने 2021 में बताया भी कि उन्होंने सुवेन्दु अधिकारी और मुकुल रॉय के खिलाफ जांच के लिए सरकार से आवश्यक मंजूरी न मिलने के कारण कार्रवाई नहीं की। गोया भाजपा की वाशिंग मशीन से पाक साफ होने वाले नेताओं में सुवेन्दु अधिकारी भी मुख्य नेता हैं।

इस समय राज्य में भाजपा के निर्वाचित 207 विधायकों में लगभग 35 विधायक ऐसे हैं जो 2021-2026 के बीच या उससे पहले तृणमूल, कांग्रेस या वामपंथी दलों से आए हुए दलबदलू हैं। बहरहाल सुवेन्दु अधिकारी अपनी जिस विशेषता के चलते भाजपा की आंखों का तारा बने हैं वह है उनके घोर जहरीले व साम्प्रदायिकतावादी बयान। चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव जीतने तक उन्होंने जैसी भाषा का प्रयोग किया है वह किसी धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक देश के किसी नेता की भाषा कतई नहीं कही जा सकती। जैसे कि नंदीग्राम में अपनी जीत के बाद, उन्होंने कहा कि मुसलमान मतदाता कट्टरपंथी हैं और उन्होंने टीएमसी को एकतरफा वोट दिया है। उन्होंने कहा कि नंद. ीग्राम की हिंदू जनता ने मुझे फिर से जिताया। वहां मुसलमान वोट पूरा का पूरा TMC को मिला। इसलिए, मैं अब नंदीग्राम के हिंदुओं के लिए काम करूंगा। इसी तरह उन्होंने मतदान के दौरान एक अत्यंत विवादास्पद बयान देते हुए कहा था कि हिंदू वोट एकजुट होकर बीजेपी को मिले और मुस्लिम वोट टीएमसी को। उन्होंने एक जनसभा के दौरान मुसलमानों को कट्टरवादी कहते हुए कहा था कि कट्टर मुसलमान ममता बनर्जी के साथ हैं। भाजपा की जीत के बाद उन्होंने यह भी कहा था कि वह राज्य के अल्पसंख्यकों के लिए नहीं, बल्कि हिंदुत्व के लिए काम करेंगे। सुवेन्दु अधिकारी की मुसलमानों के प्रति नफरत की पराकाष्ठा को उनके दिसंबर 2025 के उस बयान से भी समझा जा सकता है जिसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों के विरोध में कोलकता में आयोजित एक रैली के दौरान कहा था कि बांग्लादेश को भी ष्उसी तरह सबक सिखाया जाना चाहिए जैसे इजराइल ने गजा को सिखाया। उन्होंने आगे कहा कि हमारे 100 करोड़ हिंदू और हिंदू हितों के लिए काम कर रही सरकार को उन्हें वैसे ही सबक सिखाना चाहिएश। जरा सोचिए जिस गजा नरसंहार को लेकर दुनिया के कई प्रमुख देश इस्राईल से रिश्ते खत्म कर रहे हैं, जिस गजा नरसंहार की वजह से अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने इस्राईली प्रधानमंत्री के विरुद्ध वारण्ट जारी कर रखा है।

## सोमनाथ से सिंदूर तक : पुनरुत्थानशील भारत की भावना





पीयूष गोयल

75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इसने भारत की उस दृढ़ता और संकल्प को पुन: स्थापित किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन का मूल आधार है। इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी। गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहां हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की।

जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया। स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नवस्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक तौर पर विरोध किया। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया। सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुन: स्थापित कर रहा है। इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार के अनेक अवसरों का सृजन हो रहा है। सोमनाथ की ही भांति भारत भी और अधिक सशक्त होकर उभरा है। यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिकता के अद्वितीय संगम के लिए वैश्विक पहचान बना रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया।

योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है। एक दशक बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं।

**( लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं )**



चेन्नई। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ हाथ मिलाते तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री (टीवीके) प्रमुख विजय।

## ईयू एंव ब्रिटेन के ऊर्जा के उपलब्ध विकल्प और सीमित हुए: किरल दमित्रीव

**मास्को।** रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रीव के अनुसार तेल और गैस क्षेत्र में रूस एवं चीन के बीच बढ़ते सहयोग की संभावनाओं के कारण यूरोपीय संघ (ईयू) और ब्रिटेन के लिए ऊर्जा परिदृश्य और भी सीमित हो गया है। दिमित्रीव की यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने शनिवार को कहा था कि रूस और चीन ने ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से गैस और तेल में सहयोग के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए 'उच्च स्तर की सहमति' बना ली है। पुतिन के बयान पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए दिमित्रीव ने कहा कि इतिहास के सबसे खराब ऊर्जा संकट के दौरान यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के पास उपलब्ध ऊर्जा विकल्प अब और भी सीमित हो गए हैं।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय को दी बधाई

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रविवार को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को बधाई देते हुए दोनों क्षेत्रों के ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र किया। दिसानायके ने सोशल मीडिया पर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच यह रिश्ता पीढ़ियों से चले आ रहे लोगों के आपसी जुड़ाव से और मजबूत हुआ है। उन्होंने लिखा कि श्रीलंका और तमिलनाडु इतिहास, संस्कृति, उद्यम और पीढ़ियों से चले आ रहे लोगों के आपसी जुड़ाव से जुड़े हुए हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच भविष्य में अपार आर्थिक संभावनाओं और अवसरों की बात करते हुए कहा कि श्रीलंका और भारत अपने द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा कर रहे हैं।

# इजरायल ने इराक में बनाया गुप्त सैन्य अड्डा: रिपोर्ट

### ईरान पर हवाई हमले करने के लिए, खोज और बचाव दल भी तैनात किए गए

**तेहरान।** इजरायली अधिकारियों ने ईरान के खिलाफ हवाई हमले शुरू करने के लिए इराकी रेगिस्तान में गुप्त सैन्य अड्डा स्थापित किया है। यह जानकारी रविवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों सहित अन्य स्रोतों के हवाले से दी। सूत्रों के अनुसार, इजरायली सेना ने विशेष बलों को रखने के लिए एक ठिकाना बनाया है। यह बेस इजरायली वायु सेना के लिए रसद केंद्र के रूप में भी काम करता है।

सूत्रों का दावा है कि इस बेस की स्थापना ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के ठीक पहले हुई थी। प्रकाशन ने स्पष्ट किया कि वहां खोज और बचाव दल भी तैनात किए गए हैं ताकि विमान गिरने पर इजरायली पायलटों की तलाश की जा सके। एक अनाम सूत्र ने बताया कि इजरायली वायु सेना के विशेष बल, जिन्हें दुश्मन के इलाके में तोड़फोड़ की कार्रवाई का प्रशिक्षण दिया गया है, वे भी इस बेस पर तैनात हैं। सूत्रों ने वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि इराकी रेगिस्तान में स्थित यह इजरायली बेस का पता लगभग मार्च में लगा था। अखबार ने अनाम इराकी सरकारी मीडिया का हवाला देते हुए



■ वॉल स्ट्रीट जर्नल का अमेरिकी अधिकारियों सहित अन्य स्रोतों के हवाले से खुलासा

लिखा कि एक स्थानीय चरवाहे ने इलाके में असामान्य सैन्य गतिविधि, विशेष रूप से हेलीकॉप्टर की उड़ानों की जानकारी दी थी। इसके बाद इराकी बलों को उस सैन्य सुविधा की जांच के लिए भेजा गया लेकिन इजरायल ने हवाई हमलों के जरिए उनकी बढ़त को रोक दिया। अखबार ने इराक में बेस के सटीक स्थान का उल्लेख नहीं किया है। एक अनाम सूत्र ने बताया कि जब ईरानी शहर इस्फहान के पास एक अमेरिकी एफ-15 लड़ाकू विमान को मार गिराया गया था, तब इजरायल ने मदद की पेशकश की थी, लेकिन अमेरिकी सेना ने स्वतंत्र रूप से दोनों पायलटों को बचा लिया। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने आगे कहा कि इजरायल ने इस अभियान की सुरक्षा के लिए हवाई हमले भी किए थे। ईरान के ऊपर एक एफ-15ई फाइटर-बॉम्बर को मार गिराया गया था। तीन अप्रैल को खोज अभियान शुरू हुआ। इसमें दो पायलटों में से एक को जल्द ही ढूंढ़ लिया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पांच अप्रैल की रात को दूसरे पायलट की वापसी का एलान किया। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए। वाशिंगटन और तेहरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई बातचीत बेनतीजा रही, हालांकि दोबारा जंग शुरू होने की कोई खबर नहीं है। फिर भी, अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी है।

# यूएस की परमाणु धमकी बेहद बेतुकी: ईरान

### ट्रम्प की टिप्पणी अमेरिका की कथित 'शांति की इच्छा' से मेल नहीं खाती: इस्माइल बकाई

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कथित परमाणु हमले की चेतावनी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'घृणित बेतुकापन' करार दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह टिप्पणी अमेरिका की कथित 'शांति की इच्छा' से मेल नहीं खाती है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह 'विकृत विडंबना' है कि अमेरिका एक ओर शांति और परमाणु संकट रोकने की बात करता है और दूसरी ओर 'एक बड़ी चमक' जैसी भाषा का इस्तेमाल कर सैन्य धमकी देता है। बकाई ने अपनी पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म 'डा. स्ट्रेंजलव' का उल्लेख करते हुए अमेरिकी बयानबाजी का उपहास भी उड़ाया। यह प्रतिक्रिया ट्रम्प के उस बयान के बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि ईरान के साथ युद्धविराम समाप्त होता है तो आपको जानने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बस ईरान से उठती एक बड़ी चमक दिखाई देगी। उन्होंने यह भी कहा था कि ईरान को समझौते पर जल्द हस्ताक्षर कर देने चाहिए, अन्यथा उसे 'काफी दर्द' झेलना पड़ेगा। इस बीच, मॉस्को में विजय दिवस समारोह के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका-ईरान तनाव को 'बेहद कठिन' स्थिति बताया और कहा कि रूस को उम्मीद है कि संघर्ष जल्द समाप्त होगा। पुतिन ने कहा कि ईरान के परमाणु हथियार विकसित करने के कोई प्रमाण नहीं हैं और विवाद का समाधान कूटनीतिक तरीके से संभव है। उन्होंने कहा कि रूस को ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है जिससे यह संकेत मिले कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि रूस अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम के प्रबंधन में सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि रूस का प्रस्ताव ईरान के संवर्धित यूरेनियम को शांतिपूर्ण परमाणु उपयोग के लिए ईंधन रॉड में परिवर्तित करने पर आधारित है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ईरान को युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्तावित 10 सूत्री समझौता ज्ञापन पर जवाब देने का इंतजार कर रहा है। इस प्रस्ताव में ईरान का परमाणु कार्यक्रम प्रमुख विवादित मुद्दों में शामिल है। अमेरिका ने अब तक रूस के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। अमेरिका की मुख्य चिंता ईरान के लगभग 450 किलोग्राम 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भंडार को लेकर है, जिसे हथियार-स्तरीय 90 प्रतिशत संवर्धन से केवल एक तकनीकी कदम दूर माना जाता है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान के पास लगभग 1,000 किलोग्राम 20 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम और करीब 8,500 किलोग्राम 3.6 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भी मौजूद है।



■ बकाई ने अपनी पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म 'डा. स्ट्रेंजलव' का उल्लेख करते हुए अमेरिकी बयानबाजी का उपहास भी उड़ाया

### आईआरजीसी ने अपने जहाजों पर हमले के खिलाफ अमेरिका को दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरान के प्रमुख सुरक्षा बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना शाखा ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरानी तेल टैंकरों एवं कारोबारी जहाजों के प्रति किसी भी तरह की आक्रामकता दिखाई जाती है तो इस नतीजा क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य केंद्रों में एक और 'शत्रु' के जहाजों पर भारी हमले के रूप में सामने आएगा। ये टिप्पणियां शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में की गईं, जो गुरुवार और शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में और उसके आसपास ईरान और अमेरिका के बीच भड़की छिटपुट झड़पों के बाद आई हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी सेना ने कई ईरानी जहाजों और तेल टैंकरों पर हमला किया है।

### ईरान होर्मुज स्ट्रेट पर पकड़ मजबूती को कर रहा मच्छर बेड़े का इस्तेमाल

**मॉस्को।** ईरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए तेज गति से चलने वाली नौकाओं के एक बड़े नेटवर्क पर निर्भर है, जिसे 'मच्छर बेड़ा' कहा जाता है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में रक्षा विशेषज्ञों के हवाले से यह जानकारी दी गई। रिपोर्टों में कहा गया है कि ईरानी अधिकारी सैकड़ों छोटी, तेज गति से चलने वाली नौकाओं का संचालन करते हैं, जिनमें से कई हल्के हथियारों से लैस हैं, जबकि अन्य अल्प दूरी की मिसाइलों से सुसज्जित हैं। माना जाता है कि ए नौकाएं क्षेत्र में ईरान की असममित नौसैनिक रणनीति की रीढ़ हैं।

## भीषण आत्मघाती हमले से दहला पाकिस्तान

■ विस्फोटक से भरी गाड़ी चेकपोस्ट से टकराई 15 पुलिसकर्मियों की मौत, कई घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बन्नू जिले में शनिवार देर रात एक भीषण आत्मघाती हमला हुआ। मामले में एक आत्मघाती हमलावर ने बारूद से भरी अपनी गाड़ी को फतेह खेल पुलिस चेकपोस्ट में दे मारी। इस जोरदार धमाके में 15 पुलिसकर्मियों की जान चली गई और तीन अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है। धमाका इतना जोरदार था कि पुलिस चेकपोस्ट पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया।

बन्नू के डीआईजी सज्जाद खान ने बताया कि विस्फोट से भारी तबाही हुई और कई जवान मलबे के नीचे दब गए। बचाव दल ने रात भर चले अभियान के बाद मलबे से तीन पुलिस अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को तुरंत जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डीआईजी ने जाकर उनके इलाज का जायजा लिया। अधिकारियों ने मृतक जवानों की पहचान कर ली है। इनके नाम रहमत अयाज, सनाउल्लाह, नियाज अली, हबीब, सादुल्लाह जान, कामरान (पुत्र खान सिकंदर), एक अन्य कामरान, नूरुल्लाह, आबिद जानी, इमरान, कलीमुल्लाह, सादिकुल्लाह, मुनीर आलम खान, राहतुल्लाह खान और फारूक हैं। घायल जवानों के नाम मुजरिम फिरोज, हयातुल्लाह और कदरुल्लाह बताए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज जिले के दूर-दराज के इलाकों तक सुनी गई। धमाके से आसपास के घरों और नागरिक इमारतों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। चश्मदीदों का कहना है कि धमाके की वजह से कई घरों की छतें गिर गईं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। इससे पहले रविवार को, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने बलूचिस्तान के अलग-अलग इलाकों में 10 आपरेशनों की जिम्मेदारी ली है।

## दोहा के पास मालवाहक जहाज अज्ञात मिसाइल की चपेट में आया

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा से 23 समुद्री मील उत्तर-पूर्व में एक मालवाहक जहाज 'अज्ञात मिसाइल' की चपेट में आ गया। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने यह जानकारी दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी एक बयान में यूकेएमटीओ ने बताया कि जहाज पर आग लग गई थी, जिस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। एजेंसी ने कहा कि जहाज पर मामूली आग लगी थी जिसे बुझा दिया गया है, कोई हताहत नहीं हुआ है। बयान के अनुसार, बल्क कैरियर के कैप्टन ने सूचना दी कि रविवार को खाड़ी में यात्रा के दौरान जहाज किसी अज्ञात वस्तु से टकराया था।

# इजरायली हमले में 39 लोगों की मौत: लेबनान

### दक्षिणी शहर सकसाकियाह पर हुए एक इजरायली हमले में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोग मारे गए

**बेरूत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल द्वारा लेबनान में किए गए भीषण हमलों में 39 लोग मारे गए। यह जानकारी बीबीसी ने रविवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर सकसाकियाह पर हुए एक इजरायली हमले में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोग मारे गए।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वह लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह को निशाना बना रहा था और निर्दोष नागरिकों को हुए नुकसान की रिपोर्टों से अवगत था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 16 अप्रैल को इजरायल और लेबनान की सरकारों के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद से इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच गोलीबारी जारी है। इजरायल के अधिकांश हवाई हमले दक्षिणी लेबनान में हुए हैं और आईडीएफ का कहना है कि वह ईरान समर्थित मिलिशिया और राजनीतिक दल हिजबुल्लाह से जुड़ी अवसंरचना और लोगों को निशाना बना रही है। शनिवार को लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएएनए) ने सकसाकियाह सहित पूरे दक्षिण में इजरायली हमलों की सूचना दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में शुरुआती तौर पर सात लोग मारे गए, जिनमें एक लड़की भी शामिल है और 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। आईडीएफ ने कहा कि उसने इलाके में सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत के अंदर से सक्रिय हिजबुल्लाह आतंकवादियों पर हमला किया। उसने आगे कहा कि हमले से पहले, नागरिकों को होने वाले नुकसान के जोखिम को यथासंभव कम करने के लिए कदम उठाए गए, जिनमें सटीक गोलाबारी और हवाई निगरानी शामिल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले सप्ताह इजरायली हमलों में पूरे देश में 120 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मंत्रालय लड़ाकों एवं नागरिकों में कोई अंतर नहीं करता है। इजरायली सेना ने सीमा के साथ लेबनानी भूमि की एक पट्टी पर भी कब्जा कर रखा है और अधिकारियों का कहना है कि इसका उद्देश्य इजरायल के उत्तरी समुदायों की रक्षा के लिए हिजबुल्लाह-मुक्त सुरक्षा क्षेत्र बनाना है।



■ पिछले सप्ताह इजरायली हमलों में पूरे देश में 120 से अधिक लोग मारे गए जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने कतर के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मियामी में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका फरवरी के अंत में शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के अपने नवीनतम प्रस्ताव पर ईरान के जवाब का इंतजार कर रहा है। इस दौरान चर्चा मुख्य रूप से ईरान संकट, रक्षा सहयोग और पश्चिम एशिया में स्थिरता बनाए रखने के व्यापक प्रयासों पर केंद्रित रही। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि रूबियो ने कई क्षेत्रों में कतर की साझेदारी की सराहना की और खतरों को रोकने तथा क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए वॉशिंगटन और दोहा के बीच निरंतर घनिष्ठ समन्वय पर जोर दिया। रूबियो ने कतर की रक्षा क्षमताओं के लिए अमेरिकी समर्थन पर और क्षेत्रीय सुरक्षा बनाए रखने में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख किया। रूबियो ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि चर्चा में 'कतर की रक्षा के लिए अमेरिकी समर्थन' शामिल था।




## यूक्रेन संघर्ष समाप्ति की ओर अग्रसर: पुतिन

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष समाप्त होने वाला है। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की जीत के उपलक्ष्य में मस्को में आयोजित एक सीमित सैन्य परेड के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

यह जानकारी बीबीसी ने रविवार को दी। सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण रूस की वार्षिक परेड में टैंकों एवं मिसाइलों का सामान्य प्रदर्शन नहीं हुआ क्योंकि अधिकारियों को आशंका थी कि यूक्रेन ड्रोन से रेड स्क्वायर को निशाना बना सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता से मास्को और कीव के बीच अंतिम समय में हुए युद्धविराम ने किसी भी हमले के खतरे को कम कर दिया और परेड बिना किसी रुकावट के संपन्न हुई। पुतिन की ये टिप्पणियां उनके विजय दिवस भाषण के कुछ ही घंटों बाद आईं जिसमें उन्होंने युद्ध को जायज ठहराया था। उस भाषण में उन्होंने कहा कि रूस एक न्यायपूर्ण युद्ध लड़ रहा है और यूक्रेन को एक आक्रामक शक्ति करार दिया जिसे नाटो के पूरे गुट द्वारा हथियार और समर्थन दिया जा रहा है। बाद में, जब एक संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम देशों द्वारा यूक्रेन की मदद करने के बारे में पूछे गए सवाल पर पुतिन ने कहा कि उन्होंने (पश्चिम ने) सहायता का वादा किया और फिर रूस के साथ टकराव को हवा देना शुरू कर दिया जो आज तक जारी है। मुझे लगता है कि मामला अब सुलझने वाला है लेकिन यह एक गंभीर मामला है।

■ पुतिन की ये टिप्पणियां उनके विजय दिवस भाषण के कुछ ही घंटों बाद आईं

